







# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्षः 14 | अंकः 264

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

शनिवार | 08 जुलाई, 2023


## पीएम ने गोरखपुर में वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई, गीता प्रेस के समारोह में बोले, यह ट्रस्ट नहीं, आस्था है, किताबों से घर-घर में संस्कृति पहुंचाई

# हर-हर महादेव

## से पीएम मोदी ने शुरू किया संबोधन, बोले, सावन में बनारस आने से धन्य

**जन एक्सप्रेस। वाराणसी**

पीएम मोदी शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे। पीएम ने 12,110 करोड़ रुपए की 29 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। भारत माता की जय, हर-हर महादेव, माता अन्नपूर्णा के जयकारे के साथ पीएम मोदी ने भोजपुरी में कहा, 'जे काशी आई उ अब खाली हाथ ना जाई।' पीएम ने कहा, 'सावन की शुरुआत में बनारस का साथ हो तो जीवन धन्य हो जाता है।' पीएम ने कहा, 'जिन दलों ने अतीत में भ्रष्ट और नाकाम सरकारें चलाईं, वे आज लाभार्थी का नाम सुनकर तिलमिला जाते हैं। आजादी के इतने साल बाद लोकतंत्र का लाभ अब सही मायने में, सही लोगों तक पहुंचा है। पहले लोकतंत्र के नाम पर गिने-चुने लोगों के हित साधे जाते थे, गरीबों की कोई पूछ नहीं थी।



### भाजपा सरकार में सब कुछ डायरेक्ट मिल रहा है

पीएम ने कहा, आज काशी सहित उत्तर प्रदेश को 12 हजार करोड़ की परियोजनाओं का उपहार मिला है। हमने काशी की आत्मा को बनाए रखते हुए नूतन काया का संकल्प लिया है, ये उसका विस्तार है। इनमें रेल, रोड, पानी शिक्षा, टूरिज्म से जुड़े प्रोजेक्ट, घाटों के पुर्नविकास के प्रोजेक्ट हैं। इन विकास कार्यों के लिए बधाई। पीएम ने कहा, 卐पहले की सरकारों में योजनाएं एयरकंडिशन कमरों में बनती थीं। जमीन पर क्या हो रहा है, उन्हें पता ही नहीं चलता था। भाजपा सरकार में लाभार्थियों को बेनफिट भी डायरेक्ट और फीडबैक भी डायरेक्ट है।

### 17.56 करोड़ से होगा मणिकर्णिका घाट का जीर्णोद्धार

29 परियोजनाओं में मणिकर्णिका और हरिश्चंद्र घाट का सौंदर्यीकरण शामिल है। जयपुर और चुनार के गुलाबी पत्थरों से नागर शैली में दोनों घाटों को सजाया जाएगा। मणिकर्णिका घाट से तारकेश्वर मंदिर तक घाट का सौंदर्यीकरण सीएसआर फंड से होगा। मणिकर्णिका घाट के जीर्णोद्धार के काम में 17.56 करोड़ के खर्च का अनुमान है।

### 12 हजार करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाजिदपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे। लोकसभा चुनाव से पहले देश की जनता को साधेंगे। इस दौरान वाराणसी समेत पूर्वांचल को 12,110 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात देंगे। जनकल्याणकारी योजना के लाभार्थियों से संवाद भी करेंगे। इसके लिए वाराणसी सहित आसपास के जिलों से 14 हजार लाभार्थी बुलाए गए हैं।

### आज बजट की कोई कमी नहीं है

पीएम ने कहा, 'आज गरीब कल्याण हो या फिर इंफ्रास्ट्रक्चर, बजट की कोई कमी नहीं है। वही करदाता हैं, वही सिस्टम है। सरकार बदली है, नीयत बदली है, तो परिणाम भी बदले दिख रहे हैं। जिन लोगों ने देश पर दशकों तक राज किया, उनके शासन के मूल में भी बेइमानी रही है। जब ऐसा होता है तो चाहे कितना भी धन इकट्ठा हो तो कम ही पड़ता है। 2014 से पहले भ्रष्टाचारियों की ऐसी ही सरकारें चलती थी।

### सीएम योगी बोले, पीएम ने काशी को नई पहचान दी

सीएम योगी ने पीएम का स्वागत किया। योगी ने कहा, '2014 में वाराणसी से संसद चुने जाने के बाद प्रधानमंत्री ने यहां की काया बदल दी। काशी को नई पहचान दी। बीते नौ साल में हर मामले में काशी और समृद्ध हुई है। काशी विश्वनाथ धाम के निर्माण से नई पहचान बनी है। संस्कृति और समृद्धि का नया रूप काशी में देखने को मिल रहा है।' उन्होंने कहा, 'विकास और विरासत की जिस परंपरा की शुरुआत 2014 में पीएम ने काशी से शुरू किया, आज उसकी एक नई कड़ी को जोड़ने के लिए काशी में आए हैं। पीएम मोदी को हर समय काशी की समृद्धि के लिए चिंता होती है। चिंता और चिंतन ही हम लोगों को आगे बढ़ा रही है। जिस आस्था के लिए भारत तरसता था, उसका एक मूर्त रूम काशी में दिखता है।'



### पीएम मोदी के हाथों गोरखपुर को मिली रफ्तार, सुविधा और विकास की सौगात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार दोपहर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में गोरखपुर को रफ्तार और विकास की सौगात दी। पीएम ने गोरखपुर से वाया अयोध्या, लखनऊ तक चलने वाली सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही गोरखपुर रेलवे स्टेशन के कायाकल्प वाली पुनर्विकास परियोजना का भी शिलान्यास किया। गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह से ही पीएम मोदी ने जोधपुर-अहमदाबाद (साबरमती) वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने प्लेटफॉर्म नम्बर एक पर रखे गोरखपुर जंक्शन स्टेशन पुनर्विकास परियोजना का मॉडल का अवलोकन करने के बाद रिमोट का बटन दबाकर इस परियोजना का शिलान्यास किया। इसके बाद उन्होंने जोधपुर-अहमदाबाद वंदे भारत का वर्चुअल शुभारंभ किया। तत्पश्चात प्रधानमंत्री ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में गोरखपुर-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल, चेयरमैन रेलवे बोर्ड अनिल लोहाटी, पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक चंद्रवीर रमण आदि भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### गीता प्रेस ने पहुंचाई घर-घर में हमारी संस्कृति और विरासतः पीएम मोदी

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विरासत और विकास दोनों एक साथ चलेंगे। गीता प्रेस विश्व का इकलौता ऐसा प्रिंटिंग प्रेस है जो संस्था नहीं है बल्कि जीवंत आस्था है। गीताप्रेस किसी भी मंदिर से कम नहीं है, इसके नाम में भी गीता है और काम में भी गीता। कहा कि 100 वर्षों से यह संस्था पूरी मानवता को प्रकाश दे रहा है। धार्मिक पुस्तकों के माध्यम से मार्गदर्शन कर रहा है। हमारी सरकार ने गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार दिया है, यह सम्मान गीता प्रेस के 100 वर्षों के विरासत का सम्मान है। मैंने सोशल मीडिया पर गोरखपुर स्टेशन की फोटो डाला तो लोग हैरान हो गए। पीएम ने कहा कि यह गीता प्रेस का कार्यालय करोड़ों लोगों के लिए मंदिर है। यहां गीता का नाम है, इसका मतलब यहां कृष्ण हैं। प्रधानमंत्री मोदी, शुक्रवार को गीता प्रेस के शताब्दी वर्ष समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संतों की सदस्य कभी निष्फल नहीं होती। इसी संकल्प का परिणाम है कि आज हमारा भारत सफलता के नित नए आयाम को छू रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गीता प्रेस ने घर-घर में हमारी संस्कृति और विरासत को पहुंचाया है। गीता प्रेस इस बात का प्रमाण है कि अगर मूल्य व उद्देश्य पवित्र हों तो सफलता पर्याय बन सकती है। पीएम मोदी ने कहा अपना देश विकास और विरासत दोनों को साथ लेकर चल रहा है। काशी और अयोध्या इसका सटीक उदाहरण हैं।



### गीता प्रेस भारत को जोड़ती है

गीता प्रेस भारत को जोड़ती है। देशभर में इसकी 20 शाखाएं हैं। देशभर के हर रेलवे स्टेशन पर गीता प्रेस का स्टॉल देखने को मिलता है। 1600 प्रकाशन होते हैं। गीता प्रेस एक भारत श्रेष्ठ भारत को, प्रतिनिधित्व देती है। गीता प्रेस ने 100 वर्ष का सफर ऐसे समय में पूरा किया है। जब देश आजादी के 75 वर्ष पूरे होने का उत्सव मना रहा है। इससे पहले पीएम ने लीला चित्र मंदिर को देखा। यहां टेसू के फूलों से बने 675 साल पुराने राम-कृष्ण के चित्र को देखा। पहली प्रिंटिंग मशीन भी देखी। गीता प्रेस से करोड़ों किताब प्रकाशित हो चुकी हैं। ये किताब लागत से कम मूल्य पर बिकती हैं। घर-घर पहुंचाई जाती है।

**अब ना ही कोई भेदभाव और ना ही कोई भ्रष्टाचार**: पीएम मोदी ने कहा कि जिन दलों ने अतीत में भ्रष्ट और नाकाम सरकारें चलाईं, वे आज लाभार्थी का नाम सुनकर तिलमिला जाते हैं। आजादी के इतने साल बाद लोकतंत्र का लाभ अब सही मायने में, सही लोगों तक पहुंचा है। पहले लोकतंत्र के नाम पर गिने-चुने लोगों के हित साधे जाते थे, गरीबों की कोई पूछ नहीं थी। भाजपा सरकार में लाभार्थी वर्ग सच्चे सामाजिक न्याय और सच्चे सेक्युलरिज्म का उदाहरण बन गया है। जिन लोगों ने देश पर दशकों तक राज किया, उनके शासन के मूल में भी बेइमानी रही है। जब ऐसा होता है तो चाहे कितना भी धन इकट्ठा हो तो कम ही पड़ता है।

## छत्तीसगढ़ को एटीएम समझती है कांग्रेसः मोदी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रायपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार सुबह 10:45 बजे रायपुर पहुंचे और साइंस कॉलेज ग्राउंड से 7 हजार करोड़ रुपए की योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री के साथ मंच पर राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मनसुख मांडविया भी मौजूद थे। इस बीच पीएम ने बिलासपुर में बस हादसे में भाजपा के तीन कार्यकताओं के निधन पर श्रद्धांजलि भी दी। प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा- आज जिन योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया गया है, उससे छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा और बेहतर होगी। प्रधानमंत्री ने इसके बाद साइंस कॉलेज ग्राउंड में ही भाजपा की विजय संकल्प रैली को संबोधित किया। पीएम ने कहा- छत्तीसगढ़ का निर्माण भाजपा ने किया है। यहां के लोगों को भाजपा ही समझती है। पिछले चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने गंगा जी की झूठी कसम खाई। शराबबंदी



समेत 36 वादे किए, लेकिन वादे पूरे नहीं किए, बल्कि हजारों करोड़ का शराब घोटाला कर दिया। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचार और कुशासन का मॉडल है। उन्होंने कहा- आज सुबह यहां रैली में आ रहे छत्तीसगढ़ की तीन संतानों की एक बस हादसे में दुःखद मृत्यु हो गई। इस हादसे में कुछ लोग जख्मी भी हुए हैं। जिनका निधन हुआ है मैं उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं और जो लोग जख्मी हुए हैं, उनके इलाज में भी हरसंभव मदद की जा रही है।

### कांग्रेस का पंजा लूट-लूट कर बर्बाद कर देगा

छत्तीसगढ़ वह राज्य है, जिसके निर्माण में भाजपा की प्रमुख भूमिका रही है। भाजपा ही छत्तीसगढ़ के लोगों को समझती है, उनकी जरूरतों को जानती है। छत्तीसगढ़ के विकास के सामने एक बहुत बड़ा पंजा दीवार बनकर खड़ा हो गया है। ये कांग्रेस का पंजा है, जो आपसे आपका हक छीन रहा है। इस पंजे ने ठान लिया है कि वह छत्तीसगढ़ को लूट-लूट कर बर्बाद कर देगा।

### झूठी कसम खाने का पाप कांग्रेस ही कर सकती है


गंगा जी की झूठी कसम खाने का पाप कांग्रेस ही कर सकती है। गंगा जी की कसम खाकर इन्होंने एक घोषणा-पत्र जारी किया था और उसमें बड़ी-बड़ी बातें की थीं। आज उस घोषणा-पत्र की याद दिलाते ही कांग्रेस की याददाश्त ही चली जाती है। कांग्रेस के कोर-कोर में करप्शन है।

# बालासोर ट्रेन हादसे में 3 रेल अफसर अरेस्ट

## सीबीआई ने इन पर गैर-इरादतन हत्या और सबूतों को मिटाने का केस दर्ज किया

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

ओडिशा के बालासोर में पिछले महीने हुए ट्रिपल ट्रेन हादसे में सीबीआई ने शुक्रवार को तीन रेल कर्मचारियों को गिरफ्तार किया। इनमें सीनियर सेक्शन इंजीनियर अरुण कुमार मोहंता, सेक्शन इंजीनियर मोहम्मद आमिर खान और टेक्नीशियन पप्पू कुमार शामिल हैं। तीनों पर गैर इरादतन हत्या और सबूत मिटाने का आरोप है। इस हादसे में 293 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और 1,000 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। सूत्रों का कहना है कि इन तीनों की लापरवाही के कारण ही हादसा हुआ। सूत्रों का यह भी दावा है कि तीनों आरोपी जानते थे कि उनकी लापरवाही से बड़ा हादसा हो सकता है। दुर्घटना की जांच कर रहे रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने पिछले सप्ताह हादसे के लिए सिग्नलिंग विभाग के कर्मचारियों की मानवीय भूल को जिम्मेदार ठहराया था।


फाइल फोटो

### सीआरएस की रिपोर्ट में क्या था

बालासोर रेल हादसे की सीआरएस की जांच रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि इस दुर्घटना के लिए सिग्नल एंड टेलीकॉम विभाग में कई स्तरों पर खामियां जिम्मेदार थीं। सिग्नल सर्किट डायग्राम में गड़बड़ी नहीं हुई होती तो 293 यात्रियों की जान नहीं जाती। भविष्य में इस वजह से दुर्घटना न हो, इसके लिए सीआरएस ने 14 बिंदुओं पर अपनी सिफारिश पेश की है।

### जांच रिपोर्ट का निष्कर्ष

दक्षिण पूर्व सर्किल कोलकाता के सीआरएस एएम चौधरी ने जांच रिपोर्ट में कहा है कि सिग्नल सर्किट के डायग्राम में हुई गलतियों के कारण क्रॉसिंग गेट संख्या-94 के पास कोरोमंडल एक्सप्रेस को गलत सिग्नल मिल गया। अप मेन लाइन को अप लूप लाइन क्रॉस ओवर 17 ए/बी से जोड़ने वाला क्रॉस ओवर लूप लाइन पर सेट किया गया था। गलत सिग्नल के कारण कोरोमंडल एक्सप्रेस अप लूप लाइन पर चली गई। वहां खड़ी मालगाड़ी के पीछे वाले वैगन से टकरा गई।

**खामी-1:** क्रासओवर 17 ए/बी विफल हो गया। डेटा लॉगर की जांच में पता चला कि प्वॉइंट को रिवर्स से सामान्य होने में तिगुना समय लगा। सामान्यतः इसमें 13-14 सेकेंड का समय लगता है। लेकिन, घटना के दौरान इसमें 37 सेकेंड लगा।

**खामी-2:** शाम 4.23 से 6.08 बजे तक छह ट्रेनों को अप मेन लाइन से गुजारा गया क्रॉसओवर 17 ए/बी सामान्य के साथ।

**खामी-3:** जैसे ही ट्रेन 12841 अप होम सिग्नल से आगे बढ़ी, ट्रैक सर्किट क्रम में गिर गया। बाद में UMT1 गिरा दिया गया। जिससे ट्रेन क्रॉसओवर 17 ए/बी रिवर्स के साथ अप लूप लाइन में जाने लगी।

**खामी-4 :** बहनागा बाजार स्टेशन पर एलसी-94 के ईएलबी प्रतिस्थापन कार्य के लिए सिग्नल एंड टेलीकॉम स्टाफ को एलसी-79 के वायरिंग डायग्राम की आपूर्ति की गई थी। यह एक गलत कदम था, जिस कारण गलतियां हुईं। अधिकारी सतर्क रहते तो शायद हादसा नहीं होता।

### भारत-पनामा ने चुनावी सहयोग पर समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय निर्वाचन आयोग और पनामा के निर्वाचन न्यायाधिकरण (ईटी) ने शुक्रवार को चुनाव प्रबंधन और प्रशासन के क्षेत्र में अपने चल रहे सहयोग के लिए संस्थागत ढांचा स्थापित करने के लिए पनामा शहर में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसके साथ, ईसी ने अधिक देशों के साथ अपने चुनावी सहयोग का विस्तार किया है। इससे पहले, उसने ब्राजील, चिली और मैक्सिको के साथ इसी तरह के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। दो चुनाव प्रबंधन निकायों के बीच सहयोग और ज्ञान के आदान-प्रदान को मजबूत करने पर पनामा के चुनावी न्यायाधिकरण के पीठासीन मजिस्ट्रेट अल्फ्रेडो जुंका वेंडेहाके के साथ बातचीत की।

**समीक्षा** आयोग की भर्ती परीक्षाओं में गलत सवाल पूछे जाने, गलत विकल्प दिए जाने, मूल्यांकन व इंटरव्यू में विवाद होने की वजह से यह कड़ा फैसला लिया

# 'पश्चाताप' कर खुद को सुधार रहा यूपी लोक सेवा आयोग

- यूपीपीएससी ने 100 विषय विशेषज्ञों को पैनल से बाहर कर दिया
- गलत सवालों की वजह से लगातार आयोग की छवि धूमिल हो रही थी
- परीक्षार्थी हाईकोर्ट चले जाते थे और भर्ती परीक्षाएं लंबित हो जाती थीं

**जन एक्सप्रेस। डॉ.वैभव शर्मा**




**लखनऊ।** यूपी लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने 100 विषय विशेषज्ञों को पैनल से बाहर कर दिया है। आयोग की भर्ती परीक्षाओं में प्रश्नपत्रों में गलत सवाल पूछे जाने, गलत विकल्प दिए जाने, मूल्यांकन व इंटरव्यू में विवाद होने की वजह से आयोग (यूपीपीएससी) ने यह कड़ा फैसला लिया है। गलत सवालों की वजह से आयोग की छवि धूमिल हो रही थी। इसकी वजह से तमाम परीक्षार्थी इलाहाबाद हाईकोर्ट की शरण में चले जाते थे और भर्ती परीक्षाएं लंबित हो जाती थी। यूपीपीएससी ने भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता लाने के लिए 100 विषय विशेषज्ञों को पैनल से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। आयोग ने विषय विशेषज्ञों के खिलाफ साल भर के अंदर यह दूसरी बड़ी कार्रवाई की है। इससे पहले भी आयोग ने 22 अगस्त 2022 को लगभग 80 विषय विशेषज्ञों को पैनल से बाहर कर दिया था। यूपीपीएससी के अधिकारियों का कहना है कि गुणवत्तापूर्ण कार्य न करने वाले विषय विशेषज्ञों पर यह कार्रवाई की गई है।

### संघ लोक सेवा आयोग की तर्ज पर देश भर से विशेषज्ञों का पैनल तैयार होगा

यूपीपीएससी ने साफ किया है कि भविष्य में भी विषय विशेषज्ञों के कार्यों की समीक्षा होती रहेगी। आयोग ने भर्ती परीक्षा प्रक्रिया में गुणवत्तापूर्ण सुधार लाने के लिए समीक्षा की भी बात कही है। कहा तो यहां तक जा रहा है कि यूपीपीएससी अब संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की तर्ज पर देश भर से विशेषज्ञों का पैनल तैयार करेगा। आयोग के इस कदम को छवि बदलकर व्यवस्थाओं को पारदर्शी बनाने की कवायद के तौर पर देखा जा रहा है।

### ज्यादातर भर्तियों में सवालों को लेकर विवाद होता रहा

बीते कई सालों से यूपी लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की ज्यादातर भर्तियों में सवालों को लेकर विवाद होता रहा है। अक्सर तमाम मामले कोर्ट में जाते थे और भर्तियों में देरी होती थी। हर बड़ी भर्ती में सवालों को लेकर विवाद खड़ा होता था। जिसके चलते मुख्य परीक्षा के मूल्यांकन पर भी सवाल उठते थे। दरअसल आयोग अलग-अलग यूनिवर्सिटी के प्रोफेसरों व विषय के विशेषज्ञों को अपने यहां एक्सपर्ट पैनल में शामिल करता है। विषयों के विशेषज्ञ प्रश्न पत्र तैयार करते हैं। उनके सही विकल्प निर्धारित करते हैं। मुख्य परीक्षाओं के मूल्यांकन का काम भी करते हैं। इसके अलावा इंटरव्यू में सब्जेक्ट एक्सपर्ट के साथ ही वर्तमान व पूर्व अधिकारियों और जजों को भी रखा जाता है। यूपी लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) अभी ज्यादातर एक्सपर्ट यूपी से ही रखे जाते हैं। लेकिन एक्सपर्ट की गलतियों व लापरवाही की वजह से अक्सर आयोग (यूपीपीएससी) की फजीहत होती थी।

# कोटेदार समय से स्कूलों में पहुंचाएं राशन : डीएम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में आईसीडीएस योजना एवं पीएम पोषण योजना (एमडीएम) के खाद्यान्न का सिंगल स्टेज परिवहन व्यवस्था के माध्यम से उठान किये जाने के सम्बन्ध में बैठक जिलाधिकारी सभागार में हुई।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि सप्लाई चेन मैनेजमेण्ट मॉड्यूल के अन्तर्गत आईसीडीएस योजना के लिए यह कार्य जिला कार्यक्रम अधिकारी की लॉगिन से तथा पीएम पोषण (एमडीएम) के लिए यह कार्य बेसिक शिक्षा अधिकारी की लॉगिन से किया जाएगा। उचित दर दुकानवार आवंटन की फीडिंग के उपरान्त डीपीओ, बीएसए अपने डिजिटल हस्ताक्षर से ब्लाक गोदामवार लॉक किया जाएगा। आईसीडीएस मुख्यालय लॉगिन एवं मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण मुख्यालय लॉगिन द्वारा अन्तिम रूप से त्रैमासिक आवंटन लॉक करते ही उचित दर दुकानवार ई-चालान ऑटो जनरेट हो जाएगा, जो खाद्य एवं रसद विभाग की वेबसाइट के पब्लिक डोमेन पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध रहेंगा। चालान सृजित होने के बाद जिला पूर्ति अधिकारी लॉगिन से सिंगल स्टेज परिवहन व्यवस्था के अन्तर्गत इन योजनाओं के खाद्यान्न के उठान के लिए सिंगल स्टेज परिवहन ठेकेदारों द्वारा उपलब्ध कराए गए वाहनों की क्षमता के अनुसार उचित दर विकताओं की ग्रुपिंग की जाएगी। आईसीडीएस योजना के अन्तर्गत जिला खाद्य विपणन अधिकारी लॉगिन पर रिलीज आर्डर इन्डेन्ट सुरक्षित कर लॉक किया जाएगा। साथ ही भारतीय खाद्य निगम से प्राप्त रिलीज आर्डर को पोर्टल पर रिसीव किया जाएगा।



पीएम पोषण योजना (एमडीएम) के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लॉगिन पर जनपद के कुल रिलीज ऑर्डर इन्डेन्ट एण्ट्री कर सुरक्षित कर लॉक किया जाएगा, जिसे जिला खाद्य विपणन अधिकारी लॉगिन पर भारतीय खाद्य निगम से प्राप्त रिलीज ऑर्डर को पोर्टल पर रिसीव किया जाएगा। रिलीज आर्डर प्राप्त हो जाने के बाद डिस्पैचर लॉगिन से इन योजनाओं का ग्रुपवार खाद्यान्न डिस्पैच किया जाएगा। भारतीय खाद्य निगम से खाद्यान्न की पूरी मात्रा वाहनों में रखवाने की जिम्मेदारी डिस्पैच प्रभारी व जिला पूर्ति अधिकारी की होगी। भारतीय खाद्य निगम से प्रेषण द्वारा खाद्यान्न प्रेषित करने के बाद सम्बन्धित पूर्ति निरीक्षक व विपणन निरीक्षक द्वारा निर्धारित समयावधि में उचित दर विक्रेता को सम्पूर्ण मात्रा एवं गुणवत्ता का खाद्यान्न पहुँचने सम्बन्धी पर्यवेक्षण कार्य करते हुए उचित दर विक्रेता को प्राप्त खाद्यान्न की पुष्टि का मिलान किया जाएगा। उचित दर दुकान पर खाद्यान्न के भौतिक सत्यापन की व्यवस्था जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा की जायेगी। उचित दर विक्रेता वार नामित नोडल अधिकारी द्वारा अपनी उपस्थिति में योजना का खाद्यान्न सम्बन्धित विभाग के नामित अधिकारी, कर्मचारी को प्राप्त कराया जायेगा। खाद्यान्न प्राप्ति की भौतिक रसीद क्षेत्रीय, तहसील स्थित आपूर्ति कार्यालयों के माध्यम से जिला पूर्ति कार्यालय को उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि जिला पूर्ति अधिकारी का यह दायित्व होगा कि खाद्यान्न के प्राप्ति की भौतिक रसीद की एक प्रति सम्बन्धित विभाग को उपलब्ध कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी सम्बन्धित विभाग आपसी समन्वय से अपने निर्धारित काम समय से पूर्ण कराएं। जुलाई से सितंबर त्रैमास के एमडीएम और आईसीडीएस का खाद्यान्न शासन के निर्देशानुसार सिंगल स्टेज परिवहन व्यवस्था के अंतर्गत ही किया जाएगा। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि अपने कोटेदारों से कहें कि वह समय से राशन स्कूलों को दें।

इस मौके पर खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश झा, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी संजय मिश्रा, पूर्ति निरीक्षक दिलीप कुमार आदि मौजूद रहे।

## 200 शिव भक्तों का जत्था अमरनाथ दर्शन को रवाना



**जन एक्सप्रेस । खागा, फतेहपुर**

नगर के सभी वर्गो के लोग अमर नाथ व वैष्णो देवी दर्शन के लिए 200 दर्शनार्थियो का जत्था सुबह टेऊन से रवाना हुआ। वही दशनार्थियो को रवाना करने के लिए क्षेत्रीय विधायक सहित नगर पंचायत अध्यक्षा रेलवे स्टेशन पहुॅचकर दर्शनार्थियो की विदायी किया और मंगलमय यात्रा की कामना किया।

रेलवे स्टेशन में आज शुक्रवार को सुबह आठ बजे बाबा अमरनाथ व मां वैष्णो देवी दर्शन के लिये जाते हुये सभी भक्तों को खागा विधायक कृष्ना पासवान एवम खागा चेयरमैन गीता सिंह ने सभी 200 शिव भक्तों के जत्थे को रवाना किया। खागा चेयरमैन ने सभी 200 भक्तो को अंगवस्त्र एवम मीठा खिलाते हुये 251 रु देकर भक्तों को विदाई दिया। तो खागा विधायक भी रेलवे स्टेशन पहुंचकर सभी भक्तों को तिलक लगाकर दक्षिणा देकर विदाई दिया। वहीं वार्ड नम्बर 19 के सभासद रामप्रकाश केशरवानी ने सभी भक्तों को लस्सी पिलाया। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि रामगोपाल सिंह, विधायक प्रतिनिधि श्रीपाल पासवान, ब्यापार मण्डल अध्यक्ष शिवचन्द्र शुक्ला, भाजपा नेता सन्तोष गुप्ता, राकेश सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, सुरेंद्र परिहार सहित भाजपा कार्यकर्ता रहे मौजूद।

## प्राथमिक विद्यालय का क्षेत्रीय विधायक ने किया उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस । खागा, फतेहपुर**

विकास खंड ऐरायां में एक नवीन प्राथमिक विद्यालय का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक कृष्णा पासवान एवं जनपद के नवागंतुक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज कुमार यादव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संयोजन खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार पाल के द्वारा किया गया। विधायक कृष्णा पासवान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज कुमार यादव तथा खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार पाल द्वारा सयुक्त रुप से विद्यालय में हवन -पूजन किया गया। वही विधायक द्वारा फीता काटकर



नवीन विद्यालय का लोकार्पण किया गया। विधायक कृष्णा पासवान ने नवनिर्मित विद्यालय की गुणवत्ता की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय समाज की नींव होते हैं और विद्यालय के द्वारा ही समाज को दिशा मिलती है। वही ग्राम वासियों का आह्वान किया कि वे बच्चों को विद्यालय अवश्य भेजें और एक शिक्षित समाज के निर्माण में अपनी भूमिका का निर्वाहन करें। समारोह में प्राथमिक विद्यालय अहरीपर के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गये। कार्यक्रम के अंत में खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार पाल के द्वारा आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में कंपोजिट विद्यालय कटोघन के प्रधानाध्यापक व निर्माण प्रभारी हजारी प्रसाद व उनके स्टाफ कुलदीप साहू, बादल सिंह, सरिता देवी तथा प्राथमिक विद्यालय अहरीपर के प्रभारी शिक्षक अभय कुमार का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री विजय कुमार त्रिपाठी, कुलदीप कुलभूषण, रणजीत सिंह, अशोक सिंह, समस्त नोडल संकुल समस्त ए आर पी एवं विभिन्न शिक्षक शिक्षिकाएं तथा ग्राम वासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उमेश कुमार मौर्य ने किया।

## जिलाधिकारी ने किया आजीविका प्रशिक्षण केन्द्र निर्माण का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने शुक्रवार को ऑडिटोरियम एवं आजीविका प्रशिक्षण केन्द्र निर्माण का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने ऑडिटोरियम निरीक्षण के दौरान फॉल सीलिंग, खिड़की दरवाजा, विद्युत फिटिंग, पैनलिंग, आफ्टा, साउंड सिस्टम, स्पीकर, फ्लोरिंग, लाइटिंग आदि निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने परियोजना प्रबंधक राजकीय निर्माण निगम को निर्देश दिए कि 25 जुलाई तक प्रत्येक दशा में कार्य पूर्ण कराएं।

परियोजना निदेशक डीआरडीए से कहा कि अधिशासी अभियंता विद्युत से संपर्क कर विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि इंटरलॉकिंग रोड, बाउंड्री वाल, मुख्य गेट आदि का भी कार्य समय से पूर्ण करा लिया जाए।

जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी ने आजीविका प्रशिक्षण केन्द्र निर्माण का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने परियोजना प्रबंधक राजकीय निर्माण निगम को सख्त निर्देश दिए कि पूर्व निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देश के बावजूद भी अभी तक मुख्य मार्ग का निर्माण नहीं कराया गया है।

यह स्थिति अत्यंत खेदजनक है। तत्काल इस सड़क का निर्माण कराएं। इसके बाद उन्होंने फ्लोरिंग, मुख्य गेट लगाए जाने, मार्बल का कार्य, मल्टीपरपज हाल, वेटिंग रूम, फाल सीलिंग, विद्युत फिटिंग, शॉप्स रूम आदि का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जो बाउंड्री वाल निर्माण का कार्य अधूरा है, उसे तत्काल पूर्ण कराएं। पुराना मटेरियल पड़ा हुआ है, उसको तत्काल हटाया जाए। उन्होंने कहा कि दोनों कार्यों को शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण कराएं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होना चाहिए।

इस मौके पर परियोजना निदेशक ऋषि मुनि उपाध्याय, परियोजना प्रबंधक राजकीय निर्माण निगम रामफल आदि मौजूद रहे।

## पुलिस टीम ने पैदल भ्रमण कर ग्रामीणों को दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने के लिए क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी लाइन्स शीतला प्रसाद पाण्डेय एवं क्षेत्राधिकारी मऊ राजकमल के नेतृत्व में थाना बहिलपुरवा प्रभारी विजय बहादुर यादव के साथ थाना बहिलपुरवा क्षेत्र के ददरी, लखनपुर, छोटी बिलहरी, बड़ी बिलहरी आदि स्थानों पर पुलिस टीम द्वारा एरिया डोमिनेशन किया गया। पुलिस टीमों ने दुकानदारों एवं ग्रामीण नागरिकों से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर वीर प्रताप सिंह चैहान, थानाध्यक्ष मारकुण्डी अनिल कुमार, चैकी प्रभारी सरैया चन्द्रमणि पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## महर्षि वाल्मीकि ट्रस्ट की मासिक बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

श्री महर्षि बाल्मीकि तपोस्थली प्रमुख द्वार चैरिटेबल ट्रस्ट लालापुर के कार्यालय में शुक्रवार को मासिक बैठक का आयोजन किया गया।

ट्रस्टी मंडल और अध्यक्ष चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय और महंत भरतदास महाराज ने बताया कि ट्रस्ट परिसर में आने वाले समस्त छोटे-बड़े मंदिरों में विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई, पेयजल की व्यवस्था ट्रस्ट द्वारा नियमित रूप से की जाएगी। आश्रम परिसर में आने वाली समस्त चल अचल संपत्ति पर ट्रस्ट का अधिकार माना जाएगा, कोई भी व्यक्ति ट्रस्ट नियमावली के विरुद्ध जाकर अपना एकाधिकार नहीं कर सकता।

ट्रस्ट के हितों को देखते हुए ट्रस्टी मंडल द्वारा कभी भी सदस्यों की नियुक्ति की जा सकती है। नियुक्त किए गए सदस्य या पदाधिकारी ट्रस्ट नियमों के विपरीत जाकर कार्य करते पाया जाता है तो उसे तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त कर दिया जायेगा। परिसर में किसी भी प्रकार की जीव बलि पूर्णतया प्रतिबंधित है। नियम ना मानने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। श्री महर्षि वाल्मीकि ट्रस्ट परिसर व आशावर माता मंदिर परिसर व वन क्षेत्र में किसी भी तरह का अवैध निर्माण व अतिक्रमण करना सख्त मना है। उन्होंने बताया कि सभी प्रस्ताव ट्रस्टी मंडल, जनपद प्रशासन व क्षेत्रीय जनमानस की उपस्थिति में सर्वसम्मति से पारित किए गए हैं।

इस मौके पर रामघाट भरत मंदिर महंत दिव्यजीवन दास, महंत रामजी दास, महंत ओंकार दास, महंत रामजन्म दास, महंत दयादास, मानिकपुर उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय, आदि मौजूद रहे।

**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/ Northern Railway |
| नीलामी सूची सं. | WVM-02 |
| कार्य का विवरण | Allotment of Water Vending Machines at Various stations of Lucknow Division for a period of five (05) years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06-07-2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24-07-2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व् समय | 24-07-2023 at 12:50 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहा पंजीकृत बोलिदातायों द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

नीलामी सूची संख्या-WVM-02 के अनुसार नीलामी हेतु चिन्हित MPS स्टाल का विवरण:-

| S.N. | Station | Lot No. | Description | Close Date/Time |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Barabanki | MSS-LKO-BBK-WVM-6-23-1 | 06 Water vending Machines at Barabanki Railway Station | 24-07-23 12:30:00 |
| 2. | Raebareli | MSS-LKO-RBL-WVM-7-23-1 | 06 Water vending Machines at Raebareli Railway Station | 24-07-23 12:40:00 |
| 3. | Varanasi | MSS-LKO-BSB-WVM-5-23-1 | 15 Water vending Machines at Varanasi Railway Station | 24-07-23 12:50:00 |

दिनांक: 07.07.2023 2101/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## 9 को होगी विशेषाधिकार समिति की बैठक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

प्रभारी अधिकारी प्रोटोकॉल राजबहादुर ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विशेषाधिकार समिति अपने संलग्न अध्यन भ्रमण कार्यक्रमानुसार शैलेन्द्र प्रताप सिंह के सभापतित्व में समिति की 9 जुलाई को जनपद में बैठक होगी। जिसमें प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थित में संलग्न बिन्दुओं के सम्बन्ध में जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों के साथ विचार विमर्श कर अद्यतन जानकारी प्राप्त करेगी। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से कहा है कि पत्र की छायाप्रति संलग्न सहित आपको इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि संलग्न प्रश्नावली में उल्लिखित बिन्दुओं पर अपेक्षित कार्यवाही करते हुए अद्यतन सूचनाओं सहित समिति की बैठक में प्रतिभाग करें।

## केंद्रीय विद्यालय चित्रकूट के नवनिर्मित कक्षा कक्षों का जिलाधिकारी ने किया लोकार्पण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

केन्द्रीय विद्यालय चित्रकूट के सुचारू संचालन के लिए गैप्स योजना के अंतर्गत दो नवनिर्मित कक्षा कक्षों का लोकार्पण जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने किया। केन्द्रीय विद्यालय की कलर पार्टी, स्काउट टीम और प्राचार्य विनोद कुमार द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

नवनिर्मित कक्षाओं के संचालन के लिए जिलाधिकारी ने एक छात्रा द्वारा फीता काटवा कर कक्षा कक्षों को पठन-पाठन के लिए प्रारंभ किया। इस अवसर पर सीवी रमन साइंस क्लब के छात्र सचिव प्रस्तुति पावनी को जिलाधिकारी ने शील्ड देकर सम्मनित किया। साथ ही आईआईटी कानपुर में होने वाली विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी में कक्षा बारहवीं के छात्र अखंड केशरवानी को भी जिलाधिकारी ने शुभकनामनाएं दी। अन्य सफल छात्रों प्रसून नारायण तिवारी, प्रियांशी सिंह, केन्द्रीय विद्यालय के बारहवीं के छात्र रागीश पटेल को सकूरा कार्यक्रम के तहत जापान जाने के लिए शुभकामनाएं दी।

### कक्षा को पठन-पाठन के लिए प्रारंभ किया

जिलाधिकारी ने केन्द्रीय विद्यालय चित्रकूट के भवन निर्माण के लिए पुरवा तरौंहा में जमीन स्वीकृति की घोषणा की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन पी एन तिवारी ने किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जीआईसी के प्रधानाचार्य विजय कुमार, जीजीआईसी प्रधानाचार्य पुष्पा वर्मा, सीआईसी प्रधानाचार्य रणवीर सिंह चैहान, लोक निर्माण विभाग प्रांतीय निर्माण खंड चित्रकूट के सहायक अभियंता कनिष्ठ अभियंता अशोक साहू, राजेश मौर्या, फिरोज नुसरत, अवधेश पाल, विनय पांडेय, मुकेश तोमर, अमित कुमार सिंह, मनीष त्रिपाठी, पारुल देवी, आलोक श्रीवास्तव, अंशुमान सिंह, बद्रीश शुक्ला, सी पी द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## सूचना प्रकाशन से पहले ही निविदा आमंत्रण की तिथि समाप्त

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

जहाँ प्रदेश की योगी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश के लिए लगातार तमाम कानूनो के साथ अथक प्रया समे लगी है। वही प्रशासनिक अधिकारी भ्रष्टाचार की सीमा को क्रस करने मे कोई कोर-कसर नही छोड रहे। विकास खण्ड धाता मे विकास की योजनाओ के लिए निविदाओ के अमंत्रण वाले प्रकाशन के पहले ही निविदा की अन्तिम तिथि समाप्त हो गयी। विकासखंड धाता का मामला प्रकाश मे आया कि निर्माण कार्यों से संबंधित कानपुर से प्रकाशित एक दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कराई गई निविदा सूचना में भारी धोखाधड़ी और खामियां उभर कर सामने आ रही हैं। 110 कार्यों के प्रकाशित करायी गयी है। निविदा सूचना समाचार पत्र में 5 जुलाई 2023 को छपी है। जबकि 4 जुलाई 2023 से निविदा मांगी गई है। यानी सार्वजनिक सूचना प्रकाशित करने से 1 दिन पहले ही निविदाओं को आमंत्रित किया गया है। यह विज्ञापन सूचना खंड विकास अधिकारी और ब्लॉक प्रमुख संयुक्त हस्ताक्षर से प्रकाशित है।

## सीएचसी की सेवायें सरकार के दावे को कर रही खोखला

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

नवनिर्वाचित नगर पंचायत खखरेरू स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पाने के लिए बाहर खुली प्राइवेट पैथालॉजी तक दौड़ भाग करनी पड़ती है।

वर्ष 2006 से संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 16 साल बाद भी एक्सरे तथा सीबीसी मशीन न लगने से मरीजों को भारी परेशानियो से गुजरना पड रहा है। अस्पताल में वर्षों पहले आया जनरेटर भी खराबी की भेंट चढ़ गया।




सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा अधीक्षक डा. संजय सोनकर के अलावा महिला डाक्टर, दंत चिकित्सक तथा चार एमबीबीएस चिकित्सकों की तैनाती है। छह डाक्टरों तथा अन्य जरूरी स्टाफ की तैनाती होने के बाद भी मरीजों को दिन भर समुदायिक केन्द्र खागा तथा जिला अस्पताल रेफर किया जाता है। प्रतिदिन ओपीडी में जहां 70 से 100 मरीज आते हैं। पंकज, अखिलेश, रवि यादव, भानु प्रताप सिंह, सत्येंद्र शुक्ला आदि लोगों का कहना था कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 35 से 40 गांव के मरीज बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलने की उम्मीद लेकर आते हैं। सर्दी, जुकाम, बुखार व पेट दर्द की शिकायत वाले मरीजों का ही इलाज होता है। हड्डी या फिर अन्य बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद विशेषज्ञ चिकित्सक न होने की वजह से रेफर किया जाता है। एक स्वीपर कम चौकीदार होने से परिसर तथा अस्पताल के अंदर गंदगी रहती है। इससे निपटने का प्रबंध कई वर्षों बाद भी नहीं हो सका। जहॉं प्रदेश के स्वास्थ मंत्री लगातार जनपद मे दौडा करके स्वास्थ सेवाओ को चुस्त-दुरुस्त करने का प्रयास कर रहे है। वही विभागीय हीलाहवाली के चलते सुधरे के बजाय बद्तर होती जा रही है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### दहेज हत्या के आरोपी मां-बेटे सहित तीन को सजा

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** दहेज हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने मां-बेटे समेत तीन लोगों को 10-10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक को सात हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास ने बताया कि बांदा जिले के कमासिन थाने के बाबूपुरवा निवासी शिवमूर्ति पुत्र शिवमोचन ने कर्वी कोतवाली में बीती 8 सितम्बर 2019 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के अनुसार उसकी पुत्री पुजा को ससुराल पक्ष द्वारा दहेज के लिए प्रताडित किया जाता था। दहेज में मोटर साइकिल न दिए जाने पर कर्वी कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत खरौध गांव के निवासी पूजा के पति अनिल कुमार उर्फ पप्पू पुत्र बच्चा, सास तेरसिया पत्नी बच्चा व चाचा ससुर रविशंकर पुत्र रामआसरे ने उसकी हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने अभियोग पंजीकृत करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद शुक्रवार को त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज संजय कुमार ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर मृतका के पति अनिल कुमार उर्फ पप्पू, सास तेरसिया व चाचा ससुर रविशंकर को 10-10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही प्रत्येक को सात हजार रूपए के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया।

### पुरस्कार प्राप्ति के लिए 30 तक करें आवेदन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में विश्व दिव्यांग दिवस तीन दिसम्बर के अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्तियों, संस्थाओं को विभिन्न श्रेणी के राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया जाना है। निदेशालय दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा पुरस्कार प्राप्ति के लिए 30 जुलाई तक आवेदन कर सकते है। राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए दक्ष दिव्यांग कर्मचारी, स्वनियोजित दिव्यांगजन, दिव्यांगजन के लिए सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति प्लेसमेंट अधिकारी या एजेन्सी के लिए सेवा योजकों, दिव्यांगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा सर्वश्रेष्ठ संस्था, दिव्यांगजनों के प्रेरणाश्रोत, दिव्यांगजन के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास, दिव्यांगजन के लिए बाधामुक्त वातावरण के सृजन के लिए सर्वश्रेष्ठ कार्य, दिव्यांगजन को पुर्नवास सेवाएं प्रदान करने वाले सर्वश्रेष्ठ जिला, सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग व्यस्क व्यक्तियों एवं सर्वश्रेष्ठ बालक, बालिका, सर्वश्रेष्ठ ब्रेलप्रेस, दिव्यांगजन के लिए सर्वोत्तम अनुकूल वेबसाईट के लिए, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाडियों, दिव्यांगजन के सशक्तीकरण के लिए कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी से सम्बन्धित अभ्यार्थी अपने आवेदन पत्रों को कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विकास भवन सोनेपुर में 30 जुलाई तक जमा कर सकते हैं।

### जागरूकता वाहन को सीएमओ ने किया रवाना

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** परिवार नियोजन कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता वाहन सारथी वाहन को शुक्रवार को जनपद स्तर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा भुपेश द्विवेदी द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा महेंद्र कुमार जतारिया, डा रमाकांत चैरिहा, जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके करवरिया, डा अमित सिंह, डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर ज्ञान चन्द्र शुक्ला, विकास कुशवाहा, नरोत्तम सिंह, अरुण कुमार, रूप नारायण, गर्व तिवारी, अजय कुमार शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने परेड की सलामी लेकर किया परेड का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने पुलिस लाइन्स में शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड निरीक्षण के दौरान एसपी ने परेड की गुणवत्ता का अवलोकन कर सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिये। परेड की सलामी लेने के बाद पुलिस अधीक्षक ने परिवहन शाखा का निरीक्षण कर पीआरवी वाहनों में उपलब्ध उपकरणों के जांच की। साथ ही पुलिस कर्मियों से उनके उपयोग के सम्बन्ध में पूछा। उन्होंने मैस का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता में सुधार के लिए निर्देश दिये। उन्होंने पुलिस लाइन के आवासीय परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। सीपीसी कैन्टीन का निरीक्षण कर सामान की समय-समय पर खरीददारी के लिए बताया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन परिसर में आम का पौधा लगाकर पौधरोपण किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन, प्रतिसार निरीक्षक एवं अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा पुलिस लाइन में पौधरोपण किया गया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी लाइन्स शीतला प्रसाद पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक शिव नारायण, उप निरीक्षक एपी रामदीन आदि मौजूद रहे।

### ग्रामोदय विवि ने ग्रामीणों को किया कीटनाषी का वितरण

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय को प्राप्त अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना तिल एवं रामतील के अंतर्गत कुलपति प्रो भरत मिश्रा के मार्गदर्शन में अधिष्ठाता कृषि संकाय प्रो डीपी राय तथा सह-प्राध्यापक डॉ. सुधाकर प्रसाद मिश्र, विभागाध्यक्ष फसल विज्ञान ने ग्राम टेढ़ी एवं पथरा में सरपंच गुड़िया देवी एवं समाजसेवी अनिल श्रीवास्तव के साथ तिल के बीजों, उर्वरकों एवं कीटनाशी का वितरण किया गया। इस दौरान किसानों को फसलों से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार के व्याधियों एवं फसल सुरक्षा कार्यों के प्रति अवगत कराया गया। इस मौके पर ग्रामीण नरेंद्र पटेल, शोधार्थी आशुतोष मिश्र, छात्र प्रशांत द्विवेदी, संदीप डेहरिया आदि मौजूद रहे।

### जूनेटिक रोग के प्रति किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** विश्व जूनोसिस दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के सभागार में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जूनेटिक रोग रैबीज, लेप्टोस्पायारोसिस, प्लेग, ग्लैंडर्स रोग, स्क्रब टाइफस, जीका सहित विभिन्न रोग पर चर्चा किया गया। अध्यक्षता मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अशोक कुमार ने किया। जिसमें उन्होने जूनेटिक रोगों से होने वाली मनुष्यों एवं पशुओं की हानि सहित उसके बचाव, उपचार एवं प्रबंधन पर विस्तार से जानकारी दिया। साथ ही बताया कि पालतू जानवरों का नियमित टीकाकरण कराने, जानवरों के प्रोडक्ट जैसे दूध, अंडा एवं मांस को अच्छी तरह उबाल व पका कर सेवन करने पर किसी हद तक इनसे होने वाले रोगों से बचा जा सकता है। महिलाएं, बच्चों एवं कम प्रतिरोधक क्षमता वाले व्यक्तियों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दिया गया। जानवरों के शवों को आबादी से दूर स्थापित करने की भी सलाह दिया। जनपद में विगत चार वर्षों में जूनेटिक रोगों से प्रभावित ब्लाकों को अतिरिक्त सावधानी बरतने का निर्देश दिया। गोष्ठी में उपस्थित अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. इश्तियाक अहमद ने रैबीज रोग के प्रबंधन एवं वैक्सीनेशन के संबंध में विस्तार से बताया। डा. अब्दुल्लाह ने जूनेटिक रोगों की इपिडिमियोलाजी व उसके सर्विलांस के विषय में जानकारी दिया। इस अवसर पर स्टाफ नर्स व विभिन्न हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर के सीएचओ उपस्थित रहे।

### अवैध शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता तथा आरक्षी अमित सिंह व धर्मेन्द्र द्वारा चुनकौना पुत्र भगौता निवासी दरसेड़ा को 40 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना सरधुवा में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण दिनांक 07- 12 जुलाई 2023 को तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बर्षा होने की संभावना है।

अधिकतम (डिग्री०से०) : 32.0 (-2.3)
न्यूनतम तापमान (डिग्री०से०) : 26.6 (+1.1)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 85 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 74 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 5.4 कि०मी०/घंटा
हवा की दिशा : उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि०मी०) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# शहर में चल रहे मानक विहीन 'मौत के कारखाने' नहीं है स्वास्थ विभाग के अधिकारियों का भय

## अनट्रेंड नर्सिंग स्टाफ के हाथ में है मरीजों की जिंदगी

जन एक्सप्रेस। सनी राव मोघे

**कानपुर नगर।** शहर में मानक विहीन मौत के कारखाने बिना किसी भय के चल रहे हैं। इन मौत के कारखानों में समृद्धि हॉस्पिटल व हमीद हॉस्पिटल एवं सर्जिकल नर्सिंग होम का नाम शुमार है। यहां पर मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है।

ज्ञातव्य हो कि उत्तर प्रदेश सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने सभी जिलों के स्वास्थ विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं कि किसी भी सूरत में मानक विहीन अस्पतालों को ना चलने दिया जाए। साथ ही साथ जो हॉस्पिटल चल रहे हैं उनके उच्च स्तरीय जांच की जाए। लेकिन जिले का स्वास्थ्य विभाग प्रदेश सरकार द्वारा जारी निर्देशों की अवहेलना कर रहा है। जिसका नतीजा यह देखने को मिल रहा है कि शहर में अनगिनत मौत के कारखाने बड़े जोरों शोरों से चल रहे हैं। हालात यह है कि यहां पर आने वाले मरीजों की जिंदगी भगवान के भरोसे हैं।

इन अस्पतालों के पास ना तो रजिस्ट्रेशन है और ना ही एनओसी ही है। और तो और यह हॉस्पिटल मानक विहीन बिल्डिंग में चल रहे हैं। लेकिन इतनी सारी कमियां होने के बाद भी स्वास्थ विभाग के अधिकारी इन अस्पतालों के मालिकों के साथ नोटिस नोटिस का गेम खेलते हैं। हॉस्पिटलों में घुसते ही समझ में आ जाता है कि हॉस्पिटल की हालत क्या है। उस पर इन अस्पतालों के पास फायर एनओसी भी नहीं है। जैसा कि शहर में अक्सर शॉर्ट सर्किट से आग लगने की घटना सामने आती है। इन हॉस्पिटल में मैसेज किसी ने भी इस तरीके की घटना हो जाए तो कोई भी अपनी जान बचा कर भाग नहीं सकता है।







### नर्सिंग स्टाफ के पास नहीं है कोई डिग्री

समृद्धि हॉस्पिटल और हमीद हॉस्पिटल सर्जिकल नर्सिंग होम इन दोनों हॉस्पिटलों में काम करने वाला नर्सिंग स्टाफ पूरी तरीके से अनट्रेंड है। और यह हॉस्पिटल नर्सिंग स्टाफ के दम पर ही फल फूल रहे हैं। इन हॉस्पिटलों में काम करने वाले नर्सिंग स्टाफ के पास किसी भी प्रकार की कोई डिग्री नहीं है। यदि यह कहा जाए कि यहां पर अपना इलाज कराने आए मरीज की जिंदगी भगवान के भरोसे हैं तो गलत ना होगा। क्योंकि इन अस्पतालों में यदि आप अपना इलाज कराने गए तो यह मान लीजिए कि आप के दिन पूरे हो चुके हैं।

### एडिशनल सीएमओ बोले जल्द होगी इन पर कार्रवाई

एडिशनल सीएमओ डॉक्टर सुबोध प्रकाश से जन एक्सप्रेस समाचार पत्र के संवाददाता ने जब बात की तो उन्होंने बताया कि समृद्धि हॉस्पिटल और हमीद हॉस्पिटल एवं सर्जिकल नर्सिंग होम इन दोनों अस्पतालों के पास रजिस्ट्रेशन नहीं है। और ना ही एनओसी है। दोनों अस्पतालों को कई बार नोटिस दी जा चुकी है उसके बाद भी अस्पताल के संचालक हॉस्पिटल चला रहे हैं। इन दोनों अस्पतालों पर जल्द ही बड़ी कार्रवाई होगी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### ब्लॉक प्रमुख ने पौधे लगाने के महत्व के बारे में बताया



**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** वन महोत्सव सप्ताह कार्यक्रम 1 जुलाई से 7 जुलाई तक चलने वाले है। जिसके अन्तर्गत सप्ताह 7वें दिन में अमृत सरोवर रामपुर खास में ब्लाक प्रमुख अनुराधा अवस्थी की अध्यक्षता में गोष्ठी कार्यक्रम के तहत डी.पी.एस. स्कूल के बच्चों एवं ग्राम वासियों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गयी। जिसमें पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने के बारे में जानकारी तथा संदेश दिया गया इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी ज्योत्सना त्रिपाठी, एस.ए. पाण्डेय ए.डी.ओ. पी.पी., पंकज सहाय, ए.डी.ओ., सहकारिता द्वारा पौधरोपड किया गया। वन महोत्सव कार्यक्रम के दौरान खण्ड विकास अधिकारी ने सभी से पौधों लगाने एवं सरक्षित करने की अपील की इसके साथ ब्लाक प्रमुख ने पौधों को लगाने का संदेश दिया। कार्यकम में उपस्थित भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता दिनेश अवस्थी, रविन्द्र सिंह चौहान, मण्डल अध्यक्ष विकास तोमर, बृजेन्द्र चन्देल, योगन्द्र पाण्डेय, ग्राम प्रधान सतेन्द्र मोहन गुप्ता, अजीत पासवान रमेश, देशराज पासवान, पंचायत सचिव अखिलेश त्रिपाठी, शिवेन्द्र त्रिवेदी, राहुल मिश्रा एवं ब्लाक के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। पंचायत सहायक करन वर्मा, आरती देवी, नम्रता तिवारी, आदर्श सिंह चन्देल रोजगार सेवक रंजना सिंह, शेखर सिंह चन्देल ज्योतिश उपस्थित रहे।

### बुआ पर भतीजी ने बेचने का लगाया आरोप

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** एक ओर जहां सरकार देश की बेटियों को बचाने के लिए नए नए तरीके अपना रही है। वही दूसरी ओर निर्दयी दिल लोग बेटियों को बेचने का प्रयास करते रहते है। ऐसा ही एक मामला साढ़ थाने का सामने आया है। साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी रामआसरे (काल्पनिक नाम)की बेटी अपनी बुआ के साथ कानपुर में रहती थी। जहाँ पर बुआ रानी विश्वकर्मा अपनी भतीजी अंकिता (काल्पनिक नाम) को करीब 6 वर्ष पहले अपने साथ ले गई थी।और जब भी किशोरी अपने घर आने को कहती तो उसकी बुआ घर आने नही देती और किशोरी के ऊपर अपने बेटे विजय विश्वकर्मा के साथ शादी करवाने के लिए दबाब बनाती रहती और साथ मे यह भी धमकी देती कि अगर मेरे बेटे के साथ अगर तुम शादी नही करोगी तो तुम्हारे पिता को उठवा लूंगी।इतना सुनकर किशोरी के पैरों तले जमीन खिसक गई। साथ ही साथ किशोरी ने अपनी बुआ छोटका (काल्पनिक नाम) पर आरोप लगाया है कि मेरी बुआ मुझे बेचना चाहती थी। जिसकी भनक मुझे लग गई और मैं मौका पाते ही उनके घर से निकल भागी और सवारी से अपने घर आ गई। इस पूरे मामले की जानकारी हमने अपने परिजनों से बताई।इसके बाद मैं अपने चाचा के साथ साढ़ थाने आई हूं और किशोरी के द्वारा साढ़ थाने में लिखित शिकायत की गई है।

### हत्या के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को दबोचा

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** बीती सात जून की रात्रि में ग्राम तरगांव के जंगलों में मृतक प्रमेन्द्र की गला दबाकर व गुप्तांग काटकर हत्या किए जाने के संबंध में घाटमपुर थाने पर मुक़दमा दर्ज किया गया था। फरार चल रहे अभियुक्त पीयूष कान्त पुत्र देशराज, गौरव कुमार पुत्र देशराज, प्रीती पुत्री देशराज सभी निवासीगण ग्राम मोहनपुर थाना घाटमपुर की गिरफ्तारी के लिए थाना घाटमपुर पुलिस कई दिनों से तलाश कर रही थी इसी दरम्यान मुखबिरखास की सूचना पर सभी को कस्बा घाटमपुर बस स्टैण्ड से गिरफ्तार किया गया। सभी को उस समय गिरफ्तार कर लिया गया जब वह कहीं बाहर भागने की फिराक में बस की प्रतीक्षा कर रहे थे।

## नेकर पहनकर नहाने का विरोध करना बुजुर्ग महिला व उसके बेटे को पड़ा भारी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

साढ़ थाना क्षेत्र के भीतरगांव चौकी अंतर्गत आने वाला मिर्जापुर गाँव मे अंडरवियर पहन कर नहाने पर बुजुर्ग महिला ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की।

गांव निवासी बुजुर्ग महिला महादेइ उम्र 68 वर्ष उसके पुत्र बउवन को दबंग मुकेश पासवान ने लात घूसों से पिटाई की और गाली गलौज किया। मामला 6 जुलाई रात नौ बजे का है। जब गांव निवासी मुकेश सरकारी हैंड पंप में केवल नेकर पहन कर स्नान कर रहा था। जिसके कारण गांव की महिलाये पानी भरने में शर्म महसूस कर रही थी। उनमें से एक बुजुर्ग महिला ने नेकर पहन कर स्नान करने का विरोध किया। जिसमें आग बबूला होकर दबंग ने बुजुर्ग महिला के साथ साथ उसके बेटे बउवन पासवान को गाली गलौज करते हुए लात घूसों से पिटाई करना शुरू कर दिया। जिसकी शिकायत बुजुर्ग महिला के पुत्र बउवन पासवान ने साढ़ थाने में की है।साढ़ थाना प्रभारी विजय कुमार शुक्ला ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जांच करके उचित कार्यवाही की जाएगी।

## नागरिक सुरक्षा कोर नवाबगंज प्रखंड के पदाधिकारियों ने आयोजित की बैठक



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

नागरिक सुरक्षा कोर नवाबगंज प्रखंड कानपुर एवं जागेश्वर मंदिर समिति के संयुक्त तत्वावधान में बीते दिन शुक्रवार को सावन पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए बैठक हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद नागरिक सुरक्षा उप नियंत्रक शिवराज सिंह को डिविजनल वार्डन धनंजय नारायण सिंह ने शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सेक्टर वार्डन संतोष तिवारी ने बताया कि आगामी आने वाले सावन के प्रत्येक सोमवार के पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से यह बैठक की गई है। उप नियंत्रक ने कहा कि नवाबगंज प्रखंड के वार्डन हमेशा सक्रिय भूमिका में रहते हैं और मंदिर के सभी कार्यक्रमों को सुचारू रूप से संपन्न कराते हैं। वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक ने शांति और सद्भाव बना कर सभी श्रद्धालुओं को सहयोग करने की बात कही।

जागेश्वर मंदिर कमेटी के मंत्री प्राण श्रीवास्तव ने कहा कि सभी भक्तों को आदर पूर्वक दर्शन कराने के साथ दिव्यांगों, बुजुर्गों और वृद्ध महिलाओं को दर्शन की विशेष व्यवस्था की गई है। स्टाफ अधिकारी ददन मिश्रा ने नवाबगंज प्रखंड की ओर से सभी अधिकारियों एवं मंदिर कमेटी को आश्वस्त किया कि वार्डन निस्वार्थ भाव से मंदिर में श्रद्धालुओं को दर्शन कराने के लिए तत्पर रहते हैं। बैठक में मंदिर समिति से जितेंद्र कुमार पांडेय, शिवम पांडेय, चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार, घटना नियंत्रण अधिकारी अनूप मेहरोत्रा, शरद त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## गाय के साथ अप्राकृतिक संबंध बनाने वाला अधेड़ गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

गुजैनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गौमाता के संग अप्राकृतिक संबंध बना रहे अधेड़ का सोशल मीडिया पर तेजी से वीडियो वायरल बीते दिन शुक्रवार को हुआ। वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए गुजैनी पुलिस ने अधेड़ को गिरफ्तार किया है।

आपको बताते चलें कि गौ माता में 33 करोड़ देवी देवता निवास करते हैं। जिसे पूरे देश में पूजा जाता है और यह भी कहा जाता गौ माता को पूजने से सारे पाप नष्ट हो जाते हैं लेकिन एक अधेड़ ने वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है वीडियो में एक अधेड़ गाय के साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाते हुए नजर आ रहा है जिसे देख जनता में आक्रोश है वहीं हिंदू जागरण मंच एवं उम्मीद एक किरण के जिला संयोजक व पदाधिकारियों ने बीते गुरुवार गुजैनी पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बर्रा 8 सी ब्लॉक में एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा गौ माता एवं बेजुबान जानवर के साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाया गया है जिसका वीडियो संस्था के पास है गुजैनी थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

जेसीपी आनंद प्रकाश तिवारी ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी बृजेश मिश्रा को गिरफ्तार किया गया है आरोपी के खिलाफ अप्राकृतिक यौन संबंध के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है अब तक की विवेचना में कुछ वीडियो सीसीटीवी व फोटो बरामद किए हैं आरोपी के खिलाफ कई अन्य जानवर के साथ अप्राकृतिक यौन संबंध के वीडियो भी मिले हैं प्रथम दृष्ट्या विवेचना में आरोपी बृजेश मिश्रा मानसिक रूप से असंतुलित देखे गए हैं और आरोपी को मेडिकल चेकअप के लिए भेजा गया है।

## किदवई नगर विधायक महेश त्रिवेदी को भाजपा दक्षिण के मीडिया प्रभारी ने सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



किदवई नगर विधायक महेश त्रिवेदी को भाजपा दक्षिण जिला मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने बीते दिन शुक्रवार को उनके आवास पर मुख्यमंत्री से संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिसमें जूही ढाल के ऊपर से गुजरी रेलवे लाइन के ऊपर एक उपरिगामी सेतु बनाने की गुहार लगाई गई है। मनीष त्रिपाठी ने बताया कि जूही खलवा ढाल में जलभराव हो जाने के कारण पिछले 5 वर्षों में चार निर्दोष लोगों की जान चली गई है। उन्होंने बताया कि दक्षिण क्षेत्र में रहने वाली लाखों की आबादी को इस समस्या से निदान दिलाने के लिए मुख्यमंत्री से रेलवे लाइन के ऊपर एक उपरिगामी सेतु बनवाने संबंधी ज्ञापन विधायक महेश त्रिवेदी को सौंपा है। जिस पर विधायक द्वारा जल्दी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भूतल, सड़क एवं परिवहन विभाग के केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया गया है।

### जूही पुल में जलभराव के कारण लगता है घंटों का जाम

ब्रिटिश काल में बना जूही खलवा ढाल दक्षिण और उत्तर को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। यहां से प्रतिदिन दक्षिण क्षेत्र की लाखों की आबादी रेलवे स्टेशन, झकरकटी बस स्टैंड, हैलट, केपीएम,डफरिन एवं उर्सला अस्पताल, कचहरी ,मुख्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों, मेस्टन रोड, लाटूश रोड, बड़े सरकारी कार्यालयों आदि जगहों पर जाती है। बरसात के समय यहां पर जलभराव हो जाने से जाम लग जाता है और लोगों को कई किलोमीटर लंबा रास्ता तय कर घूम कर आना पड़ता है।

## शिक्षक ने दुपट्टे के फंदे के सहारे फांसी लगाकर की आत्महत्या, मचा कोहराम

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के बिठूर रोड के शीतल अपार्टमेंट में रहने वाले सुकांत सरकार उम्र 56 वर्ष कल्याणपुर थाना क्षेत्र के बैरी स्थित राम सहाय इंटर कॉलेज में प्रिंसिपल से 6 महीने पहले ही आयोग से उनका ट्रांसफर नवोदय स्कूल से यहां हुआ था।

घर में पत्नी जया सरकार और छोटा बेटा सुजल साथ में रहते थे जबकि बड़ा बेटा इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद बेंगलुरु में नौकरी करता है पत्नी जया ने बताया कि शुक्रवार सुबह वह काफी देर तक बाथरूम से नहीं निकले आवाज देने के बाद भी कोई हरकत नहीं होने पर उन्होंने सोसायटी के लोगों की मदद से बाथरूम का दरवाजा तोड़ा तो दुपट्टे से फंदे के सहारे लटक रहे थे फंदा काटकर पत्नी समेत अन्य लोग पास के एक निजी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



### राजनीति ने बच्चों से अच्छा शिक्षक और मेरा पति छीन लिया

पत्नी ने बताया कि वह कॉमर्स के बहुत अच्छे शिक्षक और साफ स्वभाव के व्यक्ति हैं रोते हुए व्यक्ति को भी हंसा दे ऐसे थे छात्रों और पढ़ाई से उन्हें बहुत लगाव था लेकिन कानपुर के राम सहाय इंटर कॉलेज में 12 नवंबर 2022 को ज्वाइन करने के बाद पूर्व कार्यवाहक प्रिंसिपल आरती यादव ने उनके खिलाफ कोर्ट से लेकर डीआईओएस ऑफिस में तमाम शिकायतें की थी इसमें एक शिक्षक नेता भी उन्हें पद से हटाने के लिए आरती यादव का साथ दे रहे थे इन्हीं सब चीजों को लेकर वे मानसिक तनाव में रहते थे कई बार कहते थे कि यहां अच्छा नहीं लग रहा है पूर्व में असम के नवोदय विद्यालय में थे वही लौटने की बात कही थी 4 दिन पहले स्कूल खुला था लेकिन सिर्फ 2 दिन ही गए थे कानपुर में पनकी के रहने वाले थे इसके चलते कानपुर उम्मीदों के साथ आए थे लेकिन यहां शिक्षकों की राजनीति ने बच्चों से अच्छा शिक्षक और मेरा पति छीन लिया।

### शिक्षक नेता ने की आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

मौके पर शैलेंद्र द्विवेदी समेत अन्य शिक्षक नेता पहुंचे थे आरोप लगाया कि एक शिक्षक नेता की झूठी शिकायतों के चलते प्रिंसिपल ने सुसाइड कर लिया है। इतनी शिकायतें की है कि डीआईओएस दफ्तर में पूरी फाइल तैयार हो गई है कई महीनों तक प्रिंसिपल का वेतन रुकवा रखा आयोग से नियुक्त के बाद भी उनके साथ साजिश की गई शैलेंद्र ने कहा है कि वह पीड़ित शिक्षक के परिवार के साथ है।

### मार्ग दुर्घटना में पति-पत्नी की मौत, ग्रामीणों संग लगाया जाम

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** थाना घाटमपुर क्षेत्र के टेनापुर मोड़ के पास तेज रफ़्तार लोडर ने बाइक सवार को टक्कर मारते हुए कुचल दिया। हादसे मे बाइक सवार पति पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने कानपुर-सागर हाइवे पर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही सर्किल फ़ोर्स मौक़े पर पहुंचा। परिजनों ने एसडीएम को बुलाने की मांग की तो मौक़े पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने परिजनों को कार्रवाई करने का आश्वासन देकर हाइवे से जाम खुलवाया है। घाटमपुर थाना क्षेत्र के स्योढारी ताढवारा गांव निवासी 35 वर्षीय राजू पुत्र सुघर सिंह अपनी पत्नी 35 वर्षीय सीमा देवी के साथ मोटर साइकिल से सिलेंडर भराने पतारा गैस एजेंसी आए थे, यहां से सिलेंडर लेकर गांव वापस लौट रहे थे, तभी टेनापुर मोड़ स्थित पेट्रोल पम्प पर पहुंचकर पेट्रोल डलवाया और जैसे ही वह पतारा की ओर चले तभी घाटमपुर की ओर से आ रहे डाक पार्सल लोडर ने बाइक सवार को टक्कर मारते हुए कुचल दिया। हादसे मे बाइक सवार पति राजू बाइक समेत लोडर मे फंस गया, जिसे चालक पचास मीटर तक घसीटता चला गया, जिससे उसकी मौत हो गई। वही पत्नी सीमा की मौक़े पर ही दर्दनाक मौत हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने हाइवे जाम कर दिया।

## संयुक्त शिक्षा निदेशक कानपुर मंडल ने किया पौधरोपण




जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

संयुक्त शिक्षा निदेशक कानपुर मंडल कानपुर मनोज कुमार द्विवेदी एवं उप शिक्षा निदेशक कानपुर मंडल कानपुर राजू राणा द्वारा शुक्रवार को कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर सात वृक्षों पीपल, आंवला, बेल, अशोक, बरगद, माल्टा, गुड़हल का रोपण किया गया। जिसमे यू.पी. एजुकेशनल मिनिष्ट्रीयल ऑफिसर्स एसोसियेशन कानपुर नगर के जनपद अध्यक्ष ललितेश तिवारी ने सहयोग किया।

## कानपुर: हिंदू-मुस्लिम सभी ने पाया प्रधानमंत्री की योजनाओं का लाभ, खिले चेहरे

जन एक्सप्रेस। कमलेश फाइटर

**कानपुर नगर।** बीते दिन शुक्रवार को प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 4.51 लाख लाभार्थियों का गृह प्रवेश/चाभी वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम जनपद वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता व राज्यपाल उ.प्र. आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री यूपी योगी आदित्यनाथ तथा अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कानपुर नगर के प्रमिला सभागार, नगर में भी इसी क्रम में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। यहां पर भी सैंकड़ों लाभार्थियों को पीएम आवास योजना के अन्तर्गत उनके घरों की चाबियां, पीएम स्वानिधि योजना, आयुष्मान गोल्डन कार्ड सौंपे गए। इस कार्यक्रम में हिंदू परिवारों को लाभ मिलने के साथ-साथ मुस्लिम परिवारों को भी लाभ लेते हुए देखा गया। जिन्हें योजनाओं का लाभ मिला उनके चेहरे पर मुस्कान देखते ही बन रही थी। लाभ लेने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दिल से धन्यवाद कहा और बोले कि ऐसे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री हमें हमेशा ही मिलते रहे। सबसे पहले प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 20 लाभार्थियों को आवास की चाबी वितरित की गई।







### प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत इन्हें मिला लाभ

अरुण कुमार, जीतेन्द्र, मोहम्मद युसूफ, सुनीता, उमा, उर्मिला, सीमा, उमा, सुनीता, तेजवती, ऊषा, गीता, कुनालिका, सुमन, उमाकांति, सोनी, सुनीता, रामबेटी, मुन्ना, अंकित को चाबी सौंपी गई।

### पांच लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी का भी मिला लाभ

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत 05 लाभार्थियों को आवास की चाभी वितरित की गई, जिसमें संगीता जायसवाल, रामरानी, बीना देवी, अवधेश कमल, गुड्डी सोनकर। इस प्रकार जनपद में लगभग 3300 आवासों को चाभी वितरित की गयी।

### पी.एम. स्वनिधि योजना का भी मिला लाभ

पी.एम. स्वनिधि योजना के अन्तर्गत 05 लाभार्थियों का परिचय बोर्ड एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया, जिसमें श्रीमती निधि अग्निहोत्री, मीरा, मुन्नी सोनी, गुड्डू कुमार, श्वेता श्रीवास्तव। इसके अलावा पी.एम. स्वनिधि के अंतर्गत अधिक डिजिटल लेनदेन (कैशबैक) हेतु चेक प्रदान किए गए, जिसमें सुरेश गुप्ता, जसवीर, मो. एहितशाम, शुभम सोनवानी, एस्तियाक आलम अंसारी को लाभ मिला।

### 10 को मिले आयुष्मान गोल्ड कार्ड

आयुष्मान गोल्डन कार्ड योजना के अन्तर्गत 10 लाभार्थियों को पी.वी.सी. कार्ड प्रदान किए गए, जिसमें राधा, मो. फिरोज, सुरेश, पार्वती देवी, संतोष कुमार, लखन, अंजू देवी, रानी देवी, गया प्रसाद, शोभा को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए।

### विधायकों-अधिकारियों ने लाभार्थियों को सौंपी चाबियां

पीएम आवास और ग्रामीण योजना के तहत आवास समेत अन्य योजनाओं के प्रमाण पत्र वहां पर मौजूद विधायक महेश त्रिवेदी, अभिजीत सिंह सांगा, सुरेन्द्र मैथानी, नीलिमा कटियार, सरोज कुरील, एम.एल.सी. अरुण पाठक, मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार, परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए. के.के. सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एम.के. सिंह, पी.ओ. डूडा तेज कुमार, डी.पी.आर.ओ . कमल किशोर सहित सभी संबंधित अधिकारी व विभिन्न योजनाओं के लाभार्थीगण उपस्थित रहे।

# सांसद का मतलब सिर्फ फीता काटना नहीं: स्मृति ईरानी



## क्षतिग्रस्त नालियां देख सांसद ने लगाई फटकार

जन एक्सप्रेस। अमेठी

केंद्रीय मंत्री और अमेठी सांसद स्मृति ईरानी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर परोक्ष हमला करते हुये कहा कि अब तक सांसद होने का मतलब बड़ी परियोजनाओं का फीता काटना था। लेकिन अब ऐसा नहीं है। इन दिनों स्मृति ईरानी अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। और वे गांव-गांव घूम कर लोगों की समस्यायें सुन रही हैं। तथा विकास कार्यों का जायजा ले रही हैं। गांव में चुनौतियां होने संबंधी पत्रकारों के सवाल के जवाब में स्मृति ने बिना किसी का नाम लिए कहा, अब तक सांसद का मतलब बड़ी-बड़ी परियोजनाओं का फीता काटना था। बड़े-बड़े कार्यक्रमो में हिस्सा लेना था। अमेठी में अभी यह परंपरा नहीं है। मैं किसी भी काम को छोटा या बड़ा नहीं मानती। जनपद के जगदीशपुर के बेचूगढ़ गांव में बृहस्पतिवार को क्षतिग्रस्त नालियों की शिकायत मिलने पर सांसद ने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई और तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा अमेठी की जनता मुझसे कह रही है, दीदी आपने बाईपास दिया है, अस्पताल दिया है, स्कूल दिया है लेकिन पानी निकासी के लिए नालियां अभी दुरुस्त नहीं हैं। पानी निकासी में बड़ी समस्या आ रही है। स्मृति ने कहा कि अमेठी की जनता समझती है कि हमारी सांसद किसी भी काम को छोटा बड़ा नहीं समझती हैं। और मै जनता के लिए हूं,अमेठी परिवार है, परिवार की समस्या दूर करना है, नाली साफ करा रही हूं। बताते चलें कि देश में हुये 2019 के आम चुनाव में स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी को 55,120 मतों से हरा कर इस सीट पर जीत हासिल की थी।

**✻ अमेठी की जनता मुझसे कह रही है, दीदी आपने बाईपास दिया है, अस्पताल दिया है, स्कूल दिया है लेकिन पानी निकासी के लिए नालियां अभी दुरुस्त नहीं हैं**

# पयागीपुर को मॉडल चौराहा बनाने के लिए सांसद ने भेजा प्रस्ताव

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर



पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने पयागीपुर चौराहा को मॉडल चैराहा के रूप मे विकसित करने और राष्ट्रीय राजमार्ग 731 पर स्थित लम्भुआ बाईपास से बेदुपारा मोड़ तक सर्विस लेन का निर्माण कराए जाने का प्रस्ताव भेजा है। अध्यक्ष, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को भेजे गए प्रस्ताव में दोनों कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जाने का सुझाव दिया गया है। सांसद मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि गांधी ने 22 मई 2023 को भेजे पत्र के माध्यम से एनएचएआई के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव को सुझाव दिया है कि सुलतानपुर में उत्तर प्रदेश के निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 56 (731) खण्ड वाराणसी-सुलतानपुर बाईपास पर पयागीपुर चैराहा बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। एनएचएआई द्वारा निर्मित फ्लाई ओवर के नीचे पयागीपुर चौराहा से वाराणसी, जौनपुर, प्रतापगढ़, लखनऊ, सुलतानपुर शहर में जाने के लिए वाहनों का आवागमन 24 घण्टें होता है। कहा है कि पयागीपुर चौराहा नगर का प्रमुख स्थल होने के कारण उसका सौदर्यीकरण किया जाना एवं राष्ट्रीय राजमार्ग 731 पर स्थित लम्भुआ बाईपास से बेदुपारा मोड़ तक सर्विस लेन का निर्माण कराया जाना जनहित में अत्यन्त आवश्यक है। सांसद ने एनएचएआई अध्यक्ष से आग्रह किया है कि वह संबंधित अधिकारी को निर्देशित करे कि पयागीपुर चौराहा पर यात्रियों की सुविधा के लिए शौचालय, प्रकाश के लिए लाइटिगं, यात्रियों को बैठने आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के साथ मॉडल चौराहा के रूप में विकसित करने के लिए उचित कार्रवाई करें। सांसद मेनका संजय गांधी ने पत्र की प्रतिलिपि परियोजना अधिकारी राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड वाराणसी को इस आशय के साथ प्रेषित की है कि वह उपरोक्त वर्णित कार्यों का आगणन तैयार कराकर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, नई दिल्ली को प्रेषित करेगें। सांसद की पहल का एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री ओम प्रकाश पाण्डेय, पूर्व जिलाध्यक्ष गिरीश नारायन सिंह, पूर्व मंत्री जय नारायण तिवारी,डॉ सीताशरण त्रिपाठी,करूणा शंकर द्विवेदी, प्रतिनिधि रणजीत कुमार, पूर्व जिला महामंत्री शशिकांत पाण्डेय, कृपाशंकर मिश्रा,ज्ञान प्रकाश जायसवाल, एलके दूबे,काली सहाय पाठक, नगर अध्यक्ष आकाश जायसवाल, मण्डल अध्यक्ष राम अभिलाष सिंह, मनोज श्रीवास्तव, सुभाष वर्मा, प्रदीप मिश्र, सतनाम सिंह आदि ने स्वागत करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है।

## सरकारी जमीन पर किया गया अवैध निर्माण

# अभी तक नहीं चल सका अवैध निर्माण पर बाबा का बुलडोजर

जन एक्सप्रेस। तिलोई, अमेठी

तहसील तिलोई क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा आशापुर रूरू में भू-माफियाओं द्वारा नाले की जमीन पर निर्माण कर लिया गया है। जबकि तहसील समाधान दिवस में लोगों द्वारा अवैध निर्माण संबंधी शिकायत भी की गई थी। लेकिन इसके बावजूद भी राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा अभी तक कोई कठोर कार्यवाही नहीं की गई। बताते चलें कि उपरोक्त ग्राम सभा में पंचायत भवन के निकट नाले की जमीन पर अवैध निर्माण किया जा रहा था। जिसे शिकायत के बाद निर्माण कार्य पर रोक लगा दिया गया था। लेकिन लोगों के शिकायत करने को लेकर लगभग एक माह बीत जाने के बाद भी अभी तक नाले की जमीन पर हुए अवैध निर्माण को तहसील प्रशासन द्वारा गिराया नहीं गया। अब सवाल ये उठता है कि आखिर किसके संरक्षण में यह सरकारी जमीनों पर अवैध निर्माण कार्य करने की हिम्मत करते हैं। हालांकि पूरे मामले में तहसीलदार तिलोई पवन शर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उक्त अवैध निर्माण को गिराने के आदेश दे दिए गए हैं। जल्द ही अवैध निर्माण को ढहाया जाएगा।

# जल निगम की नाली में पलटने से बची स्कूली वैन

जन एक्सप्रेस। तिलोई,अमेठी

जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में हर घर पेयजल योजना के तहत जल निगम की टंकी बनवाकर जलपूर्ति का कार्य किया जा रहा है। वही कार्यदाई संस्थाओं ने गांव के अंदर बने खड़ंजा हो या हर गांव को जोड़ने वाली डमरीकरण की रास्ता हो कहीं बीच से तो कहीं किनारे से चार चार फुट की गहराई नाली की खुदाई कर पाइप डाल दी गई है।लेकिन उसे बराबर करने में खानापूर्ति कर दी गई है। जिसका नतीजा यह रहा कि हल्की सी बारिश हुई और उस खोदी गई जगह पर जरा सा भार पड़ा तो वह वहीं धंस गई। अब इस रास्तों से निकलने में ग्रामीणों की जान जोखिम में पड़ती नजर आने लगी।पूरा मामला जनपद के तिलोई विकास खंड क्षेत्र के ग्राम सभा बारकोट के धर्मेधाम गांव का है। जहां जल निगम की कार्यदाई संस्था द्वारा गांव के रास्तों को खोदकर पाइप डाल दी गई। स्कूली वैन बच्चों को लेकर धर्मेधाम मेला,अगरी चौराहे को जोड़ने वाली सड़क से निकल रही थी जैसे ही धर्मेधाम मेला बगिया के पास पहुंचते ही जल निगम कार्यादारी संस्था द्वारा खोदी गई नाली में मोहनगंज स्थित पब्लिक स्कूल की वैन अचानक नाली में कूद गई। और नाली में फस गई जिससे बच्चों से भरी वैन पलटने से बच गई। जिसे ग्रामीणों द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद स्कूली वैन को बाहर निकाला गया। वही इस सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी फाल्गुनी सिंह ने बताया मामला संज्ञान में आया है। मामले की जांच कराई जाएगी सही पाया गया तो सम्बंधित अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

**✻ जल निगम कार्यदाई संस्था की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे राहगीर व ग्रामीण**

# हाईस्कूल व इण्टर बोर्ड परीक्षा फार्मो का अग्रसारण केंद्र

जन एक्सप्रेस। अमेठी



जिला विद्यालय निरीक्षक रीता सिंह ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र द्वारा आयोजित हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट परीक्षा में प्राइवेट तौर पर सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों का परीक्षा आवेदन पत्रों के पंजीकरण का अग्रसारण केन्द्र निर्धारित कर दिया गया है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि इण्टर स्तर हेतु केवल बालिका के लिए राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गौरीगंज, अमेठी व मुसाफिरखाना एवं केवल बालक के लिए ए.एच.इ. का.मुसाफिरखाना तथा बालक, बालिका के लिए एसपीएन इ.का. तिलोई में व्यक्तिगत पंजीकरण किया जायेगा। इसी प्रकार हाईस्कूल व इण्टर स्तर हेतु मिश्रित रूप से तहसील गौरीगंज के लिए राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शाहगढ़, तहसील मुसाफिरखाना के लिए रा. बालिका इ. कॉलेज शुकुलबाजार तहसील अमेठी के लिए रा.इ.का. टीकरमाफी एवं तहसील तिलोई के लिए रा.इ.का. राजाफतेहपुर तथा रा.इ.का.जायस में व्यक्तिगत पंजीकरण किया जायेगा। सम्बन्धित प्रधानाचार्य व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के आवेदन पत्रों एवं आवश्यक पत्रालेखों का भलीभॉति परीक्षण करते हुए नियमानुसार अग्रसारण करेंगे तथा बोर्ड को भेजे जाने के अतिरिक्त एक प्रति समस्त पत्रालेख अपने अभिलेखों में सुरक्षित रखेंगे।

## बारह साल चला दुष्कर्म का मुकदमा, आरोपी बरी

**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** नेवासे की ज़मीन हड़पने के लिए लिखाये गए मुकदमे में दुष्कर्म के आरोपी को फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट ने बरी कर दिया। लम्भुआ थाने का यह मामला न्यायालय में बारह साल चला। भदैयाँ के पूरे धना निवासी एक व्यक्ति ने अदालत में प्रार्थना पत्र देकर 9 नवम्बर 2012 को एफआईआर लिखाई थी। आरोप लगाया कि 10 अक्टूबर 2011 को शाम चार बजे हरिराम ने उसके घर मे घुसकर बेटी के साथ दुष्कर्म किया था। विवेचना के दौरान पीड़िता ने डॉक्टरी परीक्षण नही कराया। मुकदमा चला तो पांच गवाह अभियोजन ने व एक गवाह बचाव पक्ष का परीक्षित कराया गया। अधिवक्ता जीतेन्द्र श्रीवास्तव व पवन कुमार ने जिरह की तो पीड़िता ने स्वीकार किया कि उसके जो उसके पिता व चाचा ने बताया वही कह रही हूं। दोनो परिवार मे आबादी की जमीन का विवाद है। यह भी कि आरोपी अपनी ससुराल में नेवासे पर रहता है उसके बेटा नही है। फर्जी मुकदमा लिखा कर जेल भेजवाने और उसकी जमीन हड़पना चाहते हैं। जज अंकुर शर्मा ने साक्ष्यों व विरोधाभासी बयानों पर घटना को अविश्वसनीय मानकर हरीराम को दोषमुक्त कर दिया।

# डॉ मुखर्जी के सपनों को साकार कर रही मोदी सरकार: डा0 आर ए वर्मा

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर




भारतीय जनसंघ के संस्थापक और भारत की एकता अखंडता के लिए बलिदान देने वाले भारत माता के महान सपूत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 122 वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गयीं। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए. वर्मा व भाजपाइयों ने जिला पंचायत गेट स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।भाजपा जिलाध्यक्ष डा.आरए वर्मा ने नगर अध्यक्ष आकाश जायसवाल के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा डा.मुखर्जी देश में दो विधान,दो निशान और दो प्रधान के प्रबल विरोधी थे। जम्मू कश्मीर से धारा 370 खत्म करना डा.मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि है। केन्द्र की मोदी सरकार डा. मुखर्जी के सपने को साकार करने का काम कर रहीहै। पूर्व जिलाध्यक्ष डा. सीताशरण त्रिपाठी ने कहा डॉ मुखर्जी ने सत्ता प्राप्ति के लिए नहीं बल्कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए पूरा जीवन खपा दिया। उनके सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के विचार चिरकाल तक प्रासंगिक रहेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने कहा उनके ऊंचे आदर्श लाखों लोगों को आज भी प्रेरित करते रहते हैं।पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने कहा मुखर्जी के विचार कार्यकर्ताओ को ताकत व प्रेरणा देते हैं।संचालन नगर अध्यक्ष आकाश जायसवाल ने किया। नगर में आयोजित कार्यक्रम में जिला महामंत्री संदीप सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, डॉ प्रीति प्रकाश, अखिलेश जायसवाल, काली सहाय पाठक, डॉ अनुराग पाण्डे, अजय सिंह लीडर, एलके दूबे, डॉ बलराम मिश्रा, शिवमूर्ति पाण्डे, रवि श्रीवास्तव, कोकिला तिवारी, राम चरित्र पाण्डे, कृष्ण नारायन तिवारी, अवध कुमार सिंह, अरूण द्विवेदी, बाबी सिंह, विनोद मिश्र, संतोष दूबे, सतनाम सिंह, रचना अग्रवाल, मनोज गोस्वामी, धर्मेन्द्र द्विवेदी,मंजू तिवारी, रेनू सिंह, प्रदीप मिश्र, राजकुमार सोनी, सभासद अरविन्द यादव, रचना अग्रवाल, सौरभ पाण्डेय, प्रशांत द्विवेदी, अजय विक्रम सिंह, रामदेव अग्रहरि, विनय मालवीय, मोहित साहू आदि ने डॉ मुखर्जी को नमन् करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

# डुप्लीकेट कपड़े बिकने की शिकायत पर कम्पनी ने मारा छापा

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

कोतवाली नगर थाना क्षेत्र में लेविस कम्पनी की टीम ने कई दुकानों पर कम्पनी के डुप्लीकेट कपड़े बिकने की शिकायत पर पुलिस के साथ मारा छापा। आज कम्पनी के कर्मी कोतवाली पहुँच कर पुलिस टीम लिया। नगर कोतवाल राम आशीष उपाध्याय के निर्देश पर टीम ने गन्दा नाला स्थित छोटी मस्जिद गली के निकट आरिस गारमेंट पहुँची जहां डुप्लिकेट माल बेचते हुए सलमान नामक युवक को करीब पांच दर्जन जीन्स के साथ गिरफ्तार किया। कुड़वार नाका रोड स्थित स्पार्की नाम की दुकान पर सबसे पहले पड़ा छापा।

नकली माल मिलने के बाद दुकान संचालक मेराज को लेकर टीम ने गन्दानाला स्थित संतोष रेडीमेड पर भी मारा छापा। कुछ माह पहले स्पार्की टीम ने भी छापा मारकर नकली स्पार्की ब्रांड का कपड़ा बेचने की संतोष रेडीमेड के खिलाफ दर्ज करवाया था शिकायत। दुकान संचालक संतोष भेजा गया था जेल। ब्रांडेड कम्पनी के नकली कपड़े बेचने वालों में हड़कम्प। गोलघाट और पांचोपिरन में भी बफैलो कम्पनी की डुप्लीकेट जीन्स बिक रही। सूचना मिलते ही नम्बर दो का माल बेचने वाले दुकान का शटर गिराकर भाग निकले।

## दबिश में 30 लीटर अवैध शराब पकड़ी गई, दो मुकदमे पंजीकृत

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** उपआबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में शुक्रवार को क्षेत्र 4 तिलोई के ग्राम हतवा थाना जायस में दबिश देकर करीब 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 300 किलो लहन मौके पर नष्ट किया गया एवं दो के खिलाफ मुकदमें पंजीकृत किये गये ।मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को अवैध शराब के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया तथा अवैध शराब की बिक्री के सम्बन्ध में विभागीय टोल फ्री नंबर अथवा आबकारी निरीक्षक के नंबर पर सूचित करने हेतु प्रेरित किया गया।

**नोटिस नमूना आम**

**न्यायालय श्रीमान् प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, रायबरेली**

**मुकदमा संख्या–824/2022**

1–श्रीमती वन्दना अवस्थी, उम्र–32 वर्ष, पत्नी–पूर्णेन्द्र अवस्थी, पुत्री–अरूण कुमार शुक्ला,
2. तरूण अवस्थी, उम्र–2.5 वर्ष, पुत्र–पूर्णेन्द्र अवस्थी, नाबालिक (संरक्षिका माता श्रीमती वन्दना अवस्थी स्वयं) निवासीगण–सहदेमऊ, थाना सरेनी, जिला रायबरेली।

**...प्रार्थिनी/याचीगण**

**बनाम**

1. पूर्णेन्द्र अवस्थी, उम्र–34 वर्ष, पुत्र–रामनन्दन अवस्थी, निवासी–ग्राम–पाटन, तकिया, थाना–बिहार, जिला–उन्नाव।

**...प्रतिपक्षी**

चूँकि उपरोक्त वाद में प्रार्थिनी श्रीमती वन्दना अवस्थी ने इस न्यायालय में अं0 धारा–125 सीआरपीसी के अन्तर्गत आपके खिलाफ वाद दायर किया है जिसमें आपको सम्मन किया जाता हैं कि आप 20.07.2023 को 10 बजे अपरान्ह् कोर्ट में आप स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा जो आपके द्वारा दिए गए जवाब दे सकने में सक्षम हो, कोर्ट में उपस्थित हों। अत: आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि यदि आप नियत पेशी पर उपस्थित होने में असफल होते हैं, तो उक्त आवेदन की सुनवाई एकपक्षीय करके वाद निस्तारित कर दिया जायेगा।

**जारी करने की तिथि**
**दिनांक-07.07. 2023**
**हस्ताक्षर**
**श्रीमान प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, रायबरेली।**

## चकबंदी न कराने के पक्ष में खड़े गांव के किसान ग्रामीणों ने किया चकबंदी का विरोध



जन एक्सप्रेस। रायबरेली

चकबंदी विभाग के अधिकारियो व ग्रामीणों की बैठक में थुलवांसा गांव के सैकड़ो ग्रामीणों ने चकबंदी न कराने के पक्ष में खड़े हुए। मामला सदर तहसील क्षेत्र के थुलवांसा गांव का है जहाँ गांव के सैकड़ो किसानो की सहमति से गांव में चकबंदी न कराने को लेकर उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल कर स्टे ले लिया था।

मामले को कोर्ट ने संज्ञान में लेते हुए चकबंदी व तहसील के कर्मचारियों को ग्रामीणों के साथ बैठक कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने की बात की थी। जिसको लेकर बृहस्पतिवार को चकबंदी के अधिकारियो व ग्रामीणों की मीटिंग बुलाई गई जिससे ग्रामीणों ने चकबंदी न करवाने की बात रखी। जिसको लेकर बैठक में काफी गहम-गहमी के बीच तनाव पूर्ण मामला देखने को मिला। वही थुलवांसा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जीतेन्द्र यादव व अन्य ग्रामीणों से बात की गई तो उन्होंने बताया गांव के दर्जनों लोगो ने चकबंदी न कराने को लेकर कोर्ट से स्टे ले लिया है। अधिकारियो व ग्रामीणों की बैठक बुलाई गई थी जिसमे लगभग 90 प्रतिशत लोग चकबंदी न कराने के पक्ष में दिखे। इस बैठक में मुख्यरूप से चकबंदी सी0ओ0 तहसीलदार अनिल पाठक, लेखपाल उपेंद्र सिंह, सुभाष यादव, ब्रजेश सिंह सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

# वन महोत्सव सप्ताह के तहत वृक्षारोपण कर दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला, रायबरेली में 1 से 7 जुलाई तक वन महोत्सव सप्ताह का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत प्रकृति संरक्षण से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये, महोत्सव सप्ताह के प्रथम दिन बच्चों को बृक्षों के महत्व के विषय में विशेष जानकारी दी गई एवं उन्हें वृक्षारोपण के प्रोत्साहित किया गया, द्वितीय व तृतीय दिवस में 'वन हमारे रक्षक' शीर्षक पर चित्रकला प्रतियोगिता, चतुर्थ दिवस में वृक्षों की पहचान विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पंचम दिवस में वृक्ष धरा के आभूषण विषय पर भाषण प्रतियोगिता, षष्ठम दिवस में वृक्ष और मानव जीवन पर वाद-विवाद प्रतियोगिता के साथ ही अंतिम दिवस में विद्यालय प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति, उप-प्रधानाचार्य मो0 फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, आरजू यादव, मनीष तिवारी, शाहीन खान, रामदेव जी, वेद प्रकाश मिश्र, नरेन्द्र कुमार, अवधेश शर्मा, बालजी पाण्डेय एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी राकेश अवस्थी ने अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं के साथ वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण का प्रेरक संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन में विद्यालय प्रधानाचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि वन महोत्सव से ही मानव महोत्सव संभव है। वृक्षारोपण करना प्रत्येक मानव का कर्तव्य है, क्योंकि वृक्ष ही इस पृथ्वी के आभूषण हैं, उनके बिना पृथ्वी के सौंदर्य की परिकल्पना भी नहीं जा सकती, इसके साथ ही वृक्ष हमारे लिए प्राण वायु प्रदान करते हैं जो मानव जीवन का आधार है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कर करेत्तर के कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न



जन एक्सप्रेस। रायबरेली

जिलाधिकारी श्रीमती माला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बचत भवन सभागार में कर करेत्तर, वसूली एवं राजस्व कार्यो की प्रगति की मासिक समीक्षा बैठक की गई। जिलाधिकारी ने परिवहन, आबकारी, विद्युत, व्यापार कर, खनन, स्टाम्प, नगर निकाय सहित अन्य विभागों के राजस्व वसूली की समीक्षा किया तथा कम वसूली वाले विभागों को प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम, तहसीलदार व नायब तहसीलदार को निर्देश दिये कि वरासत व अन्य राजस्व के कार्यों सहित जन समस्याएं सुनकर मौके पर ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी एसडीएम व तहसीलदारों से कहा कि अपने क्षेत्रों में राजस्व कार्यों की प्रगति के लिए नियमित रूप से निरीक्षण कर कार्यवाही करें। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारी से कहा कि अवैध वाहनों एवं यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों पर चालान करने की भी कार्यवाही नियमानुसार की जाए। जिलाधिकारी ने वाणिज्य कर विभाग को निर्देश दिये कि अपना प्रवर्तन का कार्य बढ़ाये और नियमानुसार कर आदि का वसूली को सुनिश्चित करें। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वि0रा0 पूजा मिश्रा, नगर मजिस्ट्रेट प्रकाश चन्द्र सहित समस्त उप जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

# लखनऊ एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । लखनऊ । शनिवार । 08 जुलाई 2023


**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 27°C |
| कानपुर | 40°C | 28°C |
| देहरादून | 31°C | 26°C |
| नई दिल्ली | 41°C | 27°C |

# निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम संचालकों की झलकी पीड़ा वन विंडो सिस्टम न होने से महीनों काटने पड़ते हैं चक्कर

जन एक्सप्रेस। विश्वामित्र पांडेय

लखनऊ। राजधानी सहित प्रदेश के अन्य जिलों में भी निजी अस्पतालों द्वारा इलाज के नाम पर हो रहे मरीजों का दोहन शासन की समूची व्यवस्था पर बड़ा प्रश्नचिन्ह है, लेकिन मंत्री जी अपने कार्यक्रम में व्यस्त हैं और अधिकारी मंत्री जी की आवभगत में। इस बीच बड़ा सवाल यह है की आम जनमानस और अस्पताल व नर्सिंग होम संचालकों की पीड़ा पर कोई ध्यान देने वाला नहीं। बताते चलें कि शहर में चल रहे अवैध नर्सिंग होम व अवैध अस्पतालों पर अंकुश लगाने के लिए यदा-कदा सीएमओ की टीम छापेमारी कर एक आधी अस्पतालों को सीज भी कर देती है, लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी रही है।


राजधानी में बढ़ रहे अवैध नर्सिंग होम और हॉस्पिटल पर कब लगेगा विराम?


योगी सरकार के सफल चिकित्सा मॉडल में कालिख पोतते प्राइवेट नर्सिंग के फर्जी डॉक्टर कैसे करते हैं मरीजों का दोहन?


अवैध रूप से संचालित हो रहे नर्सिंग होम और अस्पतालों में स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी शुरू
बिना वैध पंजीकरण के संचालित एक निजी अस्पताल हुआ सीज




### इन क्षेत्रों में मानक विहीन और अवैध नर्सिंग होम व अस्पतालों का जखीरा

फिलहाल राजधानी में कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां बहुतायत संख्या में अवैध अस्पतालों की भरमार है, जिनमे से सरोजिनी नगर, मोहनलालगंज, दुबग्गा, काकोरी, राजाजीपुरम के साथ साथ शहर के प्रतिष्ठित जगहों पर भी इनका संचालन हो रहा है। फिलहाल ये अवैध अस्पताल लखनऊ के मुख्य चिकित्साधिकारी डा. मनोज अग्रवाल की पहुंच से काफी दूर हैं क्योंकि साहब को न ही किसी से मिलने की फुरसत है न कहीं जाने की।



"सीएमओ द्वारा टीम बनाकर लगातार निरीक्षण व कार्यवाही सुनिश्चित करना चाहिए। सीएचसी स्तर पर भी प्रभारी चित्साधिकारी को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना आवश्यक है, साथ ही आम नागरिक को भी इसका ध्यान देना चाहिए कि वह जिस अस्पताल में अपने मरीज को ले जा रहा है वह वैध है या नहीं।

-डा.अजय शंकर त्रिपाठी चिकित्सा अधीक्षक श्री राज नारायण लोकबंधु संयुक्त चिकित्सालय, लखनऊ।

### वन विंडो सिस्टम से समय और धन की बचत, इलाज भी होगा सस्ता

कुछ निजी नर्सिंग होम संचालकों से बात करने पर कुछ बिंदु सामने आए हैं कि यदि नए अस्पताल व नर्सिंग होम के पंजीकरण की व्यवस्था के साथ-साथ जिन विभागों से एनओसी लेनी पड़ती है उन सभी विभागों की सेवाएं वन विंडो सिस्टम के तहत और निर्धारित समय में होने लगे तो संचालकों का समय और धन दोनों बचेगा, जिससे मरीजों को सस्ते इलाज की सुविधा भी मिल सकेगी।

नाम न छापने की शर्त पर एक अस्पताल संचालक ने बताया कि सीएमओ ऑफिस से लेकर एनओसी लेने तक लाखों रुपए सिर्फ चढ़ावे में खर्च हो जाते हैं और इतनी लागत लगाने के बाद वसूली भी उसी तरह होती है। ऐसे में सीधे तौर पर यही कहा जा सकता है कि भ्रष्टाचार ही महंगे इलाज का कारण बना हुआ है।

अब राजधानी भी स्वच्छता रैंकिंग में गाड़ेगी झंडे

# लखनऊ नगर निगम को मिला इंदौर आईआईएम का साथ



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे महानगरों को पछाड़कर इंदौर स्वच्छता में शीर्ष पर है तो उसके पीछे सक्रिय सरकारी मशीनरी व जनसहभागिता के अलावा आइआइएम इंदौर का योगदान भी कम नहीं है। इंदौर की तरह ही लखनऊ भी स्वच्छता रैंकिंग में आगे बढ़े इसके लिए लखनऊ नगर निगम को आइआइएम इंदौर का साथ मिला है। शुक्रवार को आइआइएम इंदौर और लखनऊ नगर निगम के बीच एक एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर किए गए। स्वच्छता के अलावा आइआइएम इंदौर लखनऊ की चिकनकारी की ब्राडिंग और मार्केटिंग भी करेगा जिसके लिए लखनऊ जिला प्रशासन से एक समझौता हुआ है।

आइआइएम इंदौर के निदेशक हिमांशु राय और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने जिलाधिकारी कार्यालय में स्वच्छता पर मिलकर काम करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस मौके पर हिमांशु राय ने कहा कुशल प्रबंधन और जनसहभागिता से इंदौर की तरह लखनऊ भी स्वच्छता में शीर्ष पर आ सकता है।

### लखनऊ को और स्वच्छ बनाने पर दिया जायेगा ध्यान

लखनऊ को और स्वच्छ बनाने के लिए नगर निगम के साथ मिलकर काम करेंगे। संसाधनों का कैसे और बेहतर इस्तेमाल हो इस पर बात करेंगे। स्मार्ट सिटी लखनऊ के लिए क्या प्राथमिकताएं होनी चाहिए इस पर काम करेंगे। वहीं लखनऊ की चिकनकारी को लेकर भी आइआइएम के निदेशक हिमांशु बेहद उत्साहित दिखे।

# यूपी में अब फसलों की होगी ई-पड़ताल

## सभी जिलों में फसलों की स्थिति जानने के लिए खास डिजिटल क्रॉप सर्वे



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

देश के 'फूड बास्केट' के तौर पर प्रसिद्ध यूपी कृषि उत्पादन के साथ ही किसानों की समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सरकार किसानों के सामने मौसमी परिवर्तन के कारण फसलों को होने वाले नुकसान से बचाने और उन तक सरकारी अनुदान, योजनाएं व स्कीमों का लाभ पहुंचाने के लिए डिजिटल क्रॉप सर्वे 'ई-पड़ताल' की शुरुआत करने जा रही है। खरीफ सीजन में न केवल इस डिजिटल सर्वे के माध्यम से फसलों के निरीक्षण प्रक्रिया की शुरुआत का रास्ता साफ हो गया है, बल्कि रबी-जैद समेत प्रदेश में अन्य डिजिटल क्रॉप सर्वे को लेकर रोडमैप का निर्धारण हो चुका है।

इस विशिष्ट सर्वे का उद्देश्य राज्य में फसलों से संबंधित डाटा की वास्तविकता का निर्धारण कर एक एकल, सत्यापित स्रोत के रूप में कार्य करते हुए ऐसे इको-सिस्टम व डाटाबेस को विकसित करना है जिससे जरूरत पड़ने पर विभाग आंकड़ों के जरिए रियल टाइम में स्थितियों का आंकलन कर कार्रवाई को अंजाम देने में सक्षम होगा। इस सर्वे में प्रदेश के 75 जिलों के 350 तहसीलों में 31002 लेखपाल के अधीन क्षेत्रों के 35983 ई पड़ताल क्लस्टर्स के डाटा को समावेशित किया जाएगा। इसमें प्रत्येक क्लस्टर्स में फसलों की स्थिति, उनकी तस्वीरों और अन्य संबंधित आंकड़ों का संकलन किया जाएगा।

### डाटाबेस की तरह करेगा काम

सर्वे में फसलों से जुड़े आंकड़ों के संकलन के पूरा हो जाने पर यह डाटाबेस के तौर पर उनकी स्थिति का एक विस्तृत ब्योरा पेश करने में सक्षम होगा। इसके आधार पर विभागों द्वारा किसानों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने, फसलों के मूल्य के निर्धारण में मदद समेत कई महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी मिल सकेगी। फिलहाल, प्रदेश में खरीफ सीजन की शुरुआत 15 जून से हो चुकी है, ऐसे में खरीफ सीजन के लिए सर्वे की तैयारी शुरू हो गई है। माना जा रहा है कि 10 अगस्त से 25 सितंबर के मध्य खरीफ सीजन में सर्वे को अंजाम दिया जाएगा। रबी सीजन के लिए 1 जनवरी से 15 फरवरी और जैद सीजन में सर्वे के लिए 1 मई से 31 मई के बीच की समयावधि तय की गई है। वहीं, जरूरत पड़ने पर अक्टूबर के महीने में एक अन्य स्पेशल सर्वे को भी अंजाम दिया जा सकता है।

### सर्वे के लिए दी जाएगी विशिष्ट ट्रेनिंग

इस सर्वे को अंजाम देने के लिए प्रत्येक जिलों में डिस्ट्रिक्ट मास्टर ट्रेनर्स और तहसील स्तर पर तहसील मास्टर ट्रेनर्स का निर्धारण कर उन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्हें लखनऊ स्थित कृषि भवन में तीन दिन की कार्यशाला में संबंधित ट्रेनिंग दी जाएगी।

# टीटीके प्रेस्टीज ने पीआईसी 20 विज 1600 डब्ल्यू कुकटॉप को किया लॉन्च

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

भारत के सबसे ज्यादा बिकने वाले कुकटॉप, टीटीके प्रेस्टीज के पीआईसी 20 को व्हिसल काउंटिंग फीचर की सुविधा के साथ अपग्रेड किया गया है और इसे पीआइसी 20 विज 1600 डब्ल्यू के तौर पर लॉन्च किया गया है। यह फीचर केवल टीटीके प्रेस्टीज में है जोकि टिकाऊ और अभिनव रसोई उपकरणों के लिए एक भरोसेमंद ब्रांड है।

व्हिसल काउंटिंग का ये अभिनव फंक्शन प्रेशर कुकर में खाना बनाने के दौरान उपयोगकर्ता को अपने हिसाब से व्हिसल को सेट करने और ऑटोमैटिक रूप से व्हिसल के पूरा हो जाने के बाद उसे बंद करने की सुविधा देता है। एक साथ कई काम करने वाली गृहणियों के लिए चॉक-ए-ब्लॉक शेड्यूल के साथ यह एक बेहतरीन फीचर है। खाना बनाना अब उनके लिए सबसे कम फिक्र करने वाला काम रह गया है और इस उपकरण में अनूठे फीचर के साथ प्रेशर कुकर में बार-बार व्हिसल को देखने की परेशानी से मुक्ति मिल गई है। यह व्हिसल काउंटर अपने आप ही व्हिसल की संख्या तय कर लेता है और फिर उसे 'ऑटोमैटिक कीप वॉर्म' मोड पर ले आता है, जिससे लगातार निगरानी रखे बिना कुकिंग हो पाती है। इससे खाना गर्म रहता है और जब घर के लोग खाना खाने के लिए तैयार होते हैं तो इसका भरपूर आनंद ले सकते हैं।

पिछले कई सालों से पारंपरिक गैस चूल्हों की तुलना में कई फायदों की वजह से इंडक्शन कुकिंग ज्यादा लोकप्रियता हासिल कर रही है। गैस स्टोव की तुलना में इंडक्शन कुकटॉप, 25 प्रतिशत ज्यादा दक्षता से काम करता है, जिससे ऊर्जा की काफी ज्यादा बचत होती है।

यह नया पीआईसी 20 विज इंडक्शन कुकटॉप खासतौर से कई सारे भारतीय भोजन के विकल्पों के साथ डिजाइन किया गया है। इसकी मदद से उपयोगकर्ता महज एक बटन को दबाकर चपाती, इडली और डोसा जैसे विशुद्ध भारतीय डिशेज को बिना किसी परेशानी के बना सकते हैं। इतना ही नहीं, यह डिशेज को भूनने की भी सुविधा देता है। यह कुकटॉप कुकिंग के कई उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

3 साल में किए 100 ऑर्गन ट्रांसप्लांट

# लखनऊ के निजी अस्पताल में 94 किडनी और 13 लिवर के सफल ट्रांसप्लांट करने का दावा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ के निजी अस्पताल अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल ने 100 सफल अंग प्रत्यारोपण सर्जरी करने में कामयाबी हासिल की है। राजधानी और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को अल्ट्रामॉडर्न मेडिकल फैसिलिटी से इलाज करने का दावा करते हुए अस्पताल प्रशासन ने कैडवेरिक ट्रांसप्लांट यानी मृत शरीर से मिलने वाले ऑर्गन जैसे लिवर और किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा भी उपलब्ध होने का दावा किया हैं।

इस दौरान अपोलो अस्पताल के ग्रुप मेडिकल डायरेक्टर और सीनियर पेडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. अनुपम सिब्बल ने बताया कि अपोलो ट्रांसप्लांट प्रोग्राम अल्ट्रा मॉडर्न मेडिकल टेक्नोलॉजी के माध्यम से सेवाएं उपलब्ध कराने वाला दुनिया के सबसे बड़े ऑर्गन ट्रांसप्लांट प्रोग्राम्स में से एक है। उन्होंने दावा किया कि अपोलो के ट्रांसप्लांट कार्यक्रम के तहत साल 2012 से सालाना 1200 से अधिक आर्गन ट्रांसप्लांट हो रहे हैं रहे हैं। इस प्रोग्राम के तहत एक कैलेंडर वर्ष में 1000 से अधिक प्रत्यारोपण के महत्वपूर्ण आंकड़े को हासिल किया गया था।

उन्होंने बताया कि भारत में अंगदान की दर बेहद कम है, देश में प्रति दस लाख लोगों पर केवल 0.08 अंगदान होते हैं। यह क्रोएशिया जैसे देशों की तुलना में बहुत कम है, जहां प्रति दस लाख लोगों पर अंगदान की दर 36.5 है। 2021 में।भारत में 552 अंग दाता ही उपलब्ध थे, जो लास्ट स्टेज के ऑर्गन फेलियर से पीड़ित 1519 रोगियों की जान बचाने में सहायक सिद्ध हुए। उन्होंने इस दिशा में तत्काल कदम उठाने पर जोर दिया हैं।




### कैडेवर ट्रांसप्लांट के लिए खुद से होना होगा जागरूक

अस्पताल के एमडी डॉ. मयंक सोमानी ने इसे बड़ी उपलब्धि करार देते हुए लोगों को अंगदान के बारे में जागरूक रहने पर जोर देते हैं। उन्होंने दावा किया कि अपोलो में मृत्यु के बाद अंगदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता हैं। इस प्रयास से अंग प्रत्यारोपण के जरूरतमंद लोगों की बहुत मदद होगी और यह उन्हें अपने नई जीवन की शुरुआत की उम्मीद देगा।

जमीन बिक गई सोते रहे नगर निगम अधिकारी

# एसडीएम की जांच में खुलासा, नगर निगम की 223 बीघा जमीन बेच डाली

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

नगर निगम में एक बड़ा भ्रष्टाचार सामने आया है। नगर निगम की करीब 223 बीघा जमीन जिसकी मार्केट में कीमत करीब 30 करोड़ रुपए है बेच दी है। आरोप है कि यह खेल अंसल एपीआई बिल्डर ने किया है। एसडीएम सरोजनी नगर की जांच में यह मामला खुला है। अब बिल्डर और मामले में शामिल लोगों के खिलाफ नगर निगम मुकदमा दर्ज कराने की बात कर रहा है।

यहां तक की इस जमीन पर अब मकान , कोठी और बाकी निर्माण हो चुका है। सरोजनीनगर के एसडीएम सिद्धार्थ ने इसको लेकर नगर आयुक्त को पत्र लिखा है। इसमें जमीन पर हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त करा उसे खाली कराने को कहा गया है। हालांकि अब यह काम बहुत मुश्किल है। ऐसे में नगर आयुक्त ने अंसल एपीआई को पत्र लिख इसके बदले दूसरी जगह इतनी ही जमीन देने को कहा गया है। नगर निगम ने बिल्डर को एक महीने का समय दिया है। बताया गया है कि अगर एक महीने में बिल्डर ने उतनी जमीन नगर निगम को नहीं दी तो बाकी निर्माण ध्वस्त करा कर जमीन ले लिया जाएगा। उसमें जो खर्च आएगा उसका भुगतान भी बिल्डर को ही करना होगा। आरोप है कि अंसल एपीआई बिल्डर ने अपनी सुशांत गोल्फ सिटी योजना में बड़े पैमाने पर सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे कर लोगों को बेच दिया। इस पर हजारों लोगों के मकान, अपार्टमेंट और बंगले बन गए हैं।

### तालाब और बंजर जमीन बेची गई

बताया जा रहा है कि कमिश्नर के यहां इसकी शिकायत आई थी। उसके बाद उन्होंने इसकी जांच एसडीएम, तहसीलदार और लेखपाल को दिया था। वहां से जांच में खुलासा हुआ। उसमें पता चला कि तालाब की जमीन को भी बिल्डर की तरफ से बेचा गया है। उसके अलावा बंजर और उसर जमीन भी बेची गई है। सरोजनीनगर एसडीएम सिद्धार्थ ने 17 जून को पत्र लिखा था। इसमें नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, डीएम सूर्यपाल गंगवार, कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब तथा अपर आयुक्त न्यायिक को मामले की जानकारी दी गई थी। इसमें पूरीजांच रिपोर्ट भेजी गई है।

# 147 लाभार्थियों को बांटे पीवीसी आयुष्मान कार्ड

## ग्राम पंचायत मवई कलां के प्राथमिक विद्यालय में कार्ड वितरण कार्यक्रम आयोजित




जन एक्सप्रेस। बीकेटी, लखनऊ

लखनऊ के बख्शी का तालाब क्षेत्र में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत चयनित अभ्यर्थियों को विशेष पीवीसी आयुष्मान कार्ड वितरित किए गये। बता दें कि शुक्रवार को बीकेटी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इंदौराबाग के अधीक्षक व मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से प्रतिनिधित्व करने वाली टीम के सदस्यों ने लाभार्थियों को पीवीसी आयुष्मान कार्ड वितरित किये। आपको बता दें कि बख्शी का तालाब खंड विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत मवई कलां में विशेष पीवीसी आयुष्मान कार्ड वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुक्रवार दोपहर बाद तक चले इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत मवाई कला के चयनित 147 लाभार्थियों को विशेष पीवीसी आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मवाई कला ग्राम पंचायत की ग्राम प्रधान किरण रावत व बीकेटी इंदौराबाग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ जेपी सिंह, कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से प्रतिनिधित्व करने वाली टीम के विवेक चित्रांश, मसर्रत जमा खान, आरोग्य मित्र, पंचायत सहायक एवं आशा बहुओं सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन मवाई कला ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में किया गया। वहीं इस संबंध में डाक्टर जेपी सिंह ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का उद्देश्य गरीब से गरीब व्यक्ति को उच्च स्तर की स्वस्थ्य सुविधाएं मुहैया हो सके। वहीं अंतिम व्यक्ति तक आयुष्मान बीमा योजना के तहत पांच लाख रुपए तक का इलाज बड़े से बड़े अस्पताल में आयुष्मान कार्ड धारक को निशुल्क चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाएगी वहीं मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से पहुंचे प्रतिनिधित्व करने वाली टीम के विवेकचित्रांश ने बताया कि ग्राम पंचायत मवई कलां क्षेत्र के चिन्हित लाभार्थियों को पीवीसी आयुष्मान कार्ड वितरण कार्यक्रम का उद्देश्य गरीब ग्रामीण का आयुष्मान कार्ड सुरक्षित रहेगा।

### योजना का उद्देश्य गरीब को उच्च स्तर की सुविधाएं मुहैया कराना : डॉ जेपी सिंह

# लखनऊ बीएसए कार्यालय के बिजली मीटर में लगी आग

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

शिक्षा भवन स्थित बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) कार्यालय के बिजली के मीटर में शुक्रवार को आग लगने से हड़कंप मच गया। कर्मचारियों ने इसकी सूचना फायर विभाग को दी। वहां लगे उपकरण से आग बुझाने की कोशिश की। फायर विभाग की एक गाड़ी मौके पर पहुंची, तब तक आग बुझ चुकी थी। घटना शुक्रवार को दोपहर करीब 1.30 बजे के आसपास की है। यहां अंतर जनपदीय स्थानांतरण से आए शिक्षकों के अभिलेखों का सत्यापन किया जा रहा था। तभी बीएसए के कमरे के बगल में जीने के नीचे बिजली के मीटर में अचानक आग लग गई। इससे वहां हड़कंप मच गया। कार्यालय के कर्मचारी व सत्यापन के लिए आए शिक्षक बाहर की ओर भागे। तुरंत पूरा कार्यालय खाली कराया गया। कुछ कर्मचारी वहां रखे फायर उपकरण से आग बुझाने लगे लेकिन धुआं अधिक होने से उन्हें भी दिक्कत हुई। आग इतनी तेज थी कि पूरा बिजली मीटर जलकर राख हो गया। करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद कर्मचारियों ने आग बुझा दी।

# यूसीसी की मुल्क में कोई जरूरत नहीं : खालिद रशीद

## ऐशबाग ईदगाह में लोगों से की विरोध करने की अपील



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ के ऐशबाग ईदगाह में शुक्रवार को जुमे की नमाज अदा की गई। इस दौरान मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली वहां पर मौजूद रहे। उन्होंने मुसलमानों से विधि आयोग की रिपोर्ट पर अपनी राय देने और यूसीसी का विरोध करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ईदगाह के अंदर क्यूआर कोड लगाया गया है। हेल्प डेस्क भी बनाई गई है। इसके जरिए कम से कम 20 लोग ईमेल आईडी से विधि आयोग को अपनी राय भेजें।

### सिविल कोड की मुल्क में कोई जरूरत नहीं

खालिद रशीद फिरंगी महली ने कहा कि यूनिफॉर्म सिविल कोड की मुल्क में कोई जरूरत नहीं है। इसका मसला सिर्फ मुस्लिम का नहीं, बल्कि कई और कम्यूनिटीज का है। 5 साल पहले भी इसपर चर्चा हुई थी, जिस पर 21 वें लॉ कमीशन ने कहा था कि मुल्क को इसकी जरूरत नही है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने भी एक लेटर जारी किया है जिसमें लोगों से उनकी राय मांगी गई है। कहा गया है की यूसीसी का सभी लोग विरोध करें।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# युवा सपनों की उड़ान 'ग्राम ज्ञानालय'

देश की चर्चित ऑनलाइन कोचिंग संस्थान खान सर और दूसरी अकेडमिक कोचिंग सेवाओं की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रतियोगिता दर्पण, क्रॉनिकल और अन्य स्तरीय मासिक पत्रिकाएं और अच्छे प्रकाशन की महंगी किताबें उपलब्ध हैं। जिलाधिकारी गौरांग राठी बताते हैं कि पूर्वांचल के युवाओं में पढ़ने की एक अजीब लगन हमने देखी है। वे पढ़ना चाहते हैं लेकिन यहां सामान्य कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए सुविधाएं बेहतर उपलब्ध नहीं हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं है कि वह दिल्ली प्रयागराज, वाराणसी, जयपुर या दूसरे शहरों में जाकर प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग ले सकें।

*कल्पनाएं जब सजती और संवरती हैं तो उम्मीदों को पंख लग जाते हैं। इरादे और हौसले मजबूत हो जाते हैं। मंजिल खुद-ब-खुद तय हो जाती है। पूर्वांचल के भदोही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ग्रामीण विकास की सोच जमीन पर उतरती दिखती है। भदोही कालीन का हब है। यहां कालीन तैयार होते हैं। देश के नए संसद भवन में भदोही की कालीन बिछाई गई हैं। पूर्वांचल में वैसे अच्छे खासे शैक्षिक संस्थान हैं। काशी हिंदू विश्वविद्यालय और संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय यहां की शैक्षणिक और सांस्कृतिक धरोहर हैं। लेकिन पूर्वांचल की 70 फीसदी आबादी कृषि अर्थव्यवस्था पर निर्भर है। यहां पलायन अधिक है। आर्थिक विपन्नता की वजह से युवाओं के प्रतियोगी स्पर्धा के सपने अधूरे रह जाते हैं। लेकिन उन सपनों को पूरा करने के लिए भदोही जनपद से शुरू हुई एक नवाचार की पहल उत्तर प्रदेश और देश के लिए एक मिसाल बनती दिखती है। भदोही के युवा जिला कलेक्टर गौरांग राठी की एक अनूठी पहल पूरे उत्तर प्रदेश और देश की सोच बदल सकती है। भदोही को शहर-ए-कालीन भी कहा जाता है। दुनिया भर से यहां कालीन निर्यात होता है। हालांकि शैक्षिक विकास को लेकर यहां बहुत कुछ नहीं हुआ है। लेकिन गांवों में नवाचार के तहत ग्राम ज्ञानालय की स्थापना कर युवाओं को नई दिशा देने की पहल शुरू की गई है। इस तरह ग्रामीण अंचलों में स्थापित किए जा रहे ग्राम ज्ञानालय में युवाओं के लिए अकादमिक स्तर की सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं। जनपद के 546 ग्राम पंचायतों में आधुनिक ग्राम ज्ञानालय की स्थापना की तरफ बड़ी तेजी से कदम बढ़ रहे हैं। भदोही जनपद में तकरीबन 150 गांवों में इसकी शुरुआत हो चुकी है। शुरू में ही जॉब की तैयारी करने और पढ़ने वाले करीबन 4000 युवा और छात्र-छात्राएं इससे जुड़कर उच्च गुणवत्ता परक शिक्षा ग्रहण कर रहें हैं। इसकी वजह से उनके शैक्षिक विकास का आधार बेहद मजबूत हो रहा है। पूरे देश में अपनी तरह का आधुनिक सोच को प्रदर्शित करने वाला यह ग्राम ज्ञानालय युवाओं को तेजी से आकर्षित कर रहा है। योगी सरकार के जनप्रतिनिधि इसमें बढ़-चढ़ कर सहभागिता करते दिखते हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में विकास प्राथमिकता के कार्यक्रमों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने पीपीटी के माध्यम से ग्राम ज्ञानालय के विजन से शासन को अवगत कराया है। मुख्य सचिव नवाचार की इस अनूठी पहल से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट को केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। इस तरह की सुविधा पूरे उत्तर प्रदेश और देश में उपलब्ध कराई जानी चाहिए। युवाओं में शैक्षणिक विकास और प्रतियोगी स्पर्धा पैदा करने के लिए यह नवाचार अपने तरह का अकल्पनीय है। युवाओं के सपनों को आयाम देने के लिए ग्राम पंचायतों में इस तरह के ज्ञानालय यानी वाचनालय की स्थापना की जा रही है। वाचनालय में भरपूर पुस्तक, फर्नीचर, सीसीटीवी, स्मार्ट टीवी और ऑनलाइन कक्षाओं की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा अभ्युदय योजना के तहत रिटायर्ड शिक्षक, प्रवक्ता और दूसरे विषय के विशेषज्ञ इन छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन कर रहे हैं। संबंधित पंचायत या ग्राम सचिवालय भवन में ही एक खास कमरा बनाकर वहां संचालित किया जा रहा है। गांव के पंचायत प्रतिनिधि इसमें खासी भूमिका निभा रहे हैं।*

## एक्सप्रेस आलेख

मुझे एक बार राजधानी के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में कुछ अफीकी नौजवान मिले। वे सब भारत में पढ़ रहे थे। वे अफीकी नौजवान स्टेडियम के बाहर व्यायाम कर रहे थे। मैंने उनसे कहा कि हम बेहतर खिलाड़ी इसलिए नहीं निकाल पाते क्योंकि हमारे यहां विश्व स्तरीय स्टेडियम नहीं है। मेरी बात को सुनकर वे दो-तीन अफीकी मुस्कराते हुए जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम की तरफ इशारा करते हुए कहने लगे 'इस तरह का शानदार स्टेडियम आपको सारे अफीका में कहीं भी नहीं मिलेगा। हमारे खिलाड़ी जीतते हैं तो सिर्फ इसलिए क्योंकि वे मैदान में जीत के जज्बे के साथ उतरते हैं।' संयोग से अब हमारे खिलाड़ियों के पास जीत का जज्बा और सुविधाएं दोनों हैं।



आर.के. सिन्हा

# नीरज चोपड़ा और फुटबॉल में जीत से भारतीय खिलाडियों का हौसला बुलंद

**बहरहाल, ये कहना पड़ेगा कि भारत खेलों में चौतरफा स्तर पर आगे बढ़ रहा है। हमारे खिलाड़ी महत्वपूर्ण उपलब्धियां दर्ज कर रहे हैं। हम अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजन भी सफलतापूर्वक तरीके से आयोजित कर रहे हैं। पर मुझे एक बात कहने दें कि हमें अपने बड़े-विशाल स्टेडियमों का सही से इस्तेमाल करने पर फोकस करना होगा।**

पिछले दिनों खेल जगत से आई दो खबरों ने हरेक भारतीय का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। पहली खबर थी कि ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने इस साल का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए लुसाने डायमंड लीग भी जीत लिया। नीरज चोपड़ा ने 87.66 मीटर भाला फेंककर पहला स्थान हासिल किया। चोट के बाद भी वापसी करते हुए नीरज चोपड़ा ने दूसरा डायमंड लीग जीता। इससे पहले दोहा डायमंड लीग में उसने 88.67 मीटर भाला फेंका था। दूसरी खुशी दी भारत की फुटबॉल टीम ने। भारत ने कुवैत को हराते हुए नौवीं बार सैफ फुटबॉल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम पर कर लिया। दोनों ही टीमें 90 मिनट के बाद भी एक्स्ट्रा टाइम तक 1-1 के स्कोर पर बराबर थीं। ऐसे में मैच का नतीजा पेनल्टी शूटआउट से निकला, जहां भारत ने अपने घरेलू दर्शकों के बीच कुवैत को 5-4 से हराया। इससे पहले सेमीफाइनल में भी भारत ने लेबनान को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया था। भारत को खेल के मैदान में चौतरफा मिल रही सफलताएं साबित करती हैं कि भारत में खेलों पर सरकार और निजी क्षेत्र पर्याप्त ध्यान दे रहा है। ये दोनों खेलों के विकास पर इनवेस्ट भी कर रहे हैं। ये कोई बहुत पुरानी बातें नहीं हैं जब अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजनों में भारत की लगभग सांकेतिक उपस्थिति ही रहा करती थी। हम हॉकी में तो बेहतर प्रदर्शन कर लिया करते थे, पर शेष खेलों में हमारा प्रदर्शन प्रायः औसत ही रहता था। हमारे खिलाड़ियों- अधिकरियों की टोलियां बड़े खेल आयोजनों में जाकर खाली हाथ वापस आ जाया करती थी। हिन्दुस्तानी खेल प्रेमियों की निगाहें तरस जाती थीं, एक अदद पदक को देखने के लिए। पर गुजरे एक दशक से स्थितियां तेजी से बदल रही हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि हम बैडमिंटन जैसे खेल में विश्व चैंपियन बनने लगे हैं, हमारा धावक ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतता है और क्रिकेट में तो हम विश्व की सबसे बड़ी शक्ति हैं ही। हमारी बेटियां वेटलिफ्टिंग तथा कुश्ती जैसी स्पर्धाओं में देश की झोली पदकों से भर देती हैं। हम बड़े खेल आयोजन भी कर रहे हैं। हमने पिछले साल चेन्नई



**देश की राजधानी दिल्ली में 1951 के पहले एशियाई खेल के बाद 1982 में एशियाई खेल हुए और फिर 2010 में कॉमनवेल्थ खेल आयोजित किए गए। इनके आयोजन पर हजारों करोड़ रुपया खर्च हुआ ताकि विभिन्न स्टेडियम आदि बन सकें।**

में 44वें शतरंज ओलंपियाड का आयोजन किया। जो पहली बार भारत में हुई। शतरंज ओलंपियाड चेन्नई से 50 किलोमीटर दूर मामल्लापुरम में हुआ और इसमें रिकॉर्ड खिलाड़ियों ने भाग लिया। नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक खेलों में भारत को गोल्ड मेडल दिलवाया। उनकी उपलब्धि पर सारा देश गर्व कर रहा है। हमने 2022 में थॉमस कप जीता था। लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत, एच एस प्रणय और सात्विक साईराज, रंकी रेड्डी-चिराग शेट्टी ने जो धैर्य और दृढ़ संकल्प दिखाया उसने उस धारणा को धराशायी कर दिया कि भारतीय खेलों के लिए नहीं बने हैं। लंबे समय से हम भारतीयों ने अपने मन में इन भ्रांतियों को पनपने भी दिया। कहा जाता रहा है कि भारतीयों में वह जीतने वाला दम-ख़म नहीं होता। हम सिर्फ देश में ही अच्छा खेलते हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेकार साबित होते हैं। अफसोस कि हमने खुद दूसरों को अपने ऊपर हंसने का पूरा मौका दिया है। हमने इस साल उड़ीसा में विश्व हॉकी चैंपियनशिप को भी आयोजित किया। अब हम विश्व कप क्रिकेट चैंपियनशिप की भी मेजबानी करने जा रहे हैं। 2023 क्रिकेट विश्व कप आईसीसी क्रिकेट विश्व कप का 13वां संस्करण होगा, जिसे अक्टूबर और नवंबर 2023 के दौरान आयोजित किया जाना है।यह पहली बार होगा जब प्रतियोगिता पूरी तरह से भारत में आयोजित की जानी है। पिछले तीन संस्करणों 1987, 1996 और 2011 में भारत आंशिक रूप से मेजबान था। मूल रूप से, टूर्नामेंट 9 फरवरी से 26 मार्च 2023 तक खेला जाना था।लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण जुलाई 2020 में, तिथियों को अक्टूबर और नवंबर में स्थानांतरित कर दिया गया। याद कीजिए कि हमने कुछ साल पहले फीफा अंडर 17 विश्व कप का भी आयोजन किया था। बहरहाल, ये कहना पड़ेगा कि भारत खेलों में चौतरफा स्तर पर आगे बढ़ रहा है। हमारे खिलाड़ी महत्वपूर्ण उपलब्धियां दर्ज कर रहे हैं। हम अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजन भी सफलतापूर्वक तरीके से आयोजित कर रहे हैं। पर मुझे एक बात कहने दें कि हमें अपने बड़े-विशाल स्टेडियमों का सही से इस्तेमाल करने पर फोकस करना होगा। मतलब ये कि इनमें युवा उदीयमान खिलाड़ी आराम से आकर अभ्यास कर सकें। देश की राजधानी दिल्ली में 1951 के पहले एशियाई खेलों के बाद 1982 में एशियाई खेल हुए और फिर 2010 में कॉमनवेल्थ खेल आयोजित किए गए। इनके आयोजन पर हजारों करोड़ रुपया खर्च हुआ ताकि विभिन्न स्टेडियम आदि बन सकें। 1982 के एशियाई खेलों के सफल आयोजन के लिए जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, इंदिरा गांधी स्टेडियम, करणी सिंह शूटिंग रेंज वगैरह का निर्माण हुआ था। कॉमनवेल्थ खेलों के समय पहले से बने स्टेडियमों को नए सिरे से विकसित किया गया। पर इतने भव्य आयोजनों के बाद भी दिल्ली से विभिन्न खेलों में श्रेष्ठ खिलाड़ी नहीं निकल पाए। दिल्ली को लघु भारत भी कहा जा सकता है। यहाँ देशभर के भारतीय नागरिक रहते हैं। यह स्थिति अफसोस जनक है कि दिल्ली से भारत को नामवर खिलाड़ी नहीं मिल रहे हैं।

## एक्सप्रेस कविता

*सिलसिले अधूरे होते हैं। हर बात को पूरा कर पाना संभव नहीं हो पाता, संबंधों की गर्माहट हमेशा ताजी नहीं रह पाती, पानी की लहरों की तरह आकार नहीं ले पाते संबंध, वे भी आकार रहित होते हैं, नाम देना लहरों को, लहराती हवाओं को किसके बस की बात है, उस खूबसूरत संबंध को अमलीजामा पहनाना बेमानी होगा, उनके लिए एक बेनामी नाम देने की तरह, हम तैयार हैं पर उनके लिए और असहज होगा यह बताना कि मेरे उनसे संबंध हैं, आकार रहित पानी की लहरों की तरह चलायमान, दूर तक लहरों के साथ जाने वाले पानी के बुलबुलों का कोई वजूद नहीं होता है, फिर क्यों मैं तैश में आकर वादे कर जाता हूं, सोंधी खुशबू को हमेशा जिंदा रखने और पानी की लहरों को नन्हे हाथों में समेत लेने का।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*बुराई इसलिए नहीं बढ़ रही है कि बुरे लोग बढ़ गए हैं। बल्कि बुराई इसलिए बढ़ रही है क्योंकि बुराई सहन करने वाले लोग बढ़ गये हैं।*

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | षष्ठी 21:56 तक |
| नक्षत्रः | पूर्वभाद्रपदा 20:31 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शनिवार |
| योगः | सौभाग्य, 17:25 |
| सूर्योदयः | 05:33 |
| सूर्यास्तः | 19:18 |
| चंद्रमाः | कुम्भ राशि में |
| राहुकालः | 08:59-10:42 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | सावन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:58-12:53 |

## जन एक्सप्रेस

### नया अब जुड़ाव !

*कायाकल्प कर रहे ।*
*दिखना तय बदलाव ।।*
*कर के रहेंगे जल्द ।*
*नया अब जुड़ाव ।।*
*कोशिश लगातार है ।*
*कर पाएं कुछ हल ।।*
*सोच रहे हैं हम भी ।*
*सवंरे अपना कल ।।*
*उत्तर देना भारी है ।*
*दिखता नहीं सुधार ।।*
*बच सकते हैं उससे ।*
*होता जो प्रहार ।।*
*होना असरदार यदि ।*
*करना फिर प्रयास ।।*
*समय आज है आन ।*
*होगा बनना ख़ास ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# चेहरे पर लगाएं सब्जियों से बने फेस मास्क, आएगा नेचुरल ग्लो

**दादी**-नानी के समय से चेहरे के लिए घरेलू नुस्खो का इस्तेमाल किया जा रहा है। इन नुस्खो में प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे इनसे साइड इफेक्टस भी नहीं होते हैं। त्वचा पर प्राकृतिक निखार लाने के लिए देखभाल और अच्छा खानपान दोनें जरूरी है। मौसम के अनुसार आने वाली फल और सब्जियां त्वचा को निखारने में मदद कर सकती हैं। वहीं अगर सब्जियों का इस्तेमाल फेस मास्क के रूप में भी किया जाए, तो यह त्वचा में प्राकृतिक निखार बनाए रखने में भी मदद कर सकती हैं।

**टमाटर का फेस मास्कः** टमाटर में विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट्स की अच्छी मात्रा पाई जाती है, जो त्वचा की गहराई से सफाई करने में असरदार हैं। इसके साथ ही त्वचा पर इसका इस्तेमाल डार्क स्पॉट्स, डल स्किन, फाइन लाइंस और रिंकल्स से छुटकारा देने में मदद कर सकते हैं। टमाटर का फेस मास्क बनाने के लिए बाउल में 2 चम्मच बेसन लीजिए। अब इसमें आधा चम्मच हल्दी और 2 चम्मच टमाटर का रस मिलाएं। पेस्ट तैयार करने के लिए एक चम्मच कच्चा दूध मिलाएं। इस पेस्ट को



चेहरे पर लगाकर 15 मिनट के लिए रहने दें। सूखने के बाद चेहरा धोएं और फर्क महसूस करें।

**खीरे और पुदीने का फेस मास्कः** खीरे और पुदीने का फेस मास्क बनाने के लिए 2 खीरे की स्लाइस और 1 चम्मच पुदीने का रस लीजिए। अब इसमें 1 चम्मच दही और 1 चम्मच शहद मिक्स करें। पेस्ट तैयार करके इसे चेहरे पर गर्दन पर लगाएं और 20 मिनट के लिए छोड़ दे। सूखने के बाद सादे पानी से चेहरा धो लें।

**आलू का फेस मास्कः** आलू का इस्तेमाल करने से फाइन लाइंस, झुर्रियों, डल स्किन और आंखों के काले घेरे से राहत मिल सकती है। इसमें स्टार्च, मैग्नीशियम और जिंक की अधिक मात्रा पाई जाती है, जो त्वचा को अंदर से पोषण देने में मदद करते हैं। आलू का फेस मास्क बनाने के लिए 1 उबला हुआ आलू बाउल में मैश कर लें। अब इसमें 2 चम्मच कच्चा दूध, 1 चम्मच बेसन और कुछ बूंदे बादाम के तेल की मिलाएं। पेस्ट तैयार करके इसे चेहरे पर लगाएं और 20 मिनट के लिए छोड़ दें।

**गाजर और दही का फेस मास्कः** गाजर में विटामिन-सी, विटामिन-के, पोटेशियम और डाइट्री फाइबर पाया जाता है। जो त्वचा को सॉफ्ट और ग्लोइंग बनाए रखता है। इसे ऑयली स्किन वालो के लिए सबसे ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। गाजर और दही का फेस मास्क तैयार करने के लिए बाउल में 2 चम्मच दही लीजिए। अब इसमें 1 चम्मच बेसन और 2 चम्मच पीसी हुई गाजर मिलाएं। इसके साथ ही आप गाजर के रस का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। सभी चीजों को मिलाकर पेस्ट तैयार करें और चेहरे और गर्दन पर लगाएं।

## एक्सप्रेस विशेष



डॉ ओ.पी. मिश्र

# ...लेकिन 2024 में भी सत्ता रहनी चाहिए

**भाजपा को लग रहा है कि यदि फाइट आमने-सामने हुई यानि भाजपा बनाम विपक्ष तो भाजपा को 150 सीटें भी मिल पाना मुश्किल हो जाएगा? पाठक जान ले कि भाजपा 37 प्रतिशत वोटों से 2019 का चुनाव जीती थी। जबकि विपक्ष के खेमे में 63 प्रतिशत वोट आए थे।**

**भाजपा की इच्छा किसी समय कांग्रेस मुक्त भारत की जरूरत थी और इसी रणनीति के तहत कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा पूर्व सांसद राहुल को पैदल किया गया था। लेकिन अब भाजपा की पहली प्राथमिकता 2024 में सत्ता प्राप्त करना है। क्योंकि भाजपा को यह आभास हो चला है कि शायद जनता विकल्प खोज रही है और इसके लिए वह विपक्षी नेताओं का मुंह ताकने के बजाय स्वयं विपक्ष के रूप में खड़ी होना चाहती है।**

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक के अंग्रेजी मुखपत्र 'ऑर्गेनाइजर' के संपादकीय में पिछले दिनों लिखा गया है कि 2024 में केवल एक चेहरे के सहारे सत्ता मिलना मुश्किल है। संघ के मुखपत्र के इस संपादक ने ना केवल भारतीय जनता पार्टी बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा संघ के माथे की सिलवटो को यकीनन गहरा कर दिया है। यकीनन शब्द का इस्तेमाल मैंने यहां जानबूझकर इसलिए किया है क्योंकि इस समय सत्ता प्रतिष्ठान का जो ऐक्शन है वह बताता है कि घबराहट काफी अंदर तक है। अगर घबराहट इतनी गहरी ना होती तो यह फार्मूला ना चला जाता कि या तो हमारे साथ आओ या फिर जेल जाओ। जिन लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मध्यप्रदेश में दिया गया भाषण सुना है उन्हें यकीनन अचरज हो रहा होगा कि यह हो क्या रहा है। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में कई प्रमुख राजनीतिक दलों के ऊपर सीधे-सीधे हमला बोलते हुए कहा कि 'यह मोदी इस बात की गारंटी देता है कि भ्रष्टाचारियों की जो जगह है (जेल) वही पहुंचाया जाएगा÷। इसमें उन्होंने शरद पवार की पार्टी एनसीपी का भी नाम लिया था और उसके नेताओं का काला चिट्ठा भी बताया था। ऐसे में होना तो यह चाहिए था कि उसके नेताओं को जेल में डाला जाता लेकिन हुआ इसका उल्टा? यह उल्टा कोई अनजाने में नहीं हुआ बल्कि जानबूझकर और नियोजित तरीके से चाचा- भतीजे के बीच दीवार खड़ी करके पार्टी को तोड़ दिया गया। और जिन्हें जेल में होना चाहिए था उन्हें उप मुख्यमंत्री और मंत्री बना कर सम्मानित किया गया। यह घटना या इससे मिलती-जुलती कई घटनाये यह बताने के लिए काफी है कि भाजपा को 2024 की सत्ता चाहिए ही। इसके लिए वह किसी भी स्तर तक जा सकती है। किसी को भी जेल भेज सकती है क्योंकि सत्तारूढ़ दल के यदि 20 प्रतिशत नेता भ्रष्ट है तो विपक्ष के 80 प्रतिशत। यहां यह लिखना आवश्यक है कि विपक्षी नेताओं की जो बैठक पिछले दिनों बिहार की राजधानी पटना में हुई थी उसने सत्तारूढ़ दल भाजपा को चौकन्ना कर दिया है। भाजपा को लग रहा है कि यदि फाइट आमने-सामने हुई यानि भाजपा बनाम विपक्ष तो भाजपा को 150 सीटें भी मिल पाना मुश्किल हो जाएगा? पाठक जान ले कि भाजपा 37 प्रतिशत वोटों से 2019 का चुनाव जीती थी। जबकि विपक्ष के खेमे में 63 प्रतिशत वोट आए थे। यही वह गणित है जिसने न केवल भाजपा बल्कि संघ परिवार और प्रधानमंत्री मोदी को परेशान करके रख दिया है। अब चूँकि अपने-अपने राज्यों में अपना अपना वोट बैंक साधे क्षत्रप दूध के धुले हैं नहीं। इसलिए ईडी, सीबीआई कब उनके घरों पर दस्तक दे दे कहा नहीं जा सकता। यही वह डर है जो अगर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को परेशान किए हैं। तो बिहार में लालू प्रसाद यादव के परिवार को भी चार्ज शीट दे चुका है। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री अगर डायरेक्ट लपेटे में नहीं है तो उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी का एक पैर जरूर जेल में है। यही कुछ हालात महाराष्ट्र के भी हैं यहां भी उद्धव ठाकरे को बता दिया गया है कि या तो साथ आओ या फिर जेल जाओ। अगर उत्तर प्रदेश की बात करें तो पूर्व मुख्यमंत्री मायावती तथा अखिलेश यादव दोनों अलग-अलग मामलों में घिरे हुए हैं। यही कारण है कि अखिलेश यादव विपक्षी दलों की बैठक में भाग लेने बिहार गए जरूर थे लेकिन केवल औपचारिकता निभाने। मायावती और अखिलेश यादव दोनों चाहते हैं कि भाजपा भले ही 2024 में सत्ता में आ जाए लेकिन कांग्रेस न आने पाए। क्योंकि कांग्रेस के सत्ता में आ जाने से सपा और बसपा दोनों का मुस्लिम वोट कांग्रेस के पास चला जाएगा। और यह दोनों अपनी अपनी बिरादरी के सहारे कभी सत्ता प्राप्त नहीं कर पाएंगे? इसके अलावा सपा और बसपा दोनों को यह भी डर है कि यदि उन्होंने खुलेआम भाजपा की मुखालिफत की तो चुनाव से पहले ही उन्हें कहीं और जाना पड़ सकता है। कुल मिलाकर जो स्थितियां बन रही है उसमें भाजपा ऐन- केन प्रकारेण 2024 में पुनः सत्ता पर काबिज होना चाहती है। इसके लिए साम-दाम-दंड-भेद सब कुछ अख्तियार करने को तत्पर है। भाजपा की इच्छा किसी समय कांग्रेस मुक्त भारत की जरूरत थी और इसी रणनीति के तहत कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा पूर्व सांसद राहुल गांधी को पैदल किया गया था। लेकिन अब भाजपा की पहली प्राथमिकता 2024 में सत्ता प्राप्त करना है । क्योंकि भाजपा को यह आभास हो चला है कि शायद जनता विकल्प खोज रही है और इसके लिए वह विपक्षी नेताओं का मुंह ताकने के बजाय स्वयं विपक्ष के रूप में खड़ी होना चाहती है।

# खादी बोर्ड के प्राचार्य का प्रशिक्षण पा चुके प्रशिक्षार्थियों ने खोली पोल

## प्रशिक्षार्थियों ने शपथ पत्र देते हुए बताया कि केवल उद्घाटन व समापन के दिन बुलाया गया

जन एक्सप्रेस । शत्रुघ्न सिंह यादव

उरई/कालपी। पिछले दिनों माटी कला व शिल्पकारी प्रशिक्षण में प्रशिक्षार्थियों को केवल दो दिन बुलाया गया। पहले दिन उदघाटन के अवसर पर व अंतिम दिन प्रमाण पत्र देने के लिए। इसके अलावा न तो प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया और न ही उन्हें प्रशिक्षण केंद्र पर रोका गया। इसके बाद भी उनके रुकने, खाने व अन्य सामान के उपयोग के नाम पर लाखों रुपए का भुगतान करा लिया गया। अब प्रशिक्षण ले चुके प्रशिक्षार्थियों ने प्राचार्य पर आरोप लगाते हुए शपथ पत्र के माध्यम से अपर मुख्य सचिव को शिकायती पत्र भेजें है। जिसमें उन्होंने प्रशिक्षण के नाम पर लाखों रुपए हड़पने का आरोप लगाया है।

कालपी के किला घाट स्थित मण्डलीय ग्राम उद्योग प्रशिक्षण केंद्र में दस जिलों के 25 लोगों को माटी कला शिल्पकारी का प्रशिक्षण दिया जाना था। किसी प्रशिक्षार्थी को किसी प्रकार का कोई प्रशिक्षण दिया ही नहीं गया। अब इन्हीं प्रशिक्षार्थियों में नरेंद्र कुमार, लालू प्रसाद, जसवंत, रामकेश, उमाशंकर, रामकुमार, तुलसीराम, सुखदेवी, सुरेखा, मेवालाल सहित करीब 20 से अधिक ने अपर मुख्य सचिव को शपथ पत्र भेजें हैं। जिसमें उन्होंने आरोप लगाते हुए बताया कि उन्हें केवल पहले और अंतिम दिन ही बुलाया गया। जबकि प्रदेशीय खादी ग्राम उद्योग मण्डलीय प्रशिक्षण केंद्र कालपी के प्राचार्य शिशुपाल गोयल ने प्रशिक्षण में उपयोग होने वाले खाने व अन्य सामान के फर्जी बिल लगाकर लाखों रुपओं का भुगतान करा लिए। लगातार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होने पर प्राचार्य के हौसले बुलन्द हैं।

उनका आरोप है कि प्राचार्य स्थानीय कालपी निवासी हैं, इनके यहां आने के बाद से भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। पिछले कई वर्षों से प्रशिक्षण के नाम से करोड़ों रुपये की हेराफेरी इनके द्वारा की जा चुकी है। प्रशिक्षार्थियों का कहना है कि यदि प्राचार्य शिशुपाल गोयल पर कार्रवाई नहीं की गई तो वे न्यालय की शरण में जाने को मजबूर होगें।

# खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । कालपी



खंड शिक्षा अधिकारी महेवा ने मगरौल गांव में स्थित परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता का जायजा लेकर शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए। बीते दिनों एक वीडियो वायरल कर, एक छात्र से विद्यालय में सफाई कराते हुए दर्शाया गया था। इसको लेकर विभागीय अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया।

एबीएसए दिग्विजय सिंह ने औचक तरीके से मांगरोल गांव विद्यालय में पहुंचे। वहां पर अनुदेशक शारीरिक ज्ञान के शिक्षक कमल सैनी तथा छात्रों से जानकारियां हासिल की। जिसमें शारीरिक व्यायाम की शिक्षा प्रदान की जाती है। जिसमें विद्यार्थियों को घास खोदने के लिए भी प्रेरित किया जाता है। शिक्षक कमल सैनी के द्वारा विद्यालय परिसर में घास छीलने का कार्य किया जा रहा था। इसको देखा देखी विद्यार्थी भी घास छीलने लगे। किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। जांच के दौरान छात्रों से सफाई कराने का मामला झूठा पाया गया। जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों से तमाम प्रकार के सवाल किये।

मौके पर मौजूद शिक्षक इरफान खान समेत अन्य लोगों को बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने शासन की मंशा के मुताबिक सरकारी योजनाओं का लाभ छात्र छात्राओं को प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था संतोष जनक है। इस वर्ष मगरोल गांव के एक विद्यार्थी के द्वारा नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होकर गांव का नाम रोशन किया गया है।

# जनसुनवाई को आसान एवं पारदर्शी बनाने के लिए एसपी ने किया सराहनीय प्रयास

## गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल हो गई जनसुनवाईः एसपी

जन एक्सप्रेस । उरई




पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने जनसुनवाई को आसान एवं पारदर्शी बनाने के चलते शुक्रवार को जनपद के सभी क्षेत्राधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई कर, थानों, कार्यालयों में आए हुए आवेदकों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के उचित गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित को आवश्यक आदेश दिए गए। इसीक्रम में आज से प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10 से 12 बजे तक गूगल मीट के माध्यम से पुलिस अधीक्षक द्वारा वर्चुअल जनसुनवाई की जाएगी। जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारीगण और जिले के सभी थाना प्रभारी प्रतिभाग करेंगे। जिसमें थानों कार्यालयों में आए हुए आवेदकों की समस्याओं को सुना जाएगा। पुलिस अधीक्षक द्वारा इस पहल से आम जनमानस को आश्वस्त किया जा रहा है। उनकी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाएगा।

## सीएमओ बोले मामले की करायेंगे जांच, करेंगे कार्यवाही

# जिला अस्पताल के औषधि वितरण कक्ष से मरीज को दी एक्सपायरी दवा

जन एक्सप्रेस । उरई




जिला अस्पताल में मरीजों के जीवन के साथ किस तरह से हद दर्जे की लापरवाही बरती जा रही है। इसका जीता जागता नमूना उस दौरान सामने आ गया, जब एक मरीज चिकित्सक को दिखाने पहुंचा और चिकित्सक ने पर्चे पर दवायें लिख दी। जब बीमार मरीज औषधि वितरण कक्ष में दवा लेने गया, तो वहां पर बैठे व्यक्ति ने उसे एक्सपायरी डेट की दवा थमा दी। जब मामला सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो मामला सीएमओ के संज्ञान में पंहुचते ही उन्होंने कहा कि वह पूरे मामले की जांच करायेंगे और यदि कोई कर्मचारी दोषी है उसके विरुद्ध कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को एक युवक जिला अस्पताल में बीमार होने के चलते दिखाने गया था। जहां पर उसने सर्जन चिकित्सक को दिखाया तो डाक्टर पर पर्चे पर दवा लिखकर औषधि वितरण कक्ष से दवायें लेने को कहा। इस मरीज सीधे औषधि वितरण कक्ष के बाहर पहुंचा। जहां उसने अपना पर्चा काउंटर पर बैठे स्वास्थ्य कर्मी को दिया तो उसने पर्चे में दवा देखने के बाद उसे एक्सपायरी डेट की दवा थमा दी। चूंकि युवक को इस बात की जानकारी थी कि दवाओं के रैपर पर दवा की एक्सपायरी डेट डली रहती है लिहाजा उसने जैसे ही दी गयी दवा का रैपर देखा तो वह दवा एक्सपायरी डेट की निकली। इस पर उसने जब औषधि वितरण काउंटर पर बैठे स्वास्थ्य कर्मी को बताया कि जो दवा मुझे दी गयी है। वह तो एक्सपायरी डेट की है। इस पर स्वास्थ्य कर्मी ने कोई ध्यान दिया और मरीज युवक को वहां से चलता कर दिया। इसके बाद मामला जब मीडिया तक पहुंचा तो मरीज युवक का पर्चा व उसे दी गयी एक्सपायरी डेट की दवा का मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा।

जैसे की उक्त जानकारी जिला अस्पताल के जिम्मेदारों को पता चली तो वहां हड़कंप मच गया और मरीज युवक की तलाश शुरू हुई लेकिन वह मरीज युवक तब तक जिला अस्पताल से जा चुका था। जब उक्त संबंध सीएमओ डा. एनडी शर्मा से जानकारी चाही तो उनका कहना था कि वह पूरे प्रकरण की जांच करायेंगे और यदि एक्सपायरी डेट की दवा देने वाला स्वास्थ्य कर्मी दोषी पाया जायेगा तो उसके विरुद्ध कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

# एसपी ने साप्ताहिक परेड की ली सलामी, किया निरीक्षण



जन एक्सप्रेस । उरई

रिजर्व पुलिस लाइन में परेड का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने परेड की सलामी ली। परेड में लगे पुलिस कर्मियों का टर्न आउट चेक कर, पुलिस बल के कर्मियों को विभिन्न प्रकार के शस्त्रों व दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण प्रदान किया। इस दौरान पुलिस बल को दंगाइयों से निपटने के लिए विभिन्न तरीके, गुर सिखाए। अभ्यास के दौरान भीड़ को तितर बितर करने के विभिन्न तरीकों के साथ दंगाइयों पर रबर के गोले, एंटी राइट गन, रबर बुलेट गन्न टीयर गैस गन, हैंड ग्रेनेड आदि शस्त्रों को चलाकर पूर्वाभ्यास किया गया।

शस्त्र प्रशिक्षण दिया गया। परेड के उपरान्त पुलिस अधीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में स्थित भोजनालय, आदेश कक्ष, कैन्टीन, मनोरंजन कक्ष, एमटी शाखा, जिम, अतिथि गृह, पुलिस लाइन में बन रहे भवनों का निरीक्षण कर पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई आदि को चेक किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन, प्रतिसार निरिक्षक व पुलिसबल मौजूद रहा।

# अनियंत्रित होकर पलटी कार, एक की मौत दूसरा गंभीर हालत में रेफर

## दोस्त के जन्मदिन पार्टी में गए थे दोनों लोग, वापस लौटते समय तेज रफ्तार के कारण हुआ हादसा

जन एक्सप्रेस । जालौन



कोतवाली क्षेत्र में सहाव के समीप बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे के लिंक रोड पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर साइड में लगी रेलिंग को तोड़ती हुई पलट कर करीब सौ मीटर अंदर खेत में धंस गई। जिससे उस पर सवार दो लोगों में एक की मौत हो गई, जबकि दूसरे को गम्भीर हालत में उपचार के बाद रेफर कर दिया गया।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर निवासी शिवम उर्फ सिब्बू 20 वर्ष पुत्र थान सिंह व सूर्यांशु 23 वर्ष पुत्र शिवकुमार गुरूवार की रात घर से दोस्त के जन्मदिन पर जाने की बात कहकर कार से निकले थे। उन्होंने घर पर बताया था कि रात में जन्मदिन मनाकर वह सुबह वापस घर आ जाएंगे। शुक्रवार की सुबह उनकी गाड़ी बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के लिंक रोड पर आ रही थी। तभी सहाव के समीप किमी संख्या 208 के पास तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित हो गई। जिससे वह सड़क की साइड में लगी रेलिंग को तोड़ती हुई पलटी खाते हुए करीब सौ मीटर अंदर खेत तक चली गई।

हादसे में कार चालक शिवम की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उस पर बैठा उसका साथी सूर्यांशु गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके से निकल रहे राहगीरों ने तत्काल हादसे की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दी, और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में एसएस आई आनंद सिंह ने बताया कि घटनास्थल को देखकर लग रहा था। कि सुबह करीब चार से पांच बजे के करीब वह वापस लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार होने के चलते हादसा हो गया।

## युवक पर किशोरी से छेड़छाड़ का आरोप, पुलिस को दी तहरीर

**जन एक्सप्रेस/सिरसा कलार।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमें गांव के ही युवक पर घर में घुसकर पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने शुक्रवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर में आरोप लगाते हुए बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ अपने खेतों पर गया हुआ था, और उसकी नाबालिग पुत्री घर में अकेली थी। आरोप है कि घर में अकेली पुत्री को देखकर गांव का ही निवासी रितिक उसके घर में घुस गया और उसके साथ छेड़खानी करने लगा। तभी पुत्री द्वारा विरोध करने पर आरोपी युवक उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गया। फिलहाल पुलिस ने पीड़ित किशोरी के पिता द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मामले की बारीकी से जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# मां के हत्यारे कलयुगी बेटे को न्यायालय ने सुनाई उम्रकैद की सजा, 15 हजार रूपये का अर्थदंड भी लगाया

जन एक्सप्रेस । उरई

मां और बेटे का रिश्ता सबसे पवित्र माना जाता है लेकिन यह पवित्र रिश्ता तब तार-तार हो गया जब कलयुगी बेटे जयपाल ने अपनी ही माता रामजानकी सिलबट्टे से प्रहार कर हत्या कर दी थी। उक्त मामले की सुनवाई अदालत में चल रही थी जिसमें विद्वान न्यायाधीश ने मां की हत्या में बेटे को दोषी मानते हुये उसे उम्रकैद की सजा के साथ ही 15 हजार रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया। कालपी तहसील के ग्राम कुरहना आलमगीर में मां और पुत्र दोनों अकेले घर में रहते थे। जहां जयपाल ने 14 फरवरी 2019 को अपनी मां की ही सिलबट्टे से मारकर हत्या कर दी और इस संगीन अपराध से बचने के लिए उसके पार्थिव शरीर को पांच दिन तक मिट्टी में गाढ़ दिया। लेकिन कहा जाता है कि एक मां की हाय से कोई नहीं बच सका है। इन्हीं दिनों जब रामजानकी की बहन का लड़का विनय अपनी मौसी से मिलने आया तो जयपाल ने उसे दरवाजे से ही भगा दिया और कहा कि घर में चोरी हो गई है। बस तभी से गांव वालों व मृतक रामजानकी की बहिन के शक की सुई जयपाल पर घूमने लगी। और जयपाल के मौसिया लाखन ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जब छानबीन की तब रामजानकी की लाश उसी के घर में मिट्टी में गढ़ी मिली। पुलिस ने जब पुत्र जयपाल से पूंछा तो जयपाल कुछ ना कह सका और तत्काल पुलिस ने एफआईआर पंजीकृत कर उस पर भारतीय दंड संहिता 302 व 201 का मुकदमा दर्ज किया। इसी के संदर्भ में 7 जुलाई 2023 को कलयुगी बेटे को न्यायालय एफटीसी (महिलाओं के विरुद्ध अपराध) ने आजीवन कारावास व पन्द्रह हजार रुपए का आर्थिक दंड की सजा सुनाई। वहीं न्यायालय में इस मुकदमा अपराध संख्या 47/9 की पैरवी एडीजीसी (क्राइम) ह्रदेश पांडेय द्वारा की गई। उन्होंने कहा कि न्यायालय ने एक मां को न्याय दिलवाया है और एक कलयुगी पुत्र को दंडित किया है।

## कोर्ट के आदेश पर हुई रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** ग्राम खीरी थाना कैलिया निवासी ठाकुरदास ने शहर कोतवाली में कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि विवेक कुशवाहा पुत्र हरिओम कुशवाह और उसका पिता हरिओम और उसकी मां सरिता सभी निवासी शिवपुरी मोहल्ला कोतवाली उरई ने मिलकर उसकी बेटी पूजा जिसकी उम्र 23 वर्ष से अधिक दहेज की मांग की। मांग पूरी ना होने पर आरोपियों ने मिलकर उसके साथ मारपीट कर उसकी हत्या कर दी। इस पर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या की। रिपोर्ट दर्ज कर सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही।

## लकड़ी काट कर ले जा रहे लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** रामपुरा थाना में अमित कुमार पुत्र राजेश कुमार निवासी शाहजहांपुर थाना शट्टी कानपुर देहात सेक्शन प्रभारी व रेंज कार्यालय मधुबनी रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह महेश पंडित ग्राम जाएगा कि खेत पर खड़े हुए थे। इसी दौरान चंद्रपाल सिंह पुत्र पुत्तन सिंह निवासी जायघा और 5 नफर लोगो और ग्रामीण क्षेत्र में अवैध रूप से प्रतिबंधित पेड़ काटकर डीसीएम में लाद कर ले जाने लगे। इसी दौरान उन्होंने उन्हें पकड़ लिया। जिसके चलते अभियुक्तों के खिलाफ ग्रामीण वन संरक्षण अधिनियम व इमारती लकड़ी व वन उपज अभियोजन वाहन नियावाली के अनुसार उनके खिलाफ कार्रवाई की गई।

## जहरीले कीड़े के काटने से इकलौते पुत्र की मौत

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धंतोली में घर के बाहर खेल रहे परिवार में एकलौते पुत्र व नौ बहनों में इकलौते भाई को अचानक किसी जहरीले कीड़े ने डस लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में मातम सा छा गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धंतोली निवासी दयाराम कुशवाहा का दस वर्षीय इकलौता पुत्र ऋषिकेश घर के बाहर चबूतरे पर खेल रहा था। तभी खेलते समय उसे अचानक किसी जहरीले कीड़े ने डस लिया। जिससे वह अचेत होकर वहीं गिर गया। पुत्र को अचेत अवस्था में पड़ा देख कर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। घर में मची चीख-पुकार सुनकर आस-पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए। मौजूद लोगों की मदद से परिजनों ने उसे उपचार के लिए पास के अस्पताल ले गए। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौजूद लोगों ने बताया कि ऋषिकेश नौ बहनों के बाद हुआ था, और अपने परिवार में इकलौता पुत्र था। घटना के बाद से उसकी मां राजकुमारी सहित बहनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## उपलब्धियां नहीं संतोषजनक, निकाली गई रैली

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** परिवार कल्याण कार्यक्रम के मिशन परिवार विकास योजना के अंतर्गत शहर स्थित सीएमओ कार्यालय से एक सारथी जागरूकता वाहन रैली निकाली गई। जिसे हरी झंडी दिखाकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अवधेश यादव ने रवाना किया। इस मौके पर सीएमओ डॉ अवधेश यादव ने बताया कि जनपद एवं विकास खंड स्तर पर आम जनता के मध्य देश की बढ़ती जनसंख्या के संबंध में जागरूकता लाने के लिए तथा आम जनमानस को परिवार नियोजन की विभिन्न विधियों को अपनाने के लिए प्रेरित करने हेतु सारथी जागरूकता वाहन चलाया जा रहा है। जनपद में परिवार कल्याण कार्यक्रम की वर्तमान उपलब्धियां संतोषजनक नहीं है। प्रदेश की अपेक्षित सकल प्रजनन दर के अनुसार ही जनपद की सकल प्रजनन दर प्राप्त किए जाने के दृष्टिकोण से इस कार्यक्रम को विशेष महत्व दिया जा रहा है। इस रैली में जनपद में सभी प्रमुख स्थलों, भीड़भाड़ वाले इलाकों, अर्बन स्लम्स, झुग्गी-झोपड़ी सहित बाजारों में रुक कर परिवार नियोजन के विभिन्न उपायों का प्रचार प्रसार करेगा। अब यह प्रचार वाहन जनपद के सभी विकास खंडों में पहुंचकर परिवार नियोजन के बारे में बताएगा।

## जलभराव सहित अन्य व्यवस्थाओं पर दिए कड़े दिशा-निर्देश, मठ रिसीवर को अनुपस्थित पाने पर जताई नाराजगी

# डीएम-एसपी ने औचक निरीक्षण कर मेले की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी



रामनगर-जिला अधिकारी अविनाश कुमार व एसपी दिनेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को संपूर्ण महादेवा मेला परिसर का औचक निरीक्षण कर यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही संबंधित मातहतों को कड़े दिशा-निर्देश भी दिए।

डीएम व एसपी ने अपने निरीक्षण के दौरान अभरण क्षेत्र में जाल लगाने, जलभराव की समस्या, मजबूत बैरिकेडिंग, मंदिर परिसर की दीवार पर लगे मधुमक्खी के छत्ते को हटाने, संपूर्ण मेला परिसर में लगे हैंड पाइप सही कराने, सीसीटीवी की निगरानी बढ़ाने, हाई मास्क लाइट सही कराने, मेले में बिक रही सामग्री के रेट निर्धारण, खुले हुए तारों को सही कराने व बोहनिया तालाब पर अवश्य सुरक्षात्मक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। जिला अधिकारी ने बीडीओ रामनगर अमित कुमार त्रिपाठी से मंदिर के मुख्य रास्ते पर हो रही जलभराव की समस्या को तत्काल दुरुस्तीकरण कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अपने निरीक्षण में मंदिर के मठ रिसीवर हरि प्रकाश द्विवेदी को अनुपस्थित पाने व मंदिर परिसर के अंदर फूल पत्ती बेच रहे दुकानदारों के बाहर फैली गंदगी देखकर नाराजगी जताई।

उन्होंने संबंधित मातहत को निर्देशित करते हुए कहा कि फूल व बेल-पत्री बेच रहे दुकानदार यदि डस्टबिन बाहर नहीं रखते है। तो इनके विरुद्ध आवश्यक नोटिस जारी की जाए। इसके बाद जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने महादेवा ऑडिटोरियम स्थित डाक बंगला में मेला से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों की समीक्षा बैठक की। जिसमें उन्होंने रविवार तक सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के कड़े निर्देश दिए है।

दोनों उच्च अधिकारियों के इस निरीक्षण के दौरान सभी विभागों के अधिकारी, बाढ़ खंड अधिशासी अभियंता शशिकांत सिंह, तहसीलदार कविता ठाकुर, पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षित चौहान, नायब तहसीलदार अभिषेक यदुवंशी, अधिशासी अभियंता विद्युत दिलीप यादव, खंड विकास अधिकारी रामनगर व सूरतगंज अमित त्रिपाठी व प्रीति वर्मा, रामनगर सीएचसी अधीक्षक हेमंत गुप्ता, अतिरिक्त थाना प्रभारी दीपक कुशवाहा, एडीओ पंचायत रामनगर राम आसरे, आर एस जेई राकेश कुमार, एसडीओ विद्युत विकास सोनी, मेला प्रभारी व महादेवा चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र शुक्ला, ग्राम प्रधान राजन तिवारी सहित बड़ी संख्या अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### क्या बोले जिलाधिकारी अविनाश कुमार

यहां पत्रकारों से जिलाधिकारी ने बताया कि इस बार दो महीने तक लोधेश्वर महादेवा में जल चढ़ाने दूर-दूर से लोग आएंगे। जिससे जुड़ी व्यवस्थाओं के दुरुस्तीकरण सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया है। जिसमें संबंधित सभी विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है।

### क्या बोले पुलिस अधीक्षक

एसपी दिनेश कुमार सिंह ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सभी युद्ध स्तर पर तैयारी रखें। यहां दूरदराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग आते है। जिनके वाहनों की पार्किंग व्यवस्था मंदिर के रास्ते पर मुड़ने वाली रेलवे क्रॉसिंग के बाद दाहिनी सड़क पर कर दी गई है। उच्च अधिकारियों ने मुख्य हाइवे का डायवर्जन प्लान बना लिया है। जोकि चौकाघाट से मरकामऊ वाया सफदरगंज होते हुए जाएगा। लोकल लेवल पर रविवार से उच्च अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में यहां अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

# नरेंद्र मोदी की सरकार सच सुनना पसंद नहीं करती: अखिलेश यादव

## हाईकोर्ट से राहुल गांधी की अपील रद्द होने पर कांग्रेस नेताओं ने पार्टी कार्यालय पर किया विरोध प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



गुजरात हाई कोर्ट द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अपील को रद्द करने के विरोध में कांग्रेस नेताओं ने पार्टी कार्यालय कमला नेहरू भवन पर प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया।
इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा नरेंद्र मोदी की सरकार सच सुनना पसंद नहीं करती है। जिस प्रकार एक हल्के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को परेशान करने का प्रयास किया जा रहा है वह निंदनीय है।उन्होंने कहा आज पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी भ्रष्टाचारियों का अड्डा बन गई है। ईडी और सीबीआई की जांच से डरकर जो लोग सत्तारूढ़ दल की सदस्यता लेते हैं, उनकी सभी जांचे बंद कर केंद्र की सरकार उन्हें क्लीनचिट दे देती है। पूरे देश में चल रहा यह कृत्य स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपरा के विरुद्ध है।
जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने कहा राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से केंद्र की सरकार बौखला गई है। कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव राहुल गांधी को परेशान करने के लिए और उन्हें सरकार के कुकृत्य को उजागर करने से रोकने का प्रयास केंद्र की सरकार प्रयास कर रही है। पर पूरे देश का कांग्रेसी राहुल गांधी के नारे डरो मत का अनुसरण करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता केंद्र में बैठी जनविरोधी और तानाशाह सरकार से डरने वाले नहीं हैं। महानगर अध्यक्ष वेद सिंह ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा गुजरात हाई कोर्ट का निर्णय राजनीति से प्रेरित लगता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शैलेंद्र मंणि पांडे, उमेश उपाध्याय, महिला जिला अध्यक्ष रेनू राय, प्रमिला राजपूत, अशोक राय, आशीष यादव, सविता यादव, प्रेम कुमार पांडे, अशफाक उल्ला, सरजू प्रसाद वर्मा, आशुतोष सिंह, सतीश यादव, रोहित यादव, इंद्रभान यादव आदि उपस्थित रहे।

# देवकाली तिराहा स्थित शीशमन लॉन में चल रही विकास प्रदर्शनी में गुंडई का बोलबाला

## गेट पर तैनात गेटकीपर रहते हैं नशे में धुत, जनता व महिलाओं से की अभद्रता

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

नियमों को ताक पर रखकर शहर के बीचोबीच देवकाली तिराहा स्थित शीशमन लॉन में चल रही लंदन ब्रिज विकास प्रदर्शनी में प्रदर्शनी के मालिकों और कर्मचारियों की गुंडई चरम पर जिसका जीता जागता उदाहरण कल शाम को प्रदर्शनी देखने जा रही जनता को झेलना पड़ा। प्रवेश द्वार से महिलाओं बच्चों के साथ जा रहे व्यक्तियों से गेट पर खड़े गेट कीपर वीरेंद्र जायसवाल लालू व ऋषि ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए नोकझोंक करने लगे। बीच बचाव करने गए व्यक्ति की कल्लू जयसवाल व अनिल के साथ मिल कर बुरी तरह खुलेआम पिटाई कर दी। देखकर वहां मौजूद महिलाएं व बच्चे सहम गए, व तुरंत ही वहां अफरा तफरी का माहौल हो गया। प्रदर्शनी के प्रोपराइटर जितेंद्र जयसवाल लाली को जब शिकायत की गई तो वह भी एक राय होकर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए विवाद करने पर उतारू हो गया।
वहां से लौट रही जनता ने कहा कि अगर इस तरह के बाहरी लोग आकर यहां गुंडई करते हुए प्रदर्शनी का संचालन करेंगे तो यहां के आम जनमानस पर क्या गुजरेगी जो कि यहां आते तो हैं मनोरंजन करने लेकिन उनके साथ इस तरह से अभद्रता और मारपीट की जाती है। नियमों को ताक पर रखकर प्रदर्शनी का संचालन किया जा रहा है, ब्रिज की शक्ल में बना प्रवेश द्वार बहुत ही सकरा है जिसकी वजह से कभी भी भगदड़ अथवा आगजनी की समस्या हो सकती है। फायर सेफ्टी की व्यवस्था भी ठीक नहीं है। टिकट की बिक्री न करके सीधे पैसा लेकर प्रवेश और झूला आदि झूला कर मनोरंजन कर, बिक्री कर की चोरी की जा रही है जिससे सरकार को राजस्व की भारी चपत लग रही है। अंदर जाने वाली जनता का भीड़ बढ़ने पर दम घुटने जैसा एहसास होता है,आपात स्थिति मे बाहर निकलने के रास्ते नहीं है।प्रदर्शनी का पार्किंग काफी छोटा करके लाभ के लालच में अधिक से अधिक दुकानें डाल दी गई हैं,जिसकी वजह से मुख्य मार्ग पर भारी जाम का सामना भी जनता को करना पड़ रहा है। रामपथ और अन्य मार्गों के निर्माण और डाइवर्जन की वजह से देवकाली मार्ग पर पूरे शहर की ट्रैफिक का भारी दबाव भी है और कावड़ यात्रा की भी शुरुआत होने वाली है। उक्त घटना की सूचना तत्काल नगर कोतवाल अश्वनी पांडेय को मौखिक रूप से दी गई जिस पर उन्होंने कठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया। नियम विरुद्ध चल रही प्रदर्शनी की अनुमति निरस्त कर बंद करने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर ज्ञापन भी सौपेंगा।

# अवध विवि का अन्तरराष्ट्रीय कंपनी के साथ हुआ एमओयू

**✻ अन्तरराष्ट्रीय एमओयू से छात्रों को रोजगार एवं प्रशिक्षण मिलेगा: कुलपति**

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग एवं अबु धाबी की कंपनी क्लाउड डायमेंशन टेक्नोलॉजी के बीच एमओयू किया गया। शुक्रवार को विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन में कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल की मौजूदगी में एमबीए विभाग का पहला अन्तरराष्ट्रीय एमओयू अबु धाबी की कंपनी क्लाउड डायमेंशन टेक्नोलॉजी के बीच किया गया। इस एमओयू में कुलपति प्रो0 गोयल व कंपनी की सीईओ प्रियंका मालिक पांडेय के बीच अनुबंध का आदान-प्रदान किया गया। इससे पहले कुलसचिव उमानाथ व सीईयों के मध्य अनुबंध पर हस्ताक्षर किया गया। इस अनुबंध पर कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने बताया कि छात्रों को रोजगार एवं स्किल विकसित करने के लिए कंपनी के मध्य अनुबंध किया गया है। इनके द्वारा छात्रों को समय-समय पर रोजगार एवं ऑनलाइन प्रशिक्षण मिलेगा। कुलपति प्रो0 गोयल ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा अन्तरराष्ट्रीय कंपनी के साथ करार होना गर्व की बात है। छात्रों को आधुनिकतम जानकारी के साथ विश्वविद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। कंपनी द्वारा छात्रों को रोजगार देने में सहयोग करेंगे।अन्तरराष्ट्रीय कंपनी की सीईओ प्रियंका मालिक पांडेय ने बताया कि व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग एवं अबु धाबी की कंपनी क्लाउड डायमेंशन टेक्नोलॉजी के बीच शैक्षिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए एमओयू किया गया है। छात्रों को कंपनी रोजगार मुहैया कराने के साथ प्रशिक्षण भी करायेगी। एमबीए विभाग के विभागध्यक्ष प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह ने बताया कि अबु धाबी की कंपनी क्लाउड डायमेंशन टेक्नोलॉजी के साथ एमबीए विभाग का पहला अन्तरराष्ट्रीय एमओयू किया गया। यह आईटी की कंपनी है जो बीबीए, बीसीए, एमबीए के छात्रों को रोजगार एवं ऑनलाइन प्रशिक्षण देंगी। मौके पर प्रो0 शैलेन्द्र वर्मा, प्रो0 अशोक राय, डॉ0 निमिष मिश्रा, डॉ0 श्रीष अस्थाना, डॉ0 आशुतोष पांडेय, विशाल पाण्डेय सहित अन्य मौजूद रहे।

## 12 वर्षीय किशोरी का छप्पर में लटका मिला शव

**जन एक्सप्रेस/मिल्कीपुर-अयोध्या।** इनायतनगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत पुलिस चौकी हैरिंग्टनगंज क्षेत्र के मलेथू बुजुर्ग पूरे चिरंगीवीर गांव में 12 वर्षीय किशोरी का शव घर के पीछे छप्पर में संदिग्ध परिस्थितियों में दुपट्टे के सहारे लटकता मिलने के बाद गांव में सनसनी फैल गई है। परिजनों ने किशोरी का शव फंदे से नीचे उतार आनन-फानन में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैरिंग्टनगंज पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार मलेथू बुजुर्ग गांव निवासिनी बेबी पत्नी स्वर्गीय धनंजय निषाद कान की दवा कराने चिकित्सक के यहां गई थी। घर वापस लौट कर आई और बेटी को आवाज लगाई। जब बेटी का कहीं पर कोई पता नहीं चला तो घर के पीछे जाकर देखी तो बेटी प्रियंका संदिग्ध परिस्थितियों में दुपट्टे के सहारे छप्पर से लटकी हुई थी। देखते ही वहां चीखने चिल्लाने लगी। मौके पर पहुंचे पड़ोसियों व ग्रामीणों ने किशोरी प्रियंका को नीचे उतारकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर अस्पताल पहुंचे पुलिस चौकी प्रभारी रजनीश पाण्डेय ने शव का पंचायतनामा भराने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चौकी प्रभारी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जाना संभव है। ग्रामीणों की माने तो मृत किशोरी प्रियंका के पिता की मृत्यु 10 वर्ष पूर्व हो चुकी है। मृतक दो बहने थी।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को वितरित की गयी चाभियां

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर




प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीणो के लाभार्थियों को उनके गृह प्रवेश के लिए चाबी वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री के सीधा प्रसारण संबोधन के कार्यक्रमों को भी सुना। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला व विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विक्की ने लाभार्थियों को चाबी वितरण किया। कार्यक्रम में विकास खंड अधिकारी राजीव मोहन त्रिपाठी ने मुख्य अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया।सौ लाभार्थियों का आवास की चाबी वितरण किया गया तुलसीपुर विकासखंड के कौवापुर सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पूर्ण आवासों की लाभार्थियों को चाभी वितरण किया गया। चाभी वितरण कार्यक्रम में लाभार्थियों को संबोधित करते हुए विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रामीणों के गरीबों के दर्द को समझा है। ग्राम पंचायतों में सर्वे कराकर पात्र लाभार्थियों को आवास देने का कार्य किया है। गांव-गांव में पक्का मकान हो इसके लिए दिन-रात निरंतर मेहनत करते रहे हैं। सरकार की योजना हर व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए केंद्र व प्रदेश सरकार दिन रात मेहनत कर रही है। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विक्की ने कहा कि सरकार की योजनाएं गांव गांव तक पहुंच रही है। पूर्व की सरकार में योजनाएं केवल कागजों में संचालित होती थी। लेकिन इस भाजपा सरकार के केंद्र व प्रदेश सरकार के नेतृत्व में गरीबों को और योजनाओं का लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ गरीबों व पात्रों को बिना भेदभाव के मिल रहा है। इस मौके पर अंबुज तिवारी ग्राम पंचायत सचिव कृपा शंकर त्रिपाठी, अनिल कुमार, नीरज कुमार, महेंद्र कुमार, श्यामलाल, राहुल शुक्ला व प्रधान गण मौजूद रहे।

## रिजर्व पुलिस लाइन में एसपी ने पौधरोपण करके दिया वृक्षारोपण का संदेश

**जन एक्सप्रेस/बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर के पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में पौधरोपण करके सभी से पर्यावरण संतुलन के लिए वृक्षारोपण करने के लिए अपील किया। उन्होंने पर्यावरण सुरक्षा के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने तथा स्वच्छता बनाए रखने के लिए भी अपील किया। जानकारी के अनुसार 7 जुलाई को पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में वृक्षारोपण किया। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने, कूड़े का निस्तारण गीले व सूखे अलग-अलग कूड़ेदान के माध्यम से करने तथा हरे पौधे लगाने हेतु पुलिस कर्मियों को प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक नहीं वृक्षारोपण के माध्यम से लोगों को बताने का प्रयास किया कि बढ़ते पर्यावरण असंतुलन को रोकने के लिए वृक्ष लगाना नितांत आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा की पौधे हमें प्राणवायु देकर जीवन प्रदान करते हैं, इसलिए पौधों की सुरक्षा करना हमारा कर्तव्य है। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी ललिया राधारमण सिंह, प्रतिसार निरीक्षक किशन लाल गौतम व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुरोहित समाज की बैठक संपन्न

**✻ सनातन धर्म की रक्षा, गौ सेवा, समाजसेवा और पुरोहित समाज का उत्थान हमारी संस्था का लक्ष्य: दुर्गेश पांडे**

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



श्री अयोध्या धाम तीर्थ पुरोहित समाज सेवा ट्रस्ट की एक आवश्यक मीटिंग आज जानकीघाट बड़ा स्थान मंदिर में की गई। इसकी अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष दुर्गेश पांडे ने किया, जबकि संचालन सचिव करम राज पांडे ने क कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष दुर्गेश पांडे ने कहा कि पुरोहित समाज का गौरव ऐतिहासिक रहा है हम सभी मिलकर पुरोहित समाज को आगे बढ़ने का काम करेंगे। अयोध्या में जो भी भक्तगण श्रद्धालु गढ़ तीर्थयात्री आते हैं। उन्हें दर्शन पूजन कराने का काम हमारे समाज का है।उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा, गौ सेवा, समाजसेवा और पुरोहित समाज का उत्थान हमारे संस्था का लक्ष्य है। इसके लिए हम सब मिलकर काम करेंगे। समाज के सभापति शंभू नाथ पांडे ने कहा कि यह जो ट्रस्ट बनाया गया है। पुरोहित समाज के उत्थान के लिए बनाया गया है। साथ ही जो भी तीर्थयात्री श्रद्धालु अयोध्या आते हैं। उनका मार्गदर्शन दर्शन पूजन कराने का जिम्मा भी हम सबका है। इस मौके पर ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी का माला पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया। इस मौके पर संस्थान के उपाध्यक्ष सुनील पांडे, महामंत्री ओमप्रकाश पांडे, कोषाध्यक्ष राहुल पांडे, उप महामंत्री निर्मल पांडे, संरक्षक लव कुश पांडे, महासचिव प्रदीप पांडे, ट्रस्टी व सभापति शंभू नाथ पांडे, सचिव करम राज पांडे, उप सचिव जय प्रकाश पांडेय, सूचना मंत्री सुरेंद्र पांडे, उप सूचना मंत्री सुशील चंद पांडे, विधि सलाहकार प्रशांत यादव, व्यवस्था मंत्री नंदलाल, ट्रस्टी श्रीकांत पांडे, ट्रस्टी विश्वजीत पांडे, ट्रस्टी दिलीप पांडे, ट्रस्टी अंजनी पांडे, ट्रस्टी अभिषेक मौर्य, ट्रस्ट संदीप शर्मा, ट्रस्ट संदीप शर्मा, राष्ट्रीय संतोष पांडे, ट्रस्टी विशाल सोनकर, ट्रस्टी आईटी वीरेंद्र सिंह, संगठन मंत्री शरद पांडे, मांगू पांडे, शंभू नाथ पांडे, ओम प्रकाश पांडे, सूरज पांडे, रंजीत पांडे, धर्मराज पांडे, राजेश महाराज, राजा महाराज सहित पांडे पुरोहित समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे और अपने विचार भी प्रकट किए।

# एनसीसी के 75वें स्थापना दिवस पर सेंट जेवियर्स स्कूल में किया गया वृक्षारोपण

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एनसीसी के 75 में यहां स्थापना दिवस के उपलक्ष में शुक्रवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एनसीसी 51वी यूपी बटालियन के कमांडेंट कर्नल अरविंद सिंह पटवाल ने वृक्षारोपण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
जानकारी के अनुसार 7 जुलाई को के सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एन सी सी कमांडेंट व विद्यालय के एन सी सी कैडेट द्वारा एनसीसी के 75वे स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत विद्यालय प्रांगण में ही वृक्षारोपण किया गया। विद्यालय प्रांगण में एनसीसी की 51वी वाहिनी के कमांडेंट कर्नल अरविंद सिंह पटवाल के साथ सूबेदार मेजर रामनिवास तथा सूबेदार गुरनैल सिंह ने भी वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। वृक्षारोपण के दौरान विद्यालय निदेशक सुयश कुमार, सह निदेशिका सुजाता आनंद, विद्यालय प्रधानाचार्य आसिम रूमी और समस्त एनसीसी कैडेट भी उपस्थित रहकर वृक्षारोपण में भाग लिया। कमांडेंट ने विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि केवल वृक्षारोपण करना ही आवश्यक नहीं है, बल्कि उनके वृक्ष बनने तक उनकी देखभाल करना आवश्यक है। विद्यालय निदेशक सुयश कुमार ने भी वृक्षारोपण के महत्व को समझाते हुए कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत ज़रूरी है। बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रधानाचार्य आसिम रूमी ने कहा कि कि बच्चों में अध्ययन के साथ साथ देश सेवा व देशप्रेम की भावना जागृत करना एनसीसी के द्वारा उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। वृक्षारोपण के उपरांत एनसीसी कमाडेंट ने बच्चों को एनसीसी में भाग लेने के लिए भी प्रेरित किया।

# रिमझिम बारिश की फुहार हम सब गायें मल्हार

जन एक्सप्रेस। बहराइच

अखिल भारतीय साहित्य परिषद् सम्पूर्ण देश में साहित्यिक कार्यक्रमों के माध्यम से भारतीय परंपरा एवं जीवन पद्धति की वर्ष भर नई पीढ़ी को शिक्षा देता रहता है। साथ ही इस प्रकार वह उसे सुसंकृत करता रहता है। इसी क्रम में राम जानकी मंदिर, हमजापुर में अखिल भारतीय साहित्य परिषद्, बहराइच के तत्वावधान में व्यास पूर्णिमा या गुरु पूर्णिमा मनाई गई। उपस्थित भक्तों ने महर्षि वेदव्यास तथा अपने गुरु देवों की पूजा आरती की। साहित्य परिषद् की ओर से इस अवसर पर एक सरस काव्य गोष्ठी की गई। गोष्ठी का आयोजन परिषद् के प्रांतीय उपाध्यक्ष गुलाब चन्द्र जायसवाल तथा जिला महामंत्री रमेश चन्द्र तिवारी के द्वारा किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता परिषद् के जिलाध्यक्ष शिव कुमार सिंह रैकवार ने की। मुख्य अतिथि डा दिनेश त्रिपाठी शम्स रहे। कवियों ने महर्षि वेदव्यास को समर्पित तथा गुरु महात्म्य पर आधारित गीत गाये। राष्ट्रीयता विषय के प्रसिद्ध रचनाकार गुलाब चन्द्र जायसवाल ने महर्षि वेदव्यास का परिचय देते हुए पंक्तियाँ प्रस्तुत की है वेद रचा और ब्रह्म सूत्र गीता जैसा अदभुद सुग्रंथ, पग-पग पर दर्शाया करते महाभारत हमको पूज्य पंथ। अंतिम भागवत पुराण रचा श्री वेदव्यास महान संत। रुचि मटरेजा ने पावस गीत गाया **रिमझिम बारिश की फुहार, हम सब गायें मल्हार।**
रमेश चन्द्र तिवारी ने गीता, भागवत पुराण के रचयिता तथा वेदों के विभाजन कर्ता महाराज व्यास जी की वंदना की हे महाकवी, चिरकाल कवी, हे काव्य रूप कवि शिरोमणी, ज्ञान रूप हे महर्षि व्यास, हे कवि तारों में दीप्त रवी, तुमको नमन करूँ मैं पुनि-पुनि, नमन करूँ पुनि नमन करूँ।÷ विनय शुक्ल जीवन के यथार्थ को उजागर किया **चार पैसे, चार लोग, चार बातें, चार कंधे - बस यही जीवन।** शाश्वत सिंह पवार ने कविता पढ़ते हुए कहा 'एक दिन तो झुकायेंगे अर्जुन का सर, सारे एकलब्य हैं साधना कर रहे।' विमलेश जायसवाल विमल ने अपनी कविता पढ़ी 'जो प्रीति नहीं कर सकता घूंघट का व्यापार करे, बाहों को बदल-बदल कर जीने की लाचारी है।'

# वन महोत्सव कार्यक्रम में पौधरोपण के लिए निकाली गई जन-जागरूकता रैली

जन एक्सप्रेस। रूपईडीहा, बहराइच



रुपईडीहा वन रेंज के तत्वाधान में वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत पौधरोपण के लिए जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रभात फेरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य संदीप जायसवाल ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पौधरोपण के लिए जन जागरूकता रैली में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, स्वयंसेवी संगठनों के सदस्यों, पर्यावरण प्रहरी, एसएसबी और क्षेत्र के संभ्रांत लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में पौध लगाएं, जीवन बचाएं का संकल्प दिलाया गया। वन क्षेत्राधिकारी रुपईडीहा रेंज अतुल श्रीवास्तव ने उपस्थित छात्र-छात्राओं स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्यों, प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए आह्वान किया कि इस वर्षाकाल में सभी कम से कम एक पौध अवश्य लगाएं तथा रोपित पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी लें। जलवायु परिवर्तन तथा ग्लोबल वार्मिंग के खतरे को देखते हुए इसे पृथ्वी के अनुकूल बनाने हेतु पौधरोपण और उनका संरक्षण ही एक मात्र विकल्प है।
इसी से मानव समाज की रक्षा की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि देश और प्रदेश का वन आवरण बढाया जाये जो मानक के अनुरूप हो। इस क्रम में रूपईडीहा में बड़े पैमाने पर पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। इसलिए पौधरोपण को जनआंदोलन के रूप में लेकर सफल बनाना होगा। इस संकल्प की पूर्ति तभी संभव है जब हम सभी रोपित पौधों को सरक्षित कराने हेतु इनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी लें। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सदस्य श्री जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे इर्द-गिर्द जितनी अधिक संख्या में वृक्ष होंगे उससे हमारा जीवन सुरक्षित रहेगा। वृक्ष ही हमें शुद्ध वातावरण देते हैं। कार्यक्रम का संचालन वन दरोगा मो. अरशद द्वारा किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एसएसबी 42वीं वाहिनी रूपईडीहा वीओपी के इंस्पेक्टर भास्कर कुमार ने कहा कि मानव जीवन की रक्षा के लिए हम सभी लोगों को कम से कम एक पौध रोपित करने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने पौध लगाओ जीवन बचाओ का लोगों को संकल्प दिलाया। वन रेंज कार्यालय से शुरू हुई प्रभात फेरी नगर के विभिन्न मार्गो पर लोगों को जागरूक करते हुए बीओपी एसएसबी से वापस होकर वन रेंज कार्यालय पर समाप्त हुई। पौधरोपण के उपरांत अतुल श्रीवास्तव क्षेत्रीय वनाधिकारी रूपईडीहा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान विनय राणा, गिरीश चंद श्रीवास्तव, मोहम्मद अरशद सहित क्षेत्र के गणमान्य व संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

# घाघरा नदी में नाव पलटी पुलिस ने बचाई 11की जान

जन एक्सप्रेस। बहराइच



महसी तहसील क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह कुछ लोग नाव पर सवार होकर एक व्यक्ति के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। नाव पर भार अधिक होने के कारण बीच नदी में पलट गई। नाव पर सवार लोग डूबने लगे इसकी सूचना किसी तरह पुलिस तक पहुंची। जिस पर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर गोताखोरों की मदद से 11 लोगों को डूबने से बचा लिया। साथ में नाविक को भी बचा लिया गया।
घटना खैरीघाट थाना क्षेत्र के पहलवान पुरवा घाट की है। इसी गांव निवासी कैलाश पुत्र महावीर यादव का देहांत हो गया था। जिसकी जानकारी मिलने पर उसके कुछ रिश्तेदार दूसरे गांव से अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। गांव तक पहुंचने के लिए इन लोगों को नदी पार करना था। जिसके लिए घाट पर लगी नाव पर लोग सवार हो गए। नाव पर लोगों ने अपना सामान और बाइक भी लाद लिया। नाउ इन लोगों को लेकर नदी पार करने लगी। अचानक नाव का संतुलन बिगड़ गया और तेज प्रवाह में पलट गई। जिसकी जानकारी नाव पर सवार किसी व्यक्ति ने पुलिस को दी। तत्काल मौके पर थाना अध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए आस-पास मौजूद गोताखोरों को एकत्र कर लोगों को डूबने से बचाने के लिए लगाया। जिस पर गोताखोरों की मदद से चार पुरुष 4 बच्चे और 6 महिलाओं को नदी में डूबने से बचा लिया गया। गोताखोरों ने नदी में डूबी लोगों की बाइक भी निकाल ली। जिसके बाद नाव को सीधा कर घाट के किनारे लाया गया।

# पत्नी की निर्मम हत्या कांड : पहले पति से बढ़ा रही थी नजदीकियां इसलिए मार दिया

* जेल जाते समय आरोपी भुल्लन ने कबूला
* भुल्लन की स्कूटी पहले पति को दे चुकी थी मैराज

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



पूरनपुर। पत्नी की निर्मम हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को आला कत्ल के साथ जेल भेज दिया। जेल जाते समय आरोपी ने बताया कि उसकी तीसरी पत्नी अपने पहले पति के संपर्क में थी। उस ने जो स्कूटी अपनी पत्नी को दी थी। वह उसने पहले पति को दे दी। इसलिए संपत्ति जाने के डर से आरोपी ने पत्नी की हत्या कर दी। फिलहाल पुलिस मामले की तह तक जाने के लिए जांच पड़ताल कर रही है। बुधवार रात नगर के मोहल्ला लाइन पार साहूकारा बांसी वाली गली में मैराज नाम की महिला की हत्या कर दी गई थी। घर के बरामदे में उसका शव पड़ा मिला था। धारदार हथियार से गर्दन काट कर उसकी हत्या की गई। उसका पति भुल्लन मौके से फरार था। भुल्लन ने मैराज से तीसरी शादी की थी। हालांकि मैराज की भी पहले शादी हो चुकी थी। उसने अपने पहले वाले पति और बच्चों को छोड़ दिया था। उसका पहला पति हरिपुर गांव में बच्चों के साथ रहता है। बताया जा रहा है शादी के समय भुल्लन ने पत्नी मैराज के नाम काफी संपत्ति की थी। मैराज ने अपने नाम की संपत्ति बेचने के बाद रुपया खाते में डाल दिया था। बताया जा रहा भुल्लन के घर पर मैराज के पहले पति और बच्चों का भी आना जाना था। आरोपी भुल्लन भले ही साइकल से चलता था लेकिन उसने अपनी पत्नी मैराज के लिए एक स्कूटी खरीद कर दी थी। बताया जा रहा है कुछ दिन चलाने के बाद मैराज ने वह स्कूटी अपने पहले पति को दे दी। यह बात भुल्लन को नागवार गुजरी। यही नहीं भुल्लन को भय था कि मैराज के खाते में पड़े रुपए और अन्य संपत्ति भी उसके पहले पति को दे देगी। इसलिए उसने अपनी पत्नी मैराज को बांका से हत्या कर दी। फिलहाल जेल गए भुल्लन के साले हनीफ ने बहन मैराज के खाते में पड़े 18 लाख रुपए के लिए उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। जेल जाते समय भुल्लन ने पत्नी को मारने की वजह उसके पहले पति से उसकी नजदीकियां बढ़ना बताया। आरोपी भुल्लन ने बांका से कटकर पत्नी को मौत के घाट उतारा था।फिलहाल पुलिस सच्चाई जानने के लिए अभी भी जांच पड़ताल कर रही है। जांच के बाद पता चलेगा कि मौत की सही वजह क्या है।

# ज्ञान परिसर को चॉकलेट कलर से सजाकर धूमधाम से मनाया विश्व चॉकलेट दिवस

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



शुक्रवार को ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल, पीलीभीत में विश्व चॉकलेट दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के बच्चे विश्व चॉकलेट दिवस मनाने के लिए काफी उत्साहित नजर आ रहे थे। ज्ञान परिसर को चॉकलेट कलर के भूरे रंग से सजाया गया। विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चे चॉकलेट से संबंधित कैडबरी, फाइव स्टार, डेरी मिल्क,जेम्स, चोकोबार आइसक्रीम आदि चॉकलेट से बनी वस्तुओं को देखकर काफी उत्साहित थे ।बच्चों को चॉकलेट के नुकसान और फायदे के बारे में शिक्षिकाओं ने विस्तारपूर्वक समझाया। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने सभी बच्चों को विश्व चॉकलेट दिवस की बधाई दी तथा सभी बच्चों को चॉकलेट के फायदे और नुकसान के बारे में अवगत कराया। उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि चॉकलेट का नाम आते ही दिमाग में सेहत की बात याद आ जाती है। अगर हम चॉकलेट एक निश्चित मात्रा में खाते हैं तो यह हमारे लिए फायदेमंद भी है। हर साल 7 जुलाई को विश्व चॉकलेट दिवस मनाया जाता है। विद्यालय प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने सभी को विश्व चॉकलेट दिवस की बधाई दी तथा सभी को संबोधित करते हुए कहा कि चॉकलेट बहुत सी बीमारियों में हमारी सेहत के लिए फायदेमंद है लेकिन ज्यादा चॉकलेट खाना हमारे दांतो के लिए नुकसानदायक है। इसी के साथ साथ हमें चॉकलेट का सेवन आवश्यकतानुसार करना चाहिए अधिक नहीं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### मुस्लिम युवक विवाहिता को लेकर हुआ फरार

जन एक्सप्रेस/वाराणसी। वाराणसी फूलपुर थाना क्षेत्र के पिंडरा बाजार निवासी एक 32 वर्षीय विवाहिता को 22 वर्षीय मुस्लिम युवक प्रेम जाल में फंसा कर ले भागा। पीड़ित पति के मोबाइल पर फोन आने पर शुक्रवार को फूलपुर थाने पहुच कर तहरीर दी। बताते है कि तीन दिन पूर्व पिंडरा निवासी युवक के दुकान पर आने व उससे मित्रवत सम्बंध रखने वाला मुस्लिम युवक उसकी पत्नी को लेकर भाग निकला। गुरुवार को फोन कर पड़ाव निवासी शाकिब ने बताया कि उसके पत्नी व 6 वर्ष के बच्चे को ले भागा है और कहाकि वह उसके पत्नी व बच्चे को मुस्लिम बनाएगा। यदि कही शिकायत की तो इन दोनों को मार डालूंगा। फोन आने के बाद घर मे हड़कंप मच गया। यह बात शुक्रवार को जंगल मे आग की तरह फैली । उसके बाद हिन्दू संगठन के लोग भी आगे आये और इसे लव जिहाद का मामला बताते हुए पुलिस से मुकदमा दर्ज करने की मांग की। लेकिन पुलिस जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन देकर लौटा दिया। बताते हैं कि पड़ाव निवासी शाकिब पिंडरा बाजार में एक फर्नीचर के दुकान पर काम करता था और उक्त विवाहिता के पति से दोस्ती बढ़ाकर घर मे घुस गया और मौका पाते ही विवाहिता को ले भागा। जबकि विवाहिता की उम्र उससे 10 वर्ष अधिक बताई जाती है। वही हिन्दू जागरण मंच के गौरीश सिंह ने कहाकि यदि मुकदमा दर्ज नही हुआ तो संगठन के लोग सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होंगे।

### आकाशीय बिजली गिरने से दो गायों की मौत

जन एक्सप्रेस/वाराणसी। ग्राम सभा बभनियाव में आकाशीय बिजली गिरने से पियूष उपाध्याय पुत्र अशोक उपाध्याय का दो गाय मर गई। जिससे परिवार में शोक छा गया। पीयूष उपाध्याय का कहना है कि इन गायों से परिवार में बच्चों के दूध का काम चलता था एवं कुछ आमदनी भी हो जाता था लेकिन इस घटना से मेरा पूरा परिवार स्तब्ध है।

### 20 लीटर शराब सहित पुलिस ने युवक को भेजा जेल

जन एक्सप्रेस/दियोरिया। पुलिस अधीक्षक के सख्त तेवरो को लेकर एक मुखबिर की निशानदेही पर अवैध रूप से शराब की बिक्री करने जा रहे एक युवक को पुलिस ने धर दबोचा पकडे गये युवक को पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत जेल भेज दिया हैं। गौरतलब हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सावन के पवित्र माह में कावड़ियों के साथ किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित न हो को लेकर काफी सख्त हैं। जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक के तेवर भी काफी सख्त हैं। उसी तेजी को लेकर कोतवाली पुलिस भी काफी सक्रिय हो गयी हैं ।तथा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे अपराधो की रोकथाम के लिए अपराधियो की धरपकड व अवैध शराब के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत एक मुखबिर की निशानदेही पर कोतवाली पुलिस के सिपाही अमन अवस्थी व रजत कुमार ने छोटी महदखास के समीप स्थित श्मशान घाट के पास से थाना गजरौला के ग्राम बिहारीपुर निवासी ओमप्रकाश को धरदबोचा जिसे आबकारी अधिनियम के तहत जेल भेज दिया है।

### कुशन शिल्पकला कार्यशाला में बच्चे हुए पुरस्कृत

जन एक्सप्रेस/प्रयागराज। कला कार्यशाला से बच्चों की कला निखरने के अलावा उनका मानसिक विकास भी होता है। यह बातें मुख्य अतिथि राज्य ललित कला अकादमी के



कार्यकारिणी सदस्य रहे वरिष्ठ कलाकार रवीन्द्र कुशवाहा ने करेली में संयोजिका सुम्बुल परवीन की दस दिवसीय कुशन शिल्प कला कार्यशाला के समापन एवं पुरस्कार समारोह में कहीं। सम्मान कल्चर आर्ट फाउंडेशन उत्तर प्रदेश की तरफ से आयोजित प्रयागराज की द्वितीय ग्रीष्मकालीन कला कार्यशाला के निर्णायक मंडल में मुख्य अतिथि रवीन्द्र कुशवाहा एवं विशिष्ट अतिथि तलत महमूद रहे। प्रथम पुरस्कार फलक शकील, द्वितीय शरीना, तृतीय पुरस्कार अमनूर ने प्राप्त किया। संस्था के प्रदेश सचिव नीरज कुशवाहा हिंदुस्तानी एवं कलाकार शुभम कुशवाहा ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के साथ मिलकर बच्चों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। कार्यशाला की संयोजिका सुम्बुल परवीन ने अतिथियों को कलात्मक कुशन भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कई गणमान्य कलाकार उपस्थित रहे।

# युवक ने 5 साल की बच्ची के साथ किया दुष्कर्म

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

बिलसंडा। पुलिस चौकी करेली के एक गांव में कामांध एक युवक ने बाग में खेल रही पड़ोसी की एक 5 वर्षीय बालिका को दबोचने के साथ ही दुष्कर्म किया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने पहले उसका नगर के एक निजी अस्पताल में उपचार कराया उसके बाद थाने पहुंचकर तहरीर दी। आरोप है कि पुलिस पहले तो टालमटोल करती रही लेकिन परिजनों द्वारा सीओ से शिकायत किए जाने के बाद हरकत में आई पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज की। इतना ही नहीं पुलिस ने आरोपी को हिरासत में भी ले लिया है। उधर पुलिस ने दुष्कर्म पीड़िता को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है। बालिकाओं और महिलाओं के मामलों में पुलिस कितनी संवेदनशील है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 5 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता कई घंटे तक थाने में परिजनों के साथ बैठी रही , लेकिन पुलिस ने कार्यवाही तब की, जब मामला उच्चाधिकारियों के दरबार पहुंचा। थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी करेली के एक गांव निवासी ग्रामीण ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहां है कि उसकी 5 वर्षीय बेटी हर रोज की तरह पड़ोस में स्थित बाग में खेल रही थी। आरोप है कि इसी बीच पड़ोसी के 16 वर्षीय लड़के ने उसे दबोच लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। जिससे वह लहूलुहान हो गई। हालत बिगड़ने पर परिजन पहले उसे नगर के एक निजी अस्पताल लेकर आए। जहां पर उसका उपचार कराया ,उसके बाद थाने पहुंचकर घटना की तहरीर दी। आरोप है कि पहले तो पुलिस मामले में समझौता कराने की कोशिश करती रही, लेकिन जब पीड़िता के परिजनों ने मामले की शिकायत बीसलपुर के पुलिस क्षेत्राधिकारी सतीश चंद्र शुक्ला से की, उसके बाद पुलिस हरकत में आई और घटना की रिपोर्ट दर्ज की। इतना ही नहीं पुलिस ने आरोपी किशोर प्रवीण कुमार को हिरासत में भी ले लिया। उधर थानाध्यक्ष एसपी सिंह ने बताया कि घटना की आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। बालिका को मेडिकल के लिए भेजा गया है। उन्होंने इस मामले में सख्त कार्रवाई अमल में लाए जाने की भी बात कही है।

# दरवाजे के सामने से स्कूल बस ले जाने के विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, दर्जनों घायल

* पीड़ित पक्ष का कहना है कि हल्का दरोगा के चलते हुआ खूनी संघर्ष

जन एक्सप्रेस । वाराणसी

सेवापुरी। कपसेठी थाना क्षेत्र के नहवानीपुर गांव में शुक्रवार की सुबह दो पड़ोसी उस समय आपस में भिड़ गए जब एक पक्ष स्कूल बस दूसरे पक्ष के दरवाजे के सामने लगे खड़ंजे से होकर जा रहा था दोनों तरफ से जमकर ईट पत्थर लाठी डंडा चला जिसमें दोनों पक्षों से एक दर्जन लोग घायल हुए इस मामले में पुलिस दोनों पक्षों की तहरीर पर दोनों पक्ष से 10 लोगों के खिलाफ विभिन्न धारा में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई में जुटी है। बताया जाता है कि उक्त गांव निवासी सुजीत साहु स्कूल बस चलता है और प्रतिदिन अपने दरवाजे पर ले जाकर बस खड़ी करता है दरवाजे तक जाने के लिए उसे पड़ोसी नंदलाल के घर के सामने की सडक से होकर गुजरना पड़ता है जिससे उस पक्ष का कुछ नुकसान होता था जो पड़ोसी परिवार को बुरी लगती है और बस दरवाजे तक न जाए इस के लिए खड़ंजे के आसपास लकड़ी आदि रखकर मार्ग को को अवरुद्ध कर ने की कोशिश की जिसको लेकर विवाद हुआ और मामला देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया इस संघर्ष में एक पक्ष से नंदलाल सुजीत अनिल सुनील शिवा और दूसरे पक्ष के सुजीत नंदू संतलाल हर्ष राज समेत कुछ महिलाओं को भी चोट आई मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को सेवापुरी के राजकीय अस्पताल में भरती कराया जहां उनका इलाज हो रहा है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि हल्का दरोगा इस मामले में पहले दी गई तहरीर पर कोई कार्रवाई नहीं किया बल्कि खूनी संघर्ष करने के लिए दूसरे पक्ष को उकसाया।

# पंखा से लटकता मिला नव विवाहिता का शव, मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस । वाराणसी

* जनसा पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेजा
* गत 28 जून को हुई थी शादी 3 दिन बाद आया था गौना

सेवापुरी। जनसा थाना क्षेत्र के शंभूपुर गांव में शुक्रवार की अल सुबह अपने ही कमरे में साड़ी के फंदे के सहारे पंखे से लटकती नव विवाहिता की लाश मिली जिससे अफरा तफरी मच गई विवाहित के पिता की तहरीर पर पहुंची जनसा पुलिस ने फांसी के फंदे से सव को उतरवा कर लाश को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बताया जाता है कि शंभूपुर गांव निवासी रमाशंकर उपाध्याय के बेटे अंकित उपाध्याय की शादी गत 28 जून को चौबेपुर थाना क्षेत्र के कसिहर। नरायनपुर गांव निवासी जयप्रकाश चौबे की पुत्री रिशु के साथ हुआ था शादी के समय लड़की की विदाई किसी धार्मिक कारण के चलते नहीं हुई थी दो दिन बाद लड़के के परिवार में कोई मौत हो जाने के चलते लड़की के पिता द्वारा लड़की को गौना का रस्म पूरा करते हुए ससुराल पहुंचा दिया गया था ससुराल वालों की माने तो एक सप्ताह बाद विवाहिता मायके जाने की जिद करने लगी जिसकी सूचना मोबाइल के जरिए ससुराल वालों ने लड़की के पिता को दी लेकिन व्यस्तता का हवाला दे लड़की के पिता विवाहिता को लेने विवाहित के ससुराल नहीं आए और गुरुवार की देर शाम खाना खाने के बाद परिवार के सारे सदस्य अपने-अपने कमरे में सोने चले गए शुक्रवार की अल सुबह जब विवाहिता के घर का दरवाजा नहीं खुला तो ससुराल वाले परेशान हुए और दरवाजा जबरी खोलकर अंदर का नजारा देख सन्न रह गए मामले की सूचना ससुराल वालों ने तत्काल मृतका के मायके वालों को दी मायके वाले सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे घटना के बाबत थाना अध्यक्ष जनसा राकेश पाल का कहना है कि मायके वालों की तरफ से इस मामले में कोई तहरीर किसी के खिलाफ नहीं दी गई है उनका कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ जाने के बाद मृत्यु का कारण स्पष्ट होने के बाद ही इस मामले में कोई कार्रवाई की जाएगी।

# विवाहिता को भगा ले गया गैर संप्रदाय का युवक पुलिस ने युवक के घर मारी दबिश

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

बिलसंडा। प्रेम प्रसंग के चलते क्षेत्र के गांव निवासी गैर संप्रदाय का एक युवक पुवायां क्षेत्र की एक नवविवाहिता को बहला-फुसलाकर भगा लाया। प्रेमी युगल की तलाश में पुवायां पुलिस ने आरोपी युवक के घर दबिश दी। लेकिन उससे पहले ही परिवार के अन्य सभी सदस्य भी फरार हो गए। थाना क्षेत्र के गांव मार निवासी महबूब का पुत्र अब्दुल पुवायां क्षेत्र के एक ईट भट्टे पर मजदूरी करता था। बहीपर उसकी एक नवविवाहिता से मुलाकात हुई। जिसकी पिछले महीने ही शादी हुई थी। आरोप है कि अब्दुल ने उसे प्रेम जाल में फांस लिया, और मौका लगते ही उसे लेकर भाग आया। नवविवाहिता के पति की ओर से पुवायां कोतवाली में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसके बाद पुलिस ने प्रेमी युगल की तलाश में दबिश देनी शुरू कर दी। पुवायां पुलिस ने आरोपी अब्दुल के घर पर दबिश दी। बताते हैं कि पुलिस के आने से पहले ही परिवार के अन्य सभी सदस्य फरार हो गए। जिस कारण पुलिस को बैरंग वापस लौटना पड़ा। बता दें कि हफ्ते भर पहले भी क्षेत्र के एक गांव की दलित किशोरी को भी गैर संप्रदाय का ही एक युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

# गजब! महीने गुजरे, आंधी में उड़े टिन शेड की रिपेयरिंग न करा सका रेल विभाग



जन एक्सप्रेस स्पेशल रिपोर्ट
फाफामऊ जंक्शन का हाल बेहाल
शिवाशंकर पाण्डेय

प्रयागराज। हद हो गई। करीब एक महीने पहले तेज आंधी से उड़ गया टीन शेड अभी तक दुबारा नहीं लगाया जा सका। इस मामले में स्थानीय रेल प्रशासन उदासीन बना है। मामला फाफामऊ रेलवे जंक्शन का है। जहां एक तरफ रेल विभाग यात्रियों के सुविधाओं के बड़े बड़े दावे करते नहीं थक रहा है, वहीं दूसरी तरफ फाफामऊ जंक्शन पर यात्रियों की सुविधा राम भरोसे है। गर्मी के सीजन में धूप और उमस तो यात्रियों ने किसी तरह झेल लिया पर अब बरसात के सीजन में पानी से बचाव की कोई सुविधा नहीं है। यहां आने वाले यात्री व्यवस्था को कोसने के लिए मजबूर हैं।

### अयोध्या, काशी, प्रयाग को जोड़ता है फाफामऊ जंक्शन

आवागमन के दृष्टि से फाफामऊ जंक्शन रेलवे स्टेशन काफी महत्वपूर्ण है। जिले का यह प्रमुख रेलवे स्टेशन माना जाता है। अयोध्या, वाराणसी, फैजाबाद सुल्तानपुर अमेठी से लेकर ऊंचाहार रायबरेली लखनऊ कानपुर के रूट फाफामऊ जंक्शन से जुड़े होने की वजह से यहां रोजाना सैकड़ों यात्रियों का आवागमन होता है। सावन महीने में कांवड़ यात्रियों की संख्या यहां इसलिए ज्यादा हो जाती है कि बगल में गंगानदी और द्वापरयुगीन प्रसिद्ध शिव मंदिर पांडेश्वरनाथ धाम मौजूद है। कुंभ मेला की तैयारी भी जोर शोर से की जा रही है रेलवे स्टेशन में यात्रियों की सुविधा के दावे भी फाफामऊ जंक्शन रेलवे स्टेशन पर धड़ाम नजर आ रहे हैं।

# सोशल प्लेटफार्म पर खूब पसंद की जा रही इलाहाबादी कलाकारों की लघु फिल्में

जन एक्सप्रेस । राजेश सरकार




प्रयागराज। यमुनानगर। उत्तर प्रदेश में फिल्म सिटी के निर्माण के बाद प्रदेश के कलाकारों की प्रतिभा सोशल मीडिया एवं फिल्मी परदे के माध्यम से लगातार दिख रही है। इस विधा में प्रयागराज के कलाकारों ने अपनी मजबूत पकड़ बनाई हुई है। इसी कड़ी में प्रयागराज के जाने-माने गायक व उद्घोषक और पिछले साल के बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर के राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजे गए फिल्म अभिनेता प्रियांशु ने पुनः दो लघु फिल्म से वापसी कर अपने अभिनय का लोहा बनवाया है।स्टोरी ग्राम के बैनर तले पीडीटी स्टोरी पर श्री राम मणि के निर्देशन में सौरभ तिवारी के सह निर्देशन में लांच हुई सामाजिक मुद्दों पर आधारित दो लघु फिल्मों ने इस समय फेसबुक पेज एवं यूट्यूब पेज पर अपनी जगह बनाई है। मात्र चौबीस घंटे में दोनों फिल्में एक मिलियन से अधिक लोगों तक पहुंच गई है। प्रयागराज के प्रियांशु सहित इंडिया नॉर्थ जोन अभिनेत्री आकांक्षा वर्मा ,वरिष्ठ कलाकार हरदीप सिंह ,अभिनेत्री स्मिता दीक्षित के अभिनय को इन दोनों शार्ट फिल्म के माध्यम से देशभर में काफी पहचान मिल रही है। प्रियांशु श्रीवास्तव ने बताया कि इससे पहले भी वह बॉलीवुड फिल्म हुरदंग भोजपुरी फिल्म भोजपुरिया में दम बा जैसी फिल्मों में सशक्त किरदार निभा चुके हैं। उनकी आगामी फिल्म यूपी 70 भी बहुत जल्द जनता के बीच आने वाली है।

# निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप करें राजस्व वसूली : जिलाधिकारी

* पुराने वादों को प्राथमिकता के आधार पर किया जाये निस्तारित

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों एवं कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। कर करेत्तर की बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने वाणिज्यकर, स्टाम्प, परिवहन, विद्युत, सामाजिक वानिकी, टाइगर रिजर्व, बाढ़ खंड, मण्डी, खनन, बाट माप, राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों के निर्धारित किये गए लक्ष्य के सापेक्ष अब तक की गई राजस्व वसूली की विभागवार समीक्षा की गई। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान लक्ष्य के अनुरूप वसूली न करने पर अधिशासी अभियन्ता विद्युत लक्ष्य के अनुरूप वसूली करने के निर्देश दिये। मण्डी समिति की समीक्षा के दौरान लक्ष्य के सापेक्ष बकाया वसूली करने के निर्देश दिये। वाणिज्य कर, परिवहन, मण्डी से सम्बन्धित अधिकारियों को कडे निर्देश देते हुये कहा कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली सुनिश्चित की जाये। परिवहन विभाग की समीक्षा के दौरान एआरटीओ को लक्ष्य के सापेक्ष वसूली करने के निर्देश दिये गये। खनन विभाग की समीक्षा के दौरान लक्ष्य के सापेक्ष वसूली न करने पर खनन अधिकारी को तेजी से वसूली करने के निर्देश दिये। स्टाम्प की समीक्षा के दौरान आईजी स्टाम्प को निर्देशित करते हुये कहा कि बडे बकाएदारों से लक्ष्य के सापेक्ष वसूली कराना सुनिश्चित करें। एआईजी स्टाम्प को निर्देशित किया गया लम्बित वादों का समय से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा समस्त विभागाध्यक्षों को कडे निर्देश देते हुये कहा कि आईजीआरएस पोर्टल को नियमित देखें कोई भी सन्दर्भ डिफाल्टर की श्रेणी में न आने पाये।

### मंदिर में चोरी और तोड़फोड़ से आक्रोशित ग्रामीणों का प्रदर्शन

# थाने के सामने सड़क पर धरना, जमकर नारेबाजी

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

* शिकायत के बाद पुलिस मूकदर्शक बनी हुई

यमुनानगर। यमुनानगर में मांडा थाना क्षेत्र के कोसड़ा कला गांव स्थित बाबा देवकुंड नाथ महादेव धाम मंदिर से हनुमान प्रतिमा से पीतल की आंख, चांदी का मुखौटा व घण्टा निकालने के बाद असमाजिक तत्वों ने मंदिर में तोड़फोड़ भी की। इसकी शिकायत के बाद पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। पुलिस के रवैए को लेकर शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। भारी तादाद में ग्रामीणों ने मांडा थाने के सामने मार्ग पर चक्का जाम करते हुए पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। सड़क पर बैठ ग्रामीणों ने हनुमान भजन शुरू कर दिया। जाम के कारण वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने समझा बुझाकर किसी तरह चक्का जाम समाप्त कराया। इसके बाद मंदिर के पुजारी की तहरीर पर अज्ञात में अभियोग दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### महाविद्यालय के शिक्षक एवं छात्राओं ने लगाए पेड़

जन एक्सप्रेस/सेवापुरी/ वाराणसी। स्थानीय भीषमपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय बालिका महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो सुधा पाण्डेय के मार्गदर्शन में शुक्रवार को वृक्षारोपण का वृहद कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें विविध प्रकार के छायादार, फलदार एवं औषधीय गुणों से युक्त पौधों का रोपण किया गया। प्रो पाण्डेय ने कॉलेज की छात्राओं को बताया कि वृक्ष हमारे पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित करते हैं। इस कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षकों सहित तमाम छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

# सारथी वाहन परिवार नियोजन की देगा जानकारी : आलोक कुमार






जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

* आशा घर-घर जाकर परिवार नियोजन के साधन उपलब्ध कराएगी
* सात से दस जुलाई तक सारथी वाहन से परिवार नियोजन का प्रचार प्रसार होगा

परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए शुक्रवार को सीएमओ कार्यालय से सारथी वाहन रवाना हुए। सीएमओ डॉ आलोक कुमार ने वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सारथी वाहनों के माध्यम से नगर के मोहल्लों में सात से दस जुलाई तक परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। आगामी ग्यारह जुलाई से प्रारंभ हो रहे जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता सारथी वाहन में परिवार नियोजन के रोचक थीम पर गीतों एवं पंपलेट वितरित कर लोगों को परिवार नियोजन के बारे में जागरूक करेंगे वहीं परिवार नियोजन सामाग्री आशा के माध्यम वितरित कराई जाएगी। सीएमओ ने बताया कि पुरुष नसबंदी व महिला नसबंदी सभी प्रकार से निःशुल्क है। महिला में दो बच्चों पर नसबंदी कराने पर लाभार्थी को दो हजार प्रोत्साहन राशि व पुरुष नसबंदी पर तीन हजार प्रोत्साहन राशि दी जाती है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरि दत्त नेमी ने बताया कि आईयूसीडी जैसे अंतर पद्धति पर बल देना, प्रसव उपरांत परिवार नियोजन सुविधाएं बढ़ाना, जिसके तहत संस्थागत प्रसव में पीपीआईयूसीडी जोड़ना है। जिला परिवार नियोजन प्रबंधक अमित शर्मा ने बताया कि आशा के माध्यम से परिवार नियोजन के साधन को वितरित कराया जाएगा। यूपीटीएसयू के परिवार नियोजन विशेषज्ञ संदीप उपाध्याय ने बताया कि परिवार नियोजन साधन अपनाने से महिला को कोई हानि नहीं होती है। पीपीआईयूसीडी, आईयूसीडी लगवाने से महिला को कोई नुकसान नहीं होता है। महिला नसबंदी शिविर में महिलाओं की नसबंदी हो जाती है जो अस्थाई परिवार नियोजन विधियों में से सबसे अच्छा उपाय है। जब सीएचसी में नसबंदी कैंप लगता है तब अस्थाई विधियों के बारे में परामर्श दिया जाता है।

# पत्नी के सामने बीडीसी को कुल्हाड़ी से वार कर उतारा मौत के घाट

## सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के इब्राहिम खेड़ा में हुई घटना





जन एक्सप्रेस । दीप कृष्णा शुक्ला

उन्नाव। सफीपुर कोतवाली के इब्राहिमखेड़ा में बीते दिन शुक्रवार सुबह खेतों पर मेड़ के विवाद में पूर्व बीडीसी पर पड़ोसी खेत स्वामी व उसके तीन बेटों ने सिर पर कुल्हाड़ी के ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया। घटना के वक्त खेत पर मौजूद मृतक पत्नी गिड़गिड़ाती रही लेकिन हत्यारों का दिल नहीं पसीजा। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। हत्या की जानकारी मिलने पर पहुंचे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौका मुआयना किया। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। एएसपी ने तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज करने और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की बात कही है। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के इब्राहिमखेड़ा के मजरे कोडरा गांव निवासी राम खेलावन (50) पुत्र छोटेलाल पासी वर्ष 2000 में क्षेत्र पंचायत सदस्य चुना गया था। शुक्रवार सुबह वह पत्नी माया के साथ अपने खेत पर गया था। जहां वह खेत की तारबंदी के लिए खूंटा लगा रहा था। इसी बीच पड़ोसी खेत का मालिक नन्हू निषाद अपने तीन बेटों के साथ वह आ धमका। मेड़ के पूर्व से चल रहे विवाद के कारण दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। तैश में आए नन्हू और उसके बेटों ने कुल्हाड़ी से वार कर रामखेलावन को वहीं ढेर कर दिया। झगड़े के दौरान पत्नी माया हमलावरों के सामने गिड़गिड़ाती रही। हत्या की इस सनसनीखेज वारदात की जानकारी पर वहां ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची एसडीएम, सीओ, कोतवाल मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। बाद में एएसपी शशि शेखर सिंह ने भी घटना स्थल पर पहुंच मामले की जानकारी ली। उन्होंने ने बताया कि मेड़ के विवाद में हत्या हुई है। मृतक की पत्नी की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें लगाई गई हैं। जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

### घटना के तकरीबन एक घंटे बाद पहुंचे अधिकारी

रामखेलावन को मौत के घाट उतारने के बाद हत्यारोपी मौके से भाग निकले। वारदात की जानकारी से घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। करीब एक घंटे बाद 9:30 बजे एसडीएम शिवेंद्र वर्मा, सीओ ऋषिकांत शुक्ला सफीपुर कोतवाल और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जिसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका।

### एक साल से चल रहा था मेड़ का विवाद

सफीपुर कोतवाली की ग्राम पंचायत इब्राहिमाबाद के मजरा कोड़वा निवासी पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य रामखेलावन का पड़ोसी गांव मनियाखेड़ा निवासी नन्हू निषाद से खेत की मेड़ को लेकर तकरीबन एक साल से विवाद चल रहा है। इसी के चलते शुक्रवार को घटना हुई।

# दो बहनों ने ट्रेन से लगाई छलांग एक की मौत, दूसरी ने इलाज के दौरान दम तोड़ा

जन एक्सप्रेस। नवाबगंज, उन्नाव





विकासखंड नवाबगंज के अन्तर्गत जैतीपुर रेलवे स्टेशन पार करते ही स्कूल से लौटकर घर आ रही दो बहनों ने ट्रेन से छलांग लगा दी। हादसे में घायल किशोरियों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने एक को ट्रामा सेंटर रेफर किया। वही दूसरी को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी अनुसार विकासखंड नवाबगंज के गांव गौरी देवरा निवासी संजय बाजपेई की पुत्रियां सौम्या उम्र 14 वर्ष एवं दिव्यांश 16 वर्ष उन्नाव स्थित गवर्मेंट गर्ल्स इंटर कालेज में पढ़ने के लिए सुबह घर से निकली थी। बताते है कि वापस आते समय झांसी पैसेंजर में ना बैठकर गलती से झांसी इंटरसिटी में बैठ गई। जोकि जैतीपुर स्टेशन पर नहीं रुकी तो बच्चियां घबड़ा गई और जैतीपुर स्टेशन पार हो जाने पर ट्रेन से कूद गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से नवाबगंज सीएचसी भेजा। चिकित्सक ने सौम्या को मृत घोषित कर दिया तथा दिव्या को गंभीर अवस्था में लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया। जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। सौम्या तीन बहनों में सबसे छोटी तथा दिव्या मंझली है तथा सबसे बड़ी बहन नित्य उम्र 20 वर्ष और सबसे छोटा भाई विनायक उम्र 9 वर्ष है। परिवार के मुखिया संजय बाजपेई दूध बेचने तथा कृषि का कार्य करते हैं तथा मां मुन्नी देवी ग्रहणी हैं। सोहरामऊ थाना प्रभारी संदीप मिश्र ने बताया की दोनों बच्चियां आज पहले दिन ही एडमिशन के लिए जी,जी,आई सी, उन्नाव गई थी। वापस आने के दौरान जब ट्रेन जैतीपुर स्टेशन पर नहीं रुकी तो बच्चियों को लगा गलत ट्रेन में बैठ गई हैं, और हड़बड़ाहट में चलती ट्रेन से उतरने दौरान दोनों बच्चियों को जान गवानी पड़ी।

### पहले ही दिन गई थी स्कूल

सौम्या और दिव्या पहले ही दिन विद्यालय गई थी। जहां सौम्या का कक्षा 9 में दाखिला हुआ था। तथा दिव्या का कक्षा 11 में दाखिला हुआ था। पहले ही दिन स्कूल गई दोनों बच्चियां वापस घर नहीं लौटीं।

# आवासीय योजना के लाभार्थियों को विधायक ने सौंपी चाभियां



जन एक्सप्रेस। नवाबगंज, उन्नाव

विकासखंड मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में आवास योजना के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को मोहान विधानसभा विधायक द्वारा चाभियाँ सौंपकर सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को नवाबगंज मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में चाभियाँ सौपने पहुंचे मुख्य अतिथि मोहान विधानसभा विधायक बृजेश रावत का भाजपा नेता रवि प्रताप सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मोहान विधायक ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है। हर नागरिक के पास उसका अपना घर हो और कोई भी बेघर ना रहे। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार इस योजना पर विशेष ध्यान दे रही है। कहा कि 2024 में फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद इस कार्यक्रम को और विस्तार दिया जाएगा। इस अवसर पर एडीओ मनोज कुमार, वीडीओ सुरेंद्र कुमार, भाजपा नेता रवि प्रताप सिंह, प्रधान प्रतिनिधि रेशू तिवारी, दीपू सिंह आदि समेत लाभार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौजूद रही। जिसमें डॉ रविशेष, डॉ अंकिता रस्तोगी, अभिषेक श्रीवास्तव, कुमार गौरव आदि शामिल रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय का किया औचक निरीक्षण



जन एक्सप्रेस/ शुक्लागंज, उन्नाव। बीते दिन सुबह गंगाघाट क्षेत्र के सिकंदरपुर सरोसी के शंकरपुर सरायं प्रथम के प्राथमिक विद्यालय में नवागंतुक बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह पहुंची। जहां उन्होंने स्कूल के दस्तावेज देखे। जिसके बाद प्रधान शिक्षिका से बच्चों की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली। जहां 41 बच्चे उपस्थित मिले। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों से महात्मा गांधी, पहाड़े, माता की अंग्रेजी जैसे तमाम सवाल बच्चों से किये। जिस पर बच्चों ने उनका सही जबाव दिया। वहीं कक्षा छह की एक छात्रा से हिंदी की किताब भी पढ़वाई। काफी देर तक बच्चों से बातचीत की। जिसके बाद रसोई घर में पहुंची। जहां रसोई घर का निरीक्षण किया। जिसके बाद मीड डे मील में बनी खिचड़ी खाकर उसकी गुणवत्ता देखी। इस दौरान उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान विद्यालय में सब संतोषजनक मिला है।

### एसडीएम मनोज कुमार को सौंपा शिकायती पत्र, कार्रवाई का दिया आश्वासन

जन एक्सप्रेस/पुरवा। क्षेत्र के गांव सरैया निवासी मनोज कुमार ने एसडीएम अतुल कुमार को शिकायती पत्र देकर बताया कि कानपुर -लखनऊ एक्सप्रेस वे निर्माण कंपनी पीएनसी द्वारा बनाए गए अंडर पास के बगल से अस्थायी मार्ग पर बारिश के चलते मार्ग खराब हो गया है। जिससे आवागमन में राहगीरों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिसपर एसडीएम ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### पॉक्सो एक्ट में वांछित अपराधी को पुलिस ने भेजा जेल

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के रौतापुर व हाल पता इंद्रा नगर निवासी प्रेम निषाद पर गंगाघाट कोतवाली में पॉक्सो एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। मुकदमें में वांछित चल रहा था। शुक्रवार को एसपी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस अपराधी व अपराधियों के विरूद्ध अभियान चला रही थी, तभी उ0नि0 सुशील कुमार यादव हमराहियों के साथ इंद्रा नगर में गश्त कर रहे थे। इस दौरान प्रेम पुलिस को देख भागने लगा। जिस पर पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया और दर्ज मुकदमें के आधार पर उसके खिलाफ कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है।



### छत से गिरकर युवक की मौत

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के जारुल्ला नगर गांव में एक युवक गुरुवार देर रात छत से उतरते समय आंतुलित होकर नीचे गिर गया। परिजन जख्मी हालत में उसे निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने हालत नाजुक देख उसे रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने शुक्रवार बिना पुलिस सूचना के परियर घाट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। आसीवन थाना क्षेत्र के जारुल्ला नगर गांव का अंकज बीती रात छत पर सो रहा था। रात में पानी पीने के उतरते समय नींद की वजह से वह बिना रेलिंग की छत से नीचे गिर गया। शोर सुनकर दौड़े परिजन उसे मियागंज के निजी अस्पताल ले गए। जहां से डॉक्टर ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को परियर गंगा तट पर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंकज दो भाइयों में बड़ा था। छोटा भाई अनूप है। अंकज सैलून चलाता था। उसकी शादी भी तय थी। इस संबंध में पूछे जाने पर एसओ अखिलेश कुमार तिवारी ने ऐसी किसी सूचना से इंकार किया है।

# डंफर चालक की ट्रेलर की चपेट में आने से मौके पर मौत



जन एक्सप्रेस। नवाबगंज, उन्नाव

अजगैन कोतवाली क्षेत्र में राजमार्ग पर जगदीशपुर मोड़ के समीप डंफर खड़ा कर टायर चेक कर रहे चालक की ट्रेलर की चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई। पीछे वाले ट्रेलर में चालक और क्लीनर केबिन में फंस गये। जिन्हे काफी मसक्कत के बाद निकाल कर घायल अवस्था में जिला अस्पताल भेजा गया। जानकारी के अनुसार लखनऊ कानपुर राजमार्ग पर जगदीशपुर मोड़ के समीप एक डंफर पेट्रोल पंप के पास गाड़ी खड़ी कर अपने टायर चेक कर रहा था। इसी दौरान कानपुर की ओर से आ रहे ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में डंफर चालक महेश पुत्र खिन्नीलाल निवासी ग्राम निबिया खेड़ा थाना सजेती जनपद कानपुर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। वही ट्रेलर में फंसे चालक अंकित कुमार पुत्र संतोष निवासी ग्राम डेरुआ थाना हाता जिला जालौन व क्लीनर शिवशंकर पुत्र बड़ेलाल निवासी ग्राम जैतीपुर रोड कस्बा घाटमपुर कानपुर को निकालने में पुलिस को पसीना आ गया। ट्रेलर का केबिन ध्वस्त हो चुका था, और दोनों उसमें फंस गए। घंटों की मसक्कत के बाद पुलिस चालक व क्लीनर को निकालने में सफल हो पायी। दोनों को गंभीर हालत में पुलिस ने सीएचसी नवाबगंज भेजा। नाजुक हालत के चलते चिकित्सक ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### जाम के झाम में फंसी एंबुलेंस

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। बीते दिन दोपहर करीब साढ़े बारह बजे बैराज मार्ग स्थित नेतुआ की ओर ओवरब्रिज का कार्य होने के कारण वाहन और निर्माण सामग्री सड़क के किनारे डंप होने से जाम लगना शुरू हो गया। इधर नेतुआ से सरैयां क्रासिंग तक का मार्ग संकरा होने के कारण एक बार में एक ही वाहन निकल सके। जिससे एक ओर मरहला और दूसरी ओर नेतुआ गांव के सामने तक भीषण जाम लग गया। जाम को देख मौजूद पीआडी के जवान मशक्कत करते रहे। वाहनों का अधिक भार होने के कारण वाहन रेंगते हुये गुजरे। इसी बीच गेटबूम की गरारी खराब हो गई। जिससे गेटबूम न खुलने से जाम और भीषण हो गया। वहीं साढ़े बारह बजे उन्नाव से कानपुर मरीज लेकर जा रही एम्बुलेंस भी जाम में फंस गई। किसी तरह एम्बुलेंस को बाहर निकाला गया। इस दौरान डेढ़ बजे तक जाम की स्थिति बनी रही।

# अरौल थाना पुलिस ने वांछित को दबोच कर जेल भेजा



जन एक्सप्रेस। बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के अरौल थाना अंतर्गत बुधवार को अरौल इंस्पेक्टर प्रेमचन्द्र और चौकी इंचार्ज मकनपुर राजेश कुमार सिंह ने टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर पोस्को समेत गंभीर मामलों में आरोपी कन्नौज जिले के ठठिया स्थित कछियाना गांव निवासी 21 वर्षीय गौरव श्रीवास्तव पुत्र आदित्य कुमार श्रीवास्तव को मकनपुर विषधन सर्विस रोड के तिराहा पर धर दबोचा। पुलिस के मुताबिक आरोपित युवक मुकदमा नं0 0397 में वांछित है और काफी समय से पुलिस को चकमा देकर फरार है। वहीं गिरफ्तारी के बाद विधिक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया गया।

# ग्रामीणों ने एक लुटेरे को दौड़ा कर पकड़ा, दो भागने में कामयाब

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर तहसील व थाना परिसर के समीप थाना क्षेत्र के खजूरी गांव निवासी राजू की विवाहित बहन शुक्रवार दोपहर अपनी ससुराल से मायके जाने के लिए फर्रुखाबाद से बिल्हौर पहुंची थी। राजू बाइक द्वारा बहन को लेकर बिल्हौर से घर जा रहा था रहमतपुर गांव के सामने एक बाइक पर सवार तीन युवकों ने उन्हें रोक लिया और भाई बहन दोनो लोगों कुछ सुंघा दिया जिससे वह मूर्छित हो गए। लुटेरे महिला के हाथ मौजूद 5 अंगूठी गले में पड़ी चैन और कान में मौजूद बाला व राजू की जेब में पड़े एक हजार रुपए और महिला का पर्स लेकर भागने लगे। इसी बीच वहां से गुजरे बाइक सवार ग्रामीणों ने लूट कर भाग रहे लुटेरों का पीछा किया। बीबीपुर रेलवे क्रासिंग के पास लुटेरों की बाइक फिसलने से तीनों लुटेरे गिर गए और उठकर भागने लगे। इसी बीच पीछे से आ रहे बाइक सवारों के शोर मचाने पर क्रासिंग पर मौजूद ग्रामीणों ने एक लुटेरे को दौड़कर पकड़ लिया जबकि दो लोग मौके से भागने में सफल रहे। पकड़े गए लुटेरे को ग्रामीणों ने पिटाई के बाद पुलिस को सौंप दिया। पकड़े गए लुटेरे की पहचान बरेली निवासी मुहर्रम के रूप में की गई। पुलिस के अनुसार पकड़े गए व्यक्ति से मामले को लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि इतनी दूर का रहने वाला बिल्हौर कस्बे के आसपास कहीं पर निवास बना रखा होगा और यह घटना को अंजाम दे रहे हैं जबकि मोटरसाइकिल होने का मतलब यह है कि पास में ही कहीं यह लोग चुप कर शिकार कर रहे थे और इतनी हिम्मत कि दिनदहाड़े लखनऊ इटावा राजमार्ग पर इतनी व्यस्तता और मार्केट के बीच में महज कोतवाली से 200 मीटर की दूरी पर घटना को अंजाम दिया कोतवाल सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया पूछताछ की जा रही है।

### जाजमऊ चौकी के सामने ही व्यापारी से लूट, बदमाशों को नहीं है पुलिस का खौफ

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। अखलॉक नगर निवासी अब्दुल हक का पुत्र एजाज अहमद जाजमऊ चौकी के सामने परचून की दुकान किए है। रात करीब साढ़े दस बजे वह झोले में 95 हजार रूपये रखकर दुकान बंद कर रहा था, इसी दौरान एक तरफ का शटर बंद किया। दूसरी तरफ का शटर में ताला लगाने के दौरान दो बदमाश वहां पहुंचे और नकदी से भरा झोला छीन लिया। यह देख उसने शोर मचाया। शोर सुन आस पास के लोग दौड़े लेकिन बदमाश गलियों से भाग निकले। अब्दुल ने रूपये छीनने की जानकारी जाजमऊ चौकी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। जिसके बाद उसने गंगाघाट कोतवाली में 95 हजार रूपये छीनने की तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं रूपये छीनने के मामले को लेकर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

# वन विभाग ने केन्द्रीय विद्यालय में आयोजित किया वन महोत्सव

जन एक्सप्रेस । उन्नाव/बिछिया




केंद्रीय विद्यालय में शुक्रवार वन विभाग की ओर से वन महोत्सव का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक पंकज गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी ऋषि राज (आईएएस) उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य महिपाल सिंह का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर सुधांश वर्मा के नेतृत्व मेंअतिथियों का स्वागत विद्यालय की कलर पार्टी द्वारा किया गया। वन विभाग की ओर से विद्यालय में प्रातः 10 बजे से विद्यार्थियों के लिए निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता के पश्चात विजेताओं को नाम घोषित किए गए। इसके उपरांत पौधों की बारात कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंत में माननीय मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा पौधरोपण किया गया। विद्यालय के शिक्षक एम के श्रीवास्तव, श्री गौड़ भी कार्यक्रम के आयोजन में तत्पर रहे।

# गम्भीर बीमारियों से ग्रसित लोगों की सूची तैयार करें : जिलाधिकारी




जन एक्सप्रेस। पंकज यादव

जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में बैठक की गयी। डीएम द्वारा जनपद के तहसीलवार पूर्व में बाढ़ प्रभावित रहे क्षेत्रों व राहत कार्यो के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ली गयी। निर्देश दिये गये कि संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार आपदा राहत व बाढ़ नियंत्रण हेतु पर्याप्त इन्तेजाम सुनिश्चित करा लिए जाएं। सिंचाई विभाग कटान रोकने के लिए पर्याप्त तैयारियां कर ले ताकि बाढ़ को नियंत्रित किया जा सके। समस्त एसडीएम व तहसीलदारों को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्बन्धित तहसील में बाढ़ कन्ट्रोलरूम स्थापित करा लिये जाएं तथा उनके हेल्पलाईन नम्बर सार्वजनिक कर दिये जाए। कन्ट्रोलरूम के माध्यम से बाढ़ संभावित गॉवों से सतत् सम्पर्क रख बाढ़ से सम्बन्धित हालातों पर नजर रखी जाए। उन्होने कहा कि जनपद स्तर पर भी कन्ट्रोलरूम स्थापित कर उनके हेल्पलाइन नम्बरों का प्रचार-प्रसार कर दिया जाए तथा बाढ़ से प्रभावित होने वाले लोगो को तत्काल राहत उपलब्ध करायी जाए।

# पुरातन छात्रों ने गुरुजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया



जन एक्सप्रेस। शुक्लागंज, उन्नाव

गंगा नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में पुरातन छात्रों ने आचार्यों के सम्मान समारोह का आयोजन किया। जहां प्रधानाचार्य डॉ0 अनुपम सिंह ने पुरातन छात्रों को संबोधित करते हुये कहा कि हम अपने शिशुओं में संस्कार युक्त शिक्षा से भावी-पीढ़ी का निर्माण करते हैं।

समय के साथ हमारे विद्यालय से अनेक विद्यार्थी प्रशासनिक पदों एवं डॉक्टर, इंजीनियर, टेक्नीशियन, आर्किटेक्ट और अन्य विभिन्न क्षेत्रों में सफलता हासिल कर विद्यालय के गौरव को बढ़ाया है। हम सभी का सौभाग्य है कि आज हम अपनों के द्वारा सम्मानित हो रहें हैं। उप प्रधानाचार्य सुरेश कुमार सिंह ने कहा कि मैं आज वही दृश्य अपने पुरातन शिशुओं में देख रहा हूं जब वह घर से विद्यालय आते थे। तो सभी को परेशान कर पुनः घर जाने के जिद करते थे। साथ ही आशा की नई किरण के साथ नई दोस्ती के नए समाज में वे संप्रदाय, सम्मान, सहानुभूति, प्रेम, सहिष्णुता, विश्वसनीयता की नींव रखते हैं। इस मौके पर मालती सिंह, सुरेश कुमार सिंह, वीरेन्द्र सिंह के अलावा छात्र आकाश, अमित शुक्ल, कोमल मिश्रा, इन्द्रजीत शुक्ल, मयूरी, आनंद ठाकुर मौजूद रहे।

# मोबाइल चोरी करने वाले तीन शातिर चोरों को पुलिस ने दबोचा



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

रावतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुखबिर की सूचना पर रावतपुर पुलिस व स्वाट टीम पश्चिम ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने शातिर चोरों के पास से चोरी किया हुआ मोबाइल बरामद कर जेल भेजने की कार्रवाई की है।रावतपुर थाना प्रभारी नीरज कुमार ओझा ने बताया कि उपनिरीक्षक करुणा शंकर मिश्रा, संदीप कुमार तितोरिया, शिव प्रताप सिंह मय हमराहियों सहित ब्रह्मदेव चौराहे के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली की तीन शातिर चोर मामा तालाब के पास बन रही बाउंड्री के अंदर बैठे हुए हैं और आपस में चोरी किया हुआ मोबाइल खरीदने व बेचने की बात कर रहे हैं देर ना की जाए तो शातिरों को पकड़ा जा सकता है जिसके उपरांत बताए हुए स्थान पर रावतपुर पुलिस व स्वाट टीम पहुंची जहां शातिर चोरों ने पुलिस को आता देख भागने लगे इस दौरान शातिर चोरों को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा पूछताछ करने पर शातिर चोरों ने अपना नाम मोहम्मद रिजवान उर्फ शेखू अन्ना निवासी ईदगाह कॉलोनी जनपद उन्नाव, मोहम्मद रिहान उर्फ़ मन्नू उस्ताद निवासी मुन्ना पुरवा थाना बजरिया, शिवम गुप्ता निवासी काहू कोठी थाना कलेक्टर गंज बताया तलाशी के दौरान शातिर चोर के पास से चोरी किया हुआ आई फोन मोबाइल बरामद कर जेल भेजने की विधिक कार्रवाई की गई।



*हाईकोर्ट ने कहा, इस केस के अलावा राहुल के खिलाफ कम से कम 10 केस पेंडिंग हैं। ऐसे में सूरत कोर्ट के फैसले में दखल देने की जरूरत नहीं है। कांग्रेस ने गुजरात हाईकोर्ट के फैसले के बाद कहा कि हम अब सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।*

# राहुल की 2 साल की सजा बरकरार

## मोदी सरनेम केस: गुजरात हाईकोर्ट ने सूरत कोर्ट का फैसला कायम रखा, कहा, राहुल के खिलाफ 10 केस पेंडिंग

### आगे क्या

राहुल गुजरात हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील करेंगे। अगर राहुल को इस केस में वहां राहत मिल जाती है तो उनकी सांसदी बहाल हो जाएगी और वे 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ पाएंगे। अगर ऐसा नहीं होता है तो वे 8 साल तक चुनाव नहीं लड़ पाएंगे।

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

गुजरात हाईकोर्ट ने शुक्रवार को मोदी सरनेम केस में राहुल गांधी की 2 साल की सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा, इस केस के अलावा राहुल के खिलाफ कम से कम 10 केस पेंडिंग हैं। ऐसे में सूरत कोर्ट के फैसले में दखल देने की जरूरत नहीं है। कांग्रेस ने गुजरात हाईकोर्ट के फैसले के बाद कहा कि हम अब सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। 23 मार्च 2023 को सूरत की सेशन कोर्ट ने राहुल गांधी को 2 साल की सजा सुनाई थी। हालांकि, इस फैसले के 27 मिनट बाद उन्हें जमानत मिल गई थी। इसके अगले दिन 24 मार्च को राहुल की सांसदी चली गई थी।

### गुजरात हाईकोर्ट ने कहा, इस केस में सजा न्यायोचित

जस्टिस हेमन्त प्रच्छक ने कहा, राहुल के खिलाफ कम से कम 10 क्रिमिनल केस पेंडिंग हैं। इस केस के अलावा उनके खिलाफ कुछ और केस फाइल किए गए हैं। एक तो वीर सावरकर के पोते ने दायर किया है। किसी भी हाल में सजा पर रोक नहीं लगाना अन्याय नहीं है। इस केस में सजा न्यायोचित और उचित है। राहुल गांधी ऐसे आधार पर सजा पर रोक की मांग कर रहे हैं, जिनका कोई अस्तित्व ही नहीं है। सूरत कोर्ट के फैसले में दखल की आवश्यकता नहीं है। याचिका खारिज की जाती है।

### राहुल को 2 साल की सजा हुई, तो सांसदी गई

राहुल की संसद सदस्यता 24 मार्च को दोपहर करीब 2.30 बजे रद्द कर दी गई। वह केरल के वायनाड से लोकसभा सदस्य थे। लोकसभा सचिवालय ने पत्र जारी कर इस बात की जानकारी दी थी। लोकसभा की वेबसाइट से भी राहुल का नाम हटा दिया गया है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 11 जुलाई 2013 को अपने फैसले में कहा था कि कोई भी सांसद या विधायक निचली अदालत में दोषी करार दिए जाने की तारीख से ही संसद या विधानसभा की सदस्यता के लिए अयोग्य घोषित हो जाएगा। कोर्ट ने लिली थॉमस बनाम भारत सरकार के केस में यह आदेश दिया था। कोर्ट का आखिरी फैसला आने तक विधायक या सांसद की सदस्यता खत्म नहीं करने का प्रावधान था।

### राहुल गांधी पर मानहानि के 4 और मुकदमे चल रहे हैं, जिन पर फैसला बाकी...

| 2014 | 2016 | 2018 | 2018 |
|---|---|---|---|
| में राहुल गांधी ने संघ पर महात्मा गांधी की हत्या का आरोप लगाया था। एक संघ कार्यकर्ता ने राहुल पर आईपीसी की धारा 499 और 500 के तहत मामला दर्ज कराया था। ये केस महाराष्ट्र के भिवंडी कोर्ट में चल रहा है। | में राहुल गांधी के खिलाफ असम के गुवाहाटी में धारा 499 और 500 के तहत मानहानि का केस दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के मुताबिक, राहुल गांधी ने कहा था कि 16वीं सदी के असम के वैष्णव मठ बरपेटा सतरा में संघ सदस्यों ने उन्हें प्रवेश नहीं करने दिया। इससे संघ की छवि को नुकसान पहुंचा है। ये मामला भी अभी कोर्ट में पेंडिंग है। | में राहुल गांधी के खिलाफ झारखंड की राजधानी रांची में एक और केस दर्ज किया गया। ये केस रांची की सब-डिविजनल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट की कोर्ट में चल रहा है। राहुल के खिलाफ आईपीसी की धारा 499 और 500 के तहत 20 करोड़ रुपए मानहानि का केस दर्ज है। इसमें राहुल के उस बयान पर आपत्ति जताई गई है, जिसमें उन्होंने 'मोदी चोर है' कहा था। | में ही राहुल गांधी पर महाराष्ट्र में एक और मानहानि का केस दर्ज हुआ। ये मामला मझगांव स्थित शिवड़ी कोर्ट में चल रहा है। आईपीसी की धारा 499 और 500 के तहत मानहानि का केस दर्ज है। केस संघ के कार्यकर्ता ने दायर किया था। राहुल पर आरोप है कि उन्होंने गौरी लंकेश की हत्या को बीजेपी और संघ की विचारधारा से जोड़ा। |

### सांसदी जाने के बाद खाली किया बंगला

राहुल गांधी ने 22 अप्रैल को अपना आधिकारिक बंगला खाली कर दिया। कहा कि यह सच बोलने के लिए चुकाई गई कीमत है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन तक 10 जनपथ पर अपनी मां के आवास पर रहेंगे। इससे पहले, 27 मार्च को लोकसभा सचिवालय ने पूर्व कांग्रेस प्रमुख राहुल गांधी को 22 अप्रैल तक अपना आधिकारिक आवास खाली करने को कहा था।

### तीन मई को क्या हुआ?

तीन मई को दूसरे आवेदन यानी दोषसिद्धि के निलंबन की याचिका पर कोर्ट सुनवाई की। जस्टिस प्रच्छक ने राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई करते हुए उन्हें अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा था कि वह ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद अंतिम आदेश पारित करेंगे।

### अभी क्या हुआ है?

शुक्रवार को गुजरात हाईकोर्ट ने राहुल गांधी की सजा पर रोक की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति हेमंत प्रच्छक ने कहा कि राहुल के खिलाफ कम से कम 10 मामले लंबित हैं। मौजूदा केस के बाद भी उनके खिलाफ कुछ और केस भी दर्ज हुए हैं। ऐसा ही एक मामला वीर सावरकर के पोते ने दायर किया है। न्यायमूर्ति ने कहा कि दोषसिद्धि से कोई अन्याय नहीं होगा। दोषसिद्धि न्यायसंगत एवं उचित है।

### राहुल लोगों के हितों की लड़ाई लड़ रहे, अहंकारी शासन रोकने के लिए हथकंडे आजमा रही: प्रियंका गांधी वाड्रा

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने ''मोदी उपनाम'' वाली टिप्पणी से जुड़े आपराधिक मानहानि मामले में राहुल गांधी की याचिका गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने के बाद शुक्रवार को आरोप लगाया कि अहंकारी सत्ता सच को दबाने के लिए हर हथकंडे आजमा रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी एक 卐अहंकारी शासन卐 के खिलाफ सच्चाई और लोगों के हितों की लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन केंद्र सरकार उनके द्वारा उठाए गए सवालों को दबाने के लिए सभी हथकंडे अपना रही है। राहुल गांधी की याचिका को खारिज करते हुए न्यायमूर्ति हेमंत प्रच्छक ने कहा कि गांधी पहले से ही पूरे भारत में 10 आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांधी को उनकी 卐मोदी उपनाम卐 टिप्पणी के लिए दो साल की जेल की सजा देने का निचली अदालत का आदेश 卐उचित और कानूनी卐 था। प्रियंका गांधी ने ट्विटर पोस्ट में रामधारी सिंह 'दिनकर' की कविता का एक अंश उद्धृत करते हुए मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला, ''समर शेष है, जनगंगा को खुल कर लहराने दो, शिखरों को डूबने और मुकुटों को बह जाने दो, पथरीली ऊंची जमीन है तो उसको तोड़ेंगे, समतल पीटे बिना समर की भूमि नहीं छोड़ेंगे, समर शेष है, चलो ज्योतियों के बरसाते तीर, खंड-खंड हो गिरे विषमता की काली जंजीर।'' प्रियंका गांधी ने कहा, 'राहुल गांधी जी इस अहंकारी सत्ता के सामने सच्चाई और जनता के हितों की लड़ाई लड़ रहे हैं। अहंकारी सत्ता चाहती है कि जनता के हितों के जुड़े सवाल न पूछे जाएं, अहंकारी सत्ता चाहती है कि देश के लोगों की जिंदगियों को बेहतर बनाने वाले सवाल न उठाए जाएं, अहंकारी सत्ता चाहती है कि उनसे महंगाई पर सवाल न पूछे जाएं, युवाओं के रोजगार पर कोई बात न हो, किसानों की भलाई की आवाज न उठे।


# दिल्ली शराब नीति केस में बिजनेसमैन दिनेश अरोड़ा गिरफ्तार

## ईडी ने सिसोदिया का करीबी बताया, पिछले साल सीबीआई ने सरकारी गवाह बनाया था

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली की आबकारी नीति मामले में गुरुवार देर रात ईडी ने बिजनेसमैन दिनेश अरोड़ा को गिरफ्तार कर लिया। उन पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। ईडी ने उन्हें दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया का करीबी बताया है। इसी मामले में सीबीआई के केस में दिनेश अरोड़ा गवाह भी हैं। दरअसल, ईडी और सीबीआई दोनों इस केस की जांच कर रही हैं। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, ईडी की एफआईआर के मुताबिक अरोड़ा ने एक्साइज पॉलिसी को लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की थी। साथ ही वे आप नेता विजय नायर के साथ मिलकर काम कर रहे थे। विजय नायर को ईडी ने पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है, फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में है। दिनेश अरोड़ा दिल्ली के बड़े कारोबारी हैं और रेस्टोरेंट इंडस्ट्रीज से जुड़े हैं।



# त्रिपुरा विधानसभा में टेबल पर चढ़कर विधायकों का हंगामा, 5 सस्पेंड

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



त्रिपुरा विधानसभा के पहले ही दिन शुक्रवार को सदन में बीजेपी और टिपरा मोथा के विधायकों के बीच जमकर हंगामा हुआ। दरअसल, टिपरा मोथा के विधायक अनिमेष देबबर्मा ने भाजपा विधायक जादब लाल नाथ के विधानसभा में पोर्न देखने का मुद्दा उठाया। वे चाहते थे कि इस मुद्दे पर सदन में बात हो, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष ने चर्चा के लिए कुछ अन्य मुद्दे उठाए। इस पर टिपरा मोथा पार्टी और कांग्रेस के विधायकों ने हंगामा और नारेबाजी शुरू कर दी। विधायकों ने मेज पर चढ़कर नारेबाजी की। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष विश्वबंध सेन ने सीपीआई (एम) विधायक नयन सरकार, कांग्रेस के सुदीप रॉय बर्मन और तीन टिपरा मोथा के बृस्वकेतु देबबर्मा, नंदिता रियांग और रंजीत देबबर्मा को दिन भर के लिए निलंबित कर दिया। अध्यक्ष के बाद विपक्षी दलों ने सदन से वॉकआउट कर दिया। विधानसभा में विधायकों के हंगामे से जुड़े वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इसमें कई विधायक मेज पीट रहे हैं। इसके बाद तीन विधायक मेज पर चढ़कर नारेबाजी करने लगते हैं।

### क्या है मामला?

दरअसल, विधानसभा सत्र के दौरान भाजपा और टिपरा मोथा पार्टी के विधायकों के बीच बहस हो गई। विपक्षी दल के नेता अनिमेष देबबर्मा ने त्रिपुरा बागबासा विधानसभा के भाजपा विधायक जादव लक नाथ द्वारा पोर्न फिल्म देखने के मुद्दे पर सवाल किया। सदन के अध्यक्ष ने कुछ अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों के बाद उनसे बात करने की बात कही, लेकिन विपक्षी दलों के विधायकों ने हंगामा और नारेबाजी शुरू कर दी। इसके बाद स्पीकर ने सदन से पांच विधायकों को निलंबित कर दिया।

## तेलंगाना में फलकनुमा एक्सप्रेस की 3 बोगियां जलीं, सभी यात्री सुरक्षित

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

पश्चिम बंगाल के हावड़ा से तेलंगाना के सिकंदराबाद के लिए रवाना हुई फलकनुमा एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में आग लग गई है। जिसके कारण ट्रेन को हैदराबाद से लगभग 45 किलोमीटर दूर बोम्मईपल्ली और पगिडीपल्ली के बीच रोक दिया गया। हादसा सुबह 11.30 बजे हुआ। वक्त रहते सभी यात्री ट्रेन से उतर गए थे। भोंगिर पुलिस के मुताबिक सभी यात्रियों को सुरक्षित निकालने के बाद बसों के जरिए रवाना किया गया। दक्षिण मध्य रेलवे के सीपीआरओ सीएच राकेश ने कहा, फलकनुमा एक्सप्रेस में आग लगने की सूचना मिली थी। सभी यात्री नीचे उतर गए थे। ट्रेन में 18 डिब्बे थे। आग तीन बोगियों एस4, एस5 और एस6 में लगी थी। यदाद्री भोंगिर जिले में फलकनुमा एक्सप्रेस में आग लगने की घटना के बाद दक्षिण मध्य रेल ने कुछ ट्रेनों को रद्द कर दिया है या उनका रूट बदल दिया है।

# कोयंबटूर के डीआईजी विजयकुमार ने आत्महत्या की

## गनमैन से पिस्तौल मांगी, फिर खुद को गोली मारी, करीबियों से कहा था, तनाव में हूं

✳ 2009 बैच के आईपीएस अधिकारी ने इसी साल 6 जनवरी को डीआईजी के तौर पर कार्यभार संभाला था

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



तमिलनाडु में कोयंबटूर रेंज के उप महानिरीक्षक सी विजयकुमार ने आत्महत्या कर ली। उन्होंने सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली। पुलिस के मुताबिक डीआईजी विजयकुमार ने शुक्रवार सुबह लगभग 6:15 बजे शहर के रेड फील्ड्स में बने घर में जान दे दी। उन्होंने यह कदम क्यों उठाया, इसके कारणों का पता लगाया जा रहा है। उनके साथियों के मुताबिक उन्होंने कहा था कि वे पिछले कुछ दिनों से तनाव में हैं। 45 साल के विजयकुमार का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। 2009 बैच के आईपीएस अधिकारी ने इसी साल 6 जनवरी में डीआईजी के तौर पर कार्यभार संभाला था। इसके पहले वे बतौर पुलिस डिप्टी कमिश्नर अन्ना नगर चेन्नई और कांचीपुरम, कड्डुलोर, नागापट्टिनम और तिरुवरुर में पुलिस अधीक्षक के रूप में तैनात रहे।

### रिपोर्ट्स में दावा, पीएसओ की पिस्तौल से मारी गोली

हालांकि, रिपोर्ट्स में यह कहा जा रहा है कि विजयकुमार सुबह टहलने निकले और करीब 6.45 बजे अपने कैंप ऑफिस आए। उन्होंने अपने निजी सुरक्षा अधिकारी से उसकी पिस्तौल मांगी। इसके बाद वे ऑफिस से बाहर आ गए। उन्होंने सुबह करीब 6.50 बजे खुद को गोली मार ली। विजयकुमार ने अपने साथियों से कहा था कि वह कुछ हफ्तों से ठीक से सो नहीं पा रहे हैं और डिप्रेशन में हैं। पिछले कुछ सालों में तमिलनाडु में किसी वरिष्ठ अधिकारी के आत्महत्या करने की यह दूसरी घटना है। सी विजय कुमार से पहले तिरुचेंगोडे की तत्कालीन पुलिस उपाधीक्षक विष्णुप्रिया ने 2015 में नामक्कल में अपने घर पर आत्महत्या कर ली थी।

### यह पुलिस विभाग के लिए नुकसान: सीएम स्टालिन

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने घटना पर दुख व्यक्त किया और कहा कि निधन पुलिस विभाग के लिए एक बड़ा नुकसान है। मुख्यमंत्री ने ट्वीट में लिखा- वह सी विजयकुमार की असामयिक मौत की खबर सुनकर दुखी हैं। विजयकुमार ने तमिलनाडु पुलिस बल की अच्छी सेवा की थी। उनके परिवार, दोस्तों और पुलिस बल के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं और सहानुभूति है।

# नेहा सिंह राठौर पर एफआईआर दर्ज, एमपी पेशाब कांड पर मीम में आरएसएस की ड्रेस में पेशाब करते दिखाया था

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



लोक गायिका नेहा सिंह राठौर की मुश्किलें फिर बढ़ गई हैं। मध्यप्रदेश के पेशाब कांड पर डाले गए एक पोस्ट को लेकर नेहा सिंह के खिलाफ भोपाल में एफआईआर दर्ज हुई है। लोक गायिका पर आरएसएस को बदनाम करने का आरोप है। नेहा सिंह के ऑफिशियल ट्विटर हैंडल से एक फोटो पोस्ट की गई।

इसमें कार्टून के जरिए एक शख्स को एक बैठे हुए शख्स पर पेशाब करते हुए दिखाया गया। पेशाब करने वाले शख्स की वेश-भूषा आरएसएस की ड्रेस जैसी है। इस पर आपत्ति जताते हुए भोपाल के हबीबगंज थाने में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। शिकायत के अनुसार उनकी पोस्ट में सीधी की घटना के आरोपी को आरएसएस की गणवेश पहना बताया गया है। यह शिकायत भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा के मीडिया प्रभारी सूरज खरे ने की है। नेहा ने एफआईआर होने की सूचना सोशल मीडिया पर अपने फॉलोअर्स को दी है। उन्होंने लिखा है कि मध्य प्रदेश के सीधी जिले में भाजपा नेता ने आदिवासी व्यक्ति के सिर पर पेशाब की। इस घटना की आलोचना करने पर मेरे खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी गई है।

### 'एमपी में का बा' लाने की थी तैयारी

नेहा सिंह राठौर यूपी में का बा, बिहार में का बा की तर्ज में एमपी में का बा लाने की तैयारी में है। एक दिन पहले 6 जुलाई को उन्होंने ट्विटर पर लिखा था- एमपी में का बा? कमिंग सून। 6 जुलाई को सुबह 10.39 बजे की गई यह पोस्ट कम समय में ही ट्रेंड में आ गई, लोगों ने नेहा की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देनी शुरू कर दी। इसके साथ नेहा ने जो कार्टून पोस्ट किया, उस पर बीजेपी नेता ने आपत्ति जताई है। गायिका पर आईपीसी की धारा 153ए के तहत एफआईआर दर्ज की गई है, इस एक्ट में आरएसएस और आदिवासी समुदाय में शत्रुता पैदा कराने का आरोप लगाया गया है।

### सीधी कांड का वीडियो भी किया था पोस्ट

बता दें इससे पहले 4 जुलाई को नेहा ने सीधी कांड का वीडियो भी पोस्ट किया था। वीडियो के साथ लिखा- मध्यप्रदेश में आदिवासी युवक पर पेशाब करने वाले भाजपा युवा नेता प्रवेश शुक्ला की यह नीचता असहनीय है। आदिवासियों के प्रति बीजेपी का यही असली चेहरा है? ऐसा होगा आपका हिंदू-राष्ट्र?

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)